   उत्तर– प्रकृति व मानव अविभाज्य तत्व है और इन्हें समग्रता में देखना चाहिए।

3. भूगोलवेत्ताओं ने भौतिक व मानवीय परिघटनाओं का वर्णन मानव शरीर रचना विज्ञान से प्रतीकों का प्रयोग करते हुए किया है। कोई दो उदाहरण दीजिए।

   उत्तर– (i) तूफान की 'आंख'

   (ii) नदी का 'मुख'

   (iii) हिमनदी के 'प्रोथ'

# अध्याय–2

# विश्व जनसंख्याः घनत्व, वितरण एवं विकास

## वितरण

भूपृष्ठ पर लोग किस प्रकार फैले हैं।

विश्व में जनसंख्या का वितरण असमान है।

उदाहरण – एशिया महाद्वीप में विश्व की आधे से अधिक जनसंख्या निवास करती है।

**जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक**

- भौगोलिक
  - जल
  - उच्चवाक्य
  - जलवायु
  - मृदा
  - वर्षा
  - प्राकृतिक वनस्पति
- आर्थिक
  - औद्योगीकरण
  - नगरीकरण
  - परिवहन जाल
- सांस्कृतिक

## घनत्व

$$\text{घनत्व} = \frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल क्षेत्र}}$$

## वृद्धि

किसी क्षेत्रा में समय की निश्चित अवधि के दौरान वहाँ रहने वाले लोगों की संख्या में आए हुए परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि कहते हैं!

- घनात्मक
- ऋणात्मक

**जनसंख्या परिवर्तन के घटक**

- जन्म दर
- मृत्यु दर
- प्रवास

## जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत

यह जनसंख्या में जन्म और मृत्यु दर के कारण होने वाले परिवर्तन को तीन अवस्थाओं में अध्ययन करता है, जो समाज के ग्रामीण परिवेश से नागरीय परिवेश में बदलाव के कारण आते हैं!

| I (पहली अवस्था) | II (दूसरी अवस्था) | III (तीसरी अवस्था) |
|---|---|---|
| जन्म दर ↑ + ↑ मृत्यु दर | ↑ जन्म दर + ↓ मृत्यु दर | ↓ जन्म दर + मृत्यु दर ↓ |
| निम्न जनसंख्या वृद्धि | उच्च जनसंख्या वृद्धि | धीमी जनसंख्या वृद्धि |

**जनसंख्या नियंत्रण के उपाय**

- परिवार नियोजन
- जागरुकता
- शिक्षा
- बड़े परिवारों पर अत्यधिक कर लगाना

## भाग–क

### (बहुविल्पीय प्रश्न, एक अंक वाले)

प्रश्न 1. वह स्थान जहाँ से लोग गमन करते हैं।

(A) गंतव्य स्थान (B) उदगम स्थान

(C) अप्रवास (D) उप्रवास

प्रश्न 2. मिलान करिए

a) आप्रवास i) बेरोजगारी

b) उत्प्रवास ii) रहन सहन की अच्छी दशाएँ

c) प्रतिकर्ष कारक iii) प्रवासी जो किसी स्थान से बाहर चले जाते है।

d) अपकर्ष कारक iv) प्रवासी जो किसी नए स्थान पर जाते है

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| A | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| B | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| C | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| D | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |

प्रश्न 3. निम्न में से कौन सा जनसंख्या परिवर्तन का घटक नही है?

(A) नगरीकरण (B) जन्म

(C) मृत्यु (D) प्रवास

प्रश्न 4. निम्न में से कौन सी दशा जनाकीकीय संक्रमण की अंतिम अवस्था को दर्शाती है

(A) उच्च प्रजननशीलता, उच्च मर्त्यता

(B) महामारियाँ व भोजन की अनिश्चितता

(C) जनसंख्या का अशिक्षित होना

(D) नगरीय जनसंख्या व उच्च तकनीकी ज्ञान

प्रश्न 5. निम्न में से कौन सही सुमेलित नही है?

(A) जन्म – मृत्यु = जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि

(B) जन्म – मृत्यु + आप्रवास – उत्प्रवास = जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि

**(C) प्रति हजार जनसंख्या के पीछे मृतको की संख्या = जन्म दर**

**(D) जनसंख्या का एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना = प्रवास**

**प्रश्न 6. निम्नलिखित में से कौन–सा जनसंख्या के असमान वितरण के लिए उत्तरदायी एक भौतिक कारक है?**

(A) जल की उपलब्धता (B) कृषि विकास

(C) परिवहन जाल (D) नगरीकरण

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किसने कहा– ''एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर कम लोग और कम स्थानों पर बहुत अधिक लोग रहते है।''**

(A) प्रो. अमर्त्य सैन (B) डॉ. महबूब–उल–हक

(C) थॉमस माल्थस (D) जॉर्ज बी. क्रेसी

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से प्रवास के 'प्रतिकर्ष कारक' का चयन कीजिए :**

(A) सामाजिक–आर्थिक पिछड़ापन (B) अनुकूल जलवायु

(C) जीवन–संपत्ति की सुरक्षा (D) शांति व स्थायित्व

**प्रश्न 9. जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि जानने के लिए निम्नलिखित में से कौन–सा सूत्र सही है?**

(A) जन्म + मृत्यु – उत्प्रवास + उत्प्रवास

(B) जन्म + मृत्यु – आप्रवास – उत्प्रवास

(C) जन्म – मृत्यु – आप्रवास + उत्प्रवास

(D) जन्म – मृत्यु + आप्रवास – उत्प्रवास

**प्रश्न 10. किसी देश का वास्तविक धन क्या है?**

(A) प्रौद्योगिकी (B) जनसंख्या

(C) संसाधन (D) मुद्रा

**प्रश्न 11. प्रतिकर्ष और अपकर्ष कारक उत्तरदायी है?**

(A) जनसंख्या वृद्धि के लिए (B) जनसंख्या हास के लिए

(C) जनसंख्या वितरण के लिए (D) प्रवास के लिए

**प्रश्न 12. थॉमस माल्थस ने जनसंख्या और संसाधन से जुड़ा अपना सिद्धांत किस वर्ष दिया?**

(A) 1793 (B) 1799

(C) 1798 (D) 1796

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किस देश की जनसंख्या सबसे अधिक है?**

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका (B) ब्राजील

(C) बांग्लादेश (D) इंडोनशिया

**प्रश्न 14. निम्न में से कौन–सा कथन जनसंख्या विस्फोट की स्थिति को स्पष्ट करता है?**

(A) उच्च जन्म व मृत्यु दर (B) उच्च जन्म व निम्न मृत्यु दर

(C) निम्न मृत्यु व निम्न जन्म दर (D) उच्च जन्म व शून्य मृत्यु दर

**प्रश्न 15. कथनः लोग समतल मैदानों और मंद ढालों पर बसने को वरीयता देते है।**

**कारणः ऐसे क्षेत्र फसलों के उत्पादन, सड़क निर्माण और उद्योगों के लिए अनुकूल होते है।**

**विकल्प**

(A) केवल कथन I सही है।

(B) दोनों कथन I व II सही है व कथन II कथन I की उचित व्याख्या करता है।

(C) केवल कथन II सही है।

(D) दोनों कथन I व II गलत है।

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1-B | 2-C | 3-A | 4-D | 5-C | 6-A |
| 7-D | 8-A | 9-B | 10-B | 11-D | 12-C |
| 13-A | 14-B | 15-B | | | |

## भाग—ख

### (लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)

**प्रश्न 1. जनसंख्या वृद्वि दर क्या है? जनसंख्या की धनात्मक और ऋणात्मक वृद्धि से अंतर कीजिए। (1 + 1 + 1 = 3 अंक)**

उत्तरः किसी क्षेत्र में निश्चित समयावधि में जनसंख्या में होने वाले परिवर्तन को जनसंख्या वृद्वि कहते हैं। जब जनसंख्या परिवर्तन को प्रतिशत में व्यक्त किया है उसे जनसंख्या वृद्वि दर कहते हैं। जनसंख्या वृद्वि दर 2 प्रकार की होती है:—

**(1) जनसंख्या की धनात्मक वृद्वि दर**—किन्ही दो समय अंतरालों के बीच जब जन्म दर, मृत्यु दर से अधिक हो जाती है, तब वह जनसंख्या की धनात्मक वृद्वि दर कहलाती है।

**(2) जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्वि दर**—किन्हीं दो समय अंतरालों के बीच जब जन्मदर, मृत्यु दर से कम हो जाती है, तब वह जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्वि दर कहलाती है।

**प्रश्न 2. संसार में प्रवास के लिए उत्तरदायी अपकर्ष कारकों की समीक्षा कीजिए।**

उत्तर : प्रवास के अपकर्ष कारक गंतव्य स्थान को उद्गम स्थान की अपेक्षा अधिक आकर्षक बनाते हैं। ये कारक निम्न हैं :—

1) काम के बेहतर अवसर
2) रहन—सहन की अच्छी दशाएँ
3) शान्ति व स्थायित्व
4) अनुकूल जलवायु
5) जीवन व सम्पत्ति की सुरक्षा

**प्रश्न 3. संसार में जनसंख्या प्रवास के लिए उत्तरदायी प्रतिकर्ष कारकों की समीक्षा कीजिए।**

उत्तर : प्रवास के प्रतिकर्ष कारक उद्गम स्थान को उदासीन स्थल बनाते है। इन कारणों की वजह से लोग इस स्थान को छोड़कर चले जाते है। ये प्रमुख कारक निम्न है :—

1) रहन – सहन की निम्न दशाएँ
2) राजनैतिक अशांति
3) प्रतिकूल जलवायु
4) प्राकृतिक विपदाएँ
5) महामारियाँ
6) आर्थिक पिछड़ापन

**प्रश्न 4. जनसंख्या परिवर्तन के तीन प्रमुख कारकों को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : जनसंख्या परिवर्तन के तीन प्रमुख घटक निम्न है।

1) **जन्मदर** :– अशोधित जन्म दर को प्रति हजार स्त्रियों द्वारा जन्म दिए गए जीवित बच्चों के रूप में व्यक्त किया जाता है। इसके उच्च होने या निम्न होने का जनसंख्या परिवर्तन से सीधा संबंध है।

2) **मृत्युदर** :– मृत्युदर भी जनसंख्या परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाती है। जनसंख्या वृद्धि केवल बढ़ती जन्मदर से ही नहीं होती अपितु घटती मृत्युदर से भी होती है।

3) **प्रवास** :– प्रवास के द्वारा जनसंख्या के आकार में परिवर्तन होता है इसके अन्तर्गत उद्‌गम स्थान को छोड़कर जाना व गंतव्य स्थान पर आकर बसना दोनों सम्मिलित है। प्रवास स्थायी व मौसमी दोनों प्रकार का हो सकता है। यह जनसंख्या परिवर्तन में योगदान देता है।

**प्रश्न 5. किसी क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि व ह्रास के कारण विकास किस प्रकार प्रभावित होता है?**

उत्तर : किसी देश की जनसंख्या वृद्धि वहाँ के आर्थिक विकास पर धनात्मक व ऋणात्मक दोनो प्रकार का प्रभाव डाल सकती है।

**जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न समस्याएँ** :–

1) संसाधनों पर अत्याधिक भार।
2) संसाधनों का तीव्र गति से ह्रास।
3) जनसंख्या के भरण पोषण में कठिनाई।
4) विकास की गति का अवरूद्ध होना।

**जनसंख्या ह्रास के परिणाम** :–

1) संसाधनों का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता।
2) समाज की आधारभूत संरचना स्वयं ही अस्थिर हो जाती है।
3) देश का भविष्य चिंता व निराशा में डूब जाता है।

**प्रश्न 6. जनसंख्या नियन्त्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सरकार क्या तरीके अपना रही है ?**

उत्तर :
1) परिवार नियोजन कार्यक्रमों का प्रसार
2) अच्छे गर्भ निरोधकों का सरलता से उपलब्ध कराना।
3) शिक्षा का प्रसार, विशेषकर स्त्रियों में।

## भाग—ग

### (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1. विश्व में जनसंख्या के वितरण एंव घनत्व को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए।**

**या**

**'विश्व में जनसंख्या का वितरण असमान है। 'इस कथन के संदर्भ में प्रमुख कौन्–से कारक जनसंख्या वितरण को प्रभावित करते हैं?**

उत्तर : विश्व में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक निम्न है।

**1. प्राकृतिक कारक**

**(क) उच्चावच** :— पर्वतीय, पठारी अथवा ऊबड़—खाबड़, प्रदेशों में कम लोग रहते हैं जबकि मैदानी क्षेत्रों में लोगों का निवास अधिक होता है क्योंकि इन क्षेत्रों में भूमि उर्वरक होती है और कृषि की जा सकती है। यही कारण है कि नदी घाटियों जैसे गंगा, ब्रह्मपुत्र, हांग—हो आदि की घाटियाँ अधिक घनी बसी है।

**(ख) जलवायु** :— अत्याधिक गर्म या अत्याधिक ठंडे भागों में कम जनसंख्या निवास करती है। ये विरल जनसंख्या वाले क्षेत्र हैं जैसे मरूस्थल व पहाड़ी क्षेत्र मानसून प्रदेशों में अधिक जनसंख्या निवास करती है – जैसे एशिया के देश।

**(ग) मृदा** :— जनसंख्या के वितरण पर मृदा की उर्वरा शक्ति का बहुत प्रभाव पड़ता है। उपजाऊ मिट्टी वाले क्षेत्रों में खाद्यान्न तथा अन्य फसलें अधिक पैदा की जाती हैं तथा प्रति हैक्टेयर उपज अधिक होती है। इसलिए नदी घाटियों की उपजाऊ मिट्टी वाले क्षेत्र अधिक घने बसे हैं।

**(घ) खनिज पदार्थ** :— विषम जलवायु होने पर भी उपयोगी खनिजों की उपलब्धता से लोग वहाँ बसने लगते हैं। उदाहरण के लिए, सऊदी अरब के भीषण गर्मी वाले क्षेत्र में खनिज तेज के मिल जाने से अधिक घने बसे हैं। कालगूर्डी और कूलगर्डी की गर्म जलवायु में सोने की प्राप्ति तथा अलास्का में तेल कुओं की उपलब्धता के कारण वहाँ अधिक लोग रहते हैं।

**(ङ) वनस्पति** :— अधिक घने वनों के कारण भी जनसंख्या अधिक नहीं पाई जाती है लेकिन कोणधारी वनों की आर्थिक उपयोगिता अधिक है। इसलिए लोग उन्हें काटने के लिए वहाँ बसते हैं।

**(च) जल की उपलब्धता** :– जल जीवन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटक है। अतः लोग उन क्षेत्रों में बसते हैं। जहाँ जल आसानी से उपलब्ध होता है। उदाहरण– नदी–घाटियाँ

2) **आर्थिक कारक** :–

**(क)** परिवहन का विकास :– परिवहन के साधनों के विकास से लोग दूर के क्षेत्रों से परिवहन के बेहतर साधनों से जुड़ जाते हैं विश्व के सभी परिवहन साधनों से जुड़े क्षेत्र सघन आबाद हैं।

**(ख)** नगरीकरण और औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों और नगरीय केन्द्रों की वृद्धि एक उच्च जनसंख्या घनत्व को आकर्षित करती है।

3) **धार्मिक एंव सांस्कृतिक कारक** :–

**क) धार्मिक कारक** :– धार्मिक कारणों से लोग अपने देश छोड़ने को मजबूर हो जाते है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान यहूदियों को यूरोप छोडकर रेगिस्तान क्षेत्र में नया देश इजराइल बसाना पड़ा था। इसी प्रकार दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद नीति के कारण जनसंख्या का वितरण प्रभावित हुआ है।

**ख) राजनैतिक कारक** :– किसी देश में गृह युद्ध, अशान्ति आदि के कारण भी जनसंख्या वितरण पर प्रभाव पड़ता है उदाहरण के लिए, फारस की खाड़ी का युद्ध, श्रीलंका में जातीय संघर्ष आदि के कारण जनसंख्या का पलायन हुआ।

**प्रश्न 2. किसी देश की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ने पर वहाँ आर्थिक विकास पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**

उत्तर : जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के कारण अनेक प्रकार की आर्थिक और सामाजिक समस्याएँ उत्पन्न हो जाती है :

1. **भोजन की समस्या** :– तीव्र गति से जनसंख्या की वृद्धि के कारण भोजन पदार्थों की आवश्यकता की पूर्ति कठिन हो जाती है।
2. **आवास की समस्या** :– बढती जनसंख्या के कारण निवास स्थानों की कमी होती जा रही है। लाखों लोग झुग्गी तथा झोपड़ी में निवास करते हैं।

3. **बेरोजगारी** :– जनसंख्या वृद्धि के कारण बेकारी एक गम्भीर समस्या के रूप में उभर कर सामने आई है। आर्थिक विकास कम हो जाने से रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं और बेरोजगारी बढ़ जाती है।

4. **निम्न जीवन स्तर** : अधिक जनसंख्या के कारण प्रति व्यक्ति आय कम हो जाती है इसलिए स्तर गिर जाता है।

5. **जनसंख्या का कृषि पर अधिक दबाव** : बढ़ती जनसंख्या को खाद्यान्नों की पूर्ति करने के लिए कृषि योग्य भूमि पर दबाव बढ़ जाता है।

6. **बचत में कमी** : जनसंख्या वृद्धि के कारण कीमतें बढ़ जाती है तथा बचत कम होती है।

7. **स्वास्थ्य** : नगरों में गन्दगी बढ़ जाती है स्वास्थ्य और सफाई का स्तर नीचे गिर जाता है।

**प्रश्न 3. जनांकिकीय संक्रमण अवस्थाओं को चित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त किसी क्षेत्र की जनसंख्या के वर्णन तथा भविष्य की जनसंख्या के पूर्वानुमान लगाने में मदद करता है। इस सिद्धान्त के अनुसार जैसे–जैसे कोई देश या समाज ग्रामीण खेतीहर और अशिक्षित से उन्नति करके नगरीय औद्योगिक और साक्षर बनता है तो उस समाज में उच्च जन्म व उच्च मृत्युदर से निम्न जन्म व निम्न मृत्युदर की स्थिति आने लगती है ये परिवर्तन विभिन्न अवस्थाओं में होते हैं। इन्हे सामूहिक रूप से जनांकिकीय चक्र कहते हैं। ये अवस्थाएँ निम्न प्रकार हैं:–

**प्रथम अवस्था** : प्रथम अवस्था में उच्च जन्मदर और उच्च मृत्युदर होती है। जनसंख्या वृद्धि धीमी होती है और अधिकतम लोग प्राथमिक व्यवसाय में कार्यरत होते हैं। बड़े परिवार संपत्ति माने जाते हैं जीवन प्रत्याशा निम्न होती है।

**द्वितीय अवस्था** : इस अवस्था में आरंभ में उच्च जन्मदर बनी रहती है किन्तु समय के साथ घटती है। इस अवस्था में मृत्युदर घट जाती है। जन्मदर व मृत्युदर में अंतर के कारण जनसंख्या तेजी से बढ़ती है। बाद में घटने लगती है।

**तृतीय अवस्था** :– इस अवस्था में जन्म दर तथा मृत्युदर बहुत कम हो जाती है। लगभग संतुलन की स्थिति होती है। जनसंख्या या तो स्थिर हो

जाती है अथवा बहुत कम वृद्धि होती है। इस अवस्था में जनसंख्या शिक्षित हो जाती है तथा तकनीकी ज्ञान के द्वारा विचार पूर्वक परिवार के आकार को नियन्त्रित करती है।




## भाग – घ
## स्रोत आधारित प्रश्न

1. दिए गए चित्र का सावधनीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:




**अत्यधिक सघन जनसंख्या वाले देश**

**प्रश्न 1. सबसे सघन जनसंख्या वाले देश का नाम लिखिए।**

उत्तर : चीन

**प्रश्न 2. चित्र में एशिया महाद्वीप के कुल कितने देशों को दर्शाया गया है?**

उत्तर : 6

**प्रश्न 3. एशिया में भू–आकृति किस प्रकार जनसंख के घनत्व को प्रभावित करती है?**

उत्तर : लोग समतल मैदानों और मंद ढालो पर बसने को वरयिता देते हैं क्योंकि ऐसे क्षेत्रों में कृषि करना सड़क निर्माण और उद्योग को स्थापित करना आसान होता है।

2 निम्नलिखित ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन–सी जनांकिकीय संक्रमण की अंतिम अवस्था की विशेषता है? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(A) प्रजननशीलता और मर्त्यता दोनों में पर्याप्त रूप से गिरावट आती है।

(B) जनसंख्या वृद्धि मध्यम रूप से उच्च है।

(C) लोग अधिकांशतः कृषि में संलग्न हैं।

(D) प्रौद्योगिकीय अनुप्रयोग मध्यम रूप से निम्न है। Ans. (A)

**प्रश्न 2. जनांकिकीय संक्रमण की प्रथम अवस्था से संबंधित निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही है?**

(A) प्रथम अवस्था में उच्च प्रजननशीलता और उच्च मर्त्यता है।

(B) जनसंख्या वृद्धि उच्च है।

(C) अधिकांश लोग औद्योगिक क्रियाकलापों से जुड़े हैं।

(D) जीवन–प्रत्याशा मध्यम है। Ans. (A)

**प्रश्न 3. जनांकिकीय संक्रमण की द्वितीय अवस्था पर निम्नलिखित में से कौन-सा लागू होता है? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(A) द्वितीय अवस्था मर्त्यता दर में कमी के रूप में चिहिन्त है।

(B) स्वास्थ्य और स्वच्छता की दशाएँ प्रथम अवस्था के अनुरूप बनी रहीं।

(C) उच्च जन्म दर के बावजूद, उच्च मृत्यु दर जनसंख्या को कम कर देती है।

(D) द्वितीय अवस्था के प्रथम अर्द्ध के अंत तक जन्म दर और मृत्यु दर के मध्य अंतर कम है।

Ans. (A)

**निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 2 के स्थान पर हैं।**

**प्रश्न 1. जनांकिकीय संक्रमण की निम्नलिखित में से किस अवस्था के अंतर्गत देश उच्च विकसित होता है?**

(A) प्रथम अवस्था

(B) द्वितीय अवस्था का प्रथम अर्द्ध भाग

(C) द्वितीय अवस्था का द्वितीय अर्द्ध भाग

(D) अंतिम अवस्था

Ans. (D)

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से कौन-सा देश जनांकिकीय संक्रमण की अंतिम अवस्था में है?**

(A) श्रीलंका (B) बांग्लादेश (C) जापान (D) केन्या

Ans. (C)

**प्रश्न 3. जनांकिकीय संक्रमण की निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था जन्म और मृत्यु की उच्च दरों के साथ लगभग स्थिर जनसंख्या दर्शाती है? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

(A) प्रथम अवस्था

(B) द्वितीय अवस्था का प्रथम अर्द्ध भाग

(C) द्वितीय अवस्था का द्वितीय अर्द्ध भाग

(D) अंतिम अवस्था

Ans. (A)

# अध्याय–3

# मानव विकास

संकल्पना = डॉ. महबुब उल हक द्वारा 1990 दी गई। अमर्त्य सेन ने इसका विकास किया

**मानव विकास के स्तंभ**

- समता
- सतत पोषणीयता
- उत्पादकता
- सशक्तिकरण

**मानव विकास सूचकाक का मापन**

- शिक्षा
  - सकल नामंकन दर
  - प्रौढ़ साक्षरता दर
- स्वास्थ्य
  - जीवन प्रत्यशा
- संसाधनों तक पहुँच
  - क्रय शक्ति के रूप में $(अमेरिकन डॉलर में)

**मानव विकास के उपागम**

- आय उपागम
- कल्याण उपागम
- आधरभूत आवश्यकता उपागम
  - अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
- क्षमता उपागम
  - डॉ. अमर्त्य सेन

**मानव विकास सूचंकाक का वर्णन**

- UNDP के द्वारा प्रतिवर्ष रिर्पाट जारी करना। (1990)
- न्यूनतम स्कोर = 0, अधिकतम स्कोर = 1
  - न्यूनतम स्कोर = 0 → कम विकसित
  - अधिकतम स्कोर = 1 → विकसित

## भाग—क
## (बहुविल्पीय प्रश्न, एक अंक वाले)

**प्रश्न 1. मानव विकास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।**

(i) मानव विकास की अवधारणा का प्रतिपादन अमर्त्य सेन द्वारा किया गया था।

(ii) मानव विकास की अवधारणा मे सभी प्रकार के विकास का केन्द्र बिन्दु पर्यावरण हैं।

(iii) मानव विकास का मूल उद्देश्य ऐसी दशाओं को उत्पन्न करना है जिनमें लोग सार्थक जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

उपयुक्त कथनों में से कौन–सा / से सही नहीं है / हैं।

A) केवल (i) और (ii)
B) केवल (ii) और (iii)
C) केवल (iii)
D) (i), (ii), (iii)

**प्रश्न 2. मिलान कीजिए।**

| | |
|---|---|
| 1) आय अपागम | (i) संसाधनों तक पहुँच के लिए मानव क्षमताओं का निर्माण |
| 2) कल्याण उपागम | (ii) मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था |
| 3) आधारभूत आवश्यकता उपागम | (iii) सरकार द्वारा मानव कल्याण पर व्यय |
| 4) क्षमता उपागम | (iv) आय का स्तर उँचा होने पर, मानव विकास का स्तर भी उँचा होगा। |

**विकल्पः**—

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| A | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| B | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| C | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| D | (iv) | (i) | (ii) | (i) |

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं हैं?**

A) समता – प्रत्येक व्यक्ति को उपलब्ध अवसरों के लिए – समान पहुँच की व्यवस्था करना।

B) सतत पोषणीयता – अवसरों की उपलब्धता में निरंतरता

C) उत्पादकता – प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग भविष्य को ध्यान में रख कर करना

D) सशक्तीकरण – सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए समूहों का सशक्तीकरण

**प्रश्न 4. निम्न में से कौन मानव विकास रिपोर्ट को प्रकाशित करता हैं?**

A) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

B) विश्व स्वास्थ्य संगठन

C) विश्व बैंक

D) विश्व आर्थिक मंच

**प्रश्न 5. मानव विकास सूचकांक की प्रथम रिपोर्ट कब जारी हुई।**

(A) 1985 (B) 1987 (C) 1980 (D) 1990

**प्रश्न 6. मानव विकास के मापन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।**

(i) मानव विकास सूचकांक मानव विकास में प्राप्तियों का मापन करता हैं।

(ii) मानव विकास के मापन के संबंध में संसाधनों तक पहुँच क्रयशक्ति के संदर्भ में मापा जाता है।

(iii) मानव विकास सूचकांक में स्वास्थ्य का मूल्यांकन करने के लिए जन्म के समय जीवन–प्रत्याशा सूचक को चुना जाता है।

**उपयुक्त कथनों में से कौन सा/से सही है।**

A) केवल (i) और (ii) B) केवल (iii)

C) केवल (ii) और (iii) D) (i),(ii),और(iii)

**प्रश्न 7. नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन के अनुसार विकास का कौन–सा मुख्य उद्देश्य है।**

(A) भाईचारे में वृद्धि (B) स्वतंत्रता में वृद्धि

(C) लोकतंत्र में वृद्धि (D) समानता

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किस संगठन ने आधारभूत आवश्यकता उपागम प्रस्तावित किया?**

(A) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (B) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

(C) विश्व स्वास्थ्य संगठन (D) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

**प्रश्न 9. मानव विकास के मध्यम स्तर में निम्नलिखित में से कौन–सा देश आता है?**

(A) नार्वे (B) कनाड़ा

(C) भारत (D) सिंगापुर

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में कौन–सा मानव विकास का प्रमुख क्षेत्र नहीं है?**

(A) संसाधनों तक पहुँच (B) लम्बा और स्वस्थ्य जीवन

(C) शिक्षा (D) गरीबी

**प्रश्न 11. निम्नलिखित अर्थशास्त्रियों में से किसने 1990 में मानव विकास सूचकांक प्रतिपादित किया?**

(A) प्रो. अमर्त्य सेन (B) डॉ. मनमोहन सिंह

(C) डॉ. महबूब–उल–हक (D) एलन. सी. सेपल

**प्रश्न 12. वृद्धि और विकास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।**

1. विकास मात्रात्मक होता है।
2. वृद्धि का अर्थ गुणात्मक परविर्तन है।
3. वृद्धि धनात्मक अथवा ऋणात्मक हो सकती है, विकास उस समय होता है जब गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा सही है :

(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 3

(C) केवल 2 और 3 (D) केवल 1, 2 और 3

**प्रश्न 13. निम्न में से कौन–से मानव विकास के स्तंभ है?**

1. समत
2. सतत पोषणीयता
3. उत्पादकता
4. सशक्तीकरण

विकल्प

(A) केवल 1, 2 व 4
(B) केवल 3
(C) केवल 2 और 4
(D) 1, 2, 3 व 4

**प्रश्न 14. यू.एन.डी.पी. का विस्तृत रूप है :**

(A) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(B) संयुक्त राष्ट्र विकास परियोजना
(C) संयुक्त देश विकास कार्यक्रम
(D) संयुक्त राष्ट्र निम्नीकरण कार्यक्रम

**प्रश्न 15. मानव विकास सूचकांक के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए। और सही कथनों के युग्म का चयन कीजिए।**

1. मानव विकास सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा और संसाधनों तक पहुँच जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निष्पादन के आधार पर देशो का क्रम तैयार करता है।
2. यह क्रम 0 से 1 के बीच के स्कोर पर आधारित होता है।
3. स्कोर, 1 के जितना निकट होता है मानव विकास का स्तर उतना ही निम्न होता है।

(A) केवल 1 व 2
(B) केवल 3
(C) केवल 1
(D) केवल 2

## उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1-A | 2-A | 3-C | 4-A | 5-D | 6-D |
| 7-B | 8-A | 9-C | 10-D | 11-C | 12-B |
| 13-D | 14-A | 15-A | | | |

## भाग–ख

## (लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)

**प्रश्न 1. "विकास का अर्थ गुणात्मक परिवर्तन से है जो मूल्य सापेक्ष होता है" किन्हीं तीन तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि करो।**

**उत्तरः**

1. विकास तब ही सार्थक माना जाता है, जब वर्तमान दशाओं में वृद्धि हो।
2. विकास तब होता है जब सकारात्मक वृद्धि होती है।
3. परन्तु केवल सकारात्मक वृद्धि होना ही विकास ही नहीं है। विकास उस समय होता है जब गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन होता है। अर्थात् किसी स्थान पर यदि जनसंख्या बढ़ने के साथ–साथ उसकी मूलभूत सेवाओं की व्यवस्था भी बढ़ जाती है, जब वह वृद्धि के साथ विकास कहा जाऐगा।

**प्रश्न 2. विकास और वृद्धि में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर :

1. वृद्धि समय के संदर्भ के मात्रात्मक एंव मूल्य निरपेक्ष परिवर्तन को सूचित करती है। यह धनात्मक व ऋणात्मक दोनों हो सकती है।
2. विकास का अर्थ गुणात्मक परिर्वन से है जो मूल्य सापेक्ष होता है।
3. विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक वर्तमान दशाओं में सकारात्मक वृद्धि ना हो। यह गुणात्मक एवं पूर्ण सकारात्मक परिवर्तन की सूचक है।

**प्रश्न 3. डॉ. महबूब उल हक द्वारा मानव विकास का वर्णन किस प्रकार किया गया है ?**

उत्तर :

1. विकास मानव के लिए विकल्पों में वृद्धि करता है।
2. मानव विकास जीवन में सार्थक सुधार लाता है।
3. विकास परिवर्तनशील है इसका उद्देश्य ऐसी दशाऐं उत्पन्न करना है जिसमें लोग सार्थक जीवन जी सकें।

**प्रश्न 4. विश्व में मानव विकास के 'कल्याण उपागम' की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : मानव विकास के कल्याण उपागम की प्रमुख विशेषताएँ।

1. यह उपागम मानव को सभी विकासात्मक गतिविधियों के लाभार्थी के रूप में देखता है।

2. यह उपागम शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सुख साधनों पर उच्चतर सरकारी व्यय का तर्क देता है।

3. लोग विकास में प्रतिभागी नहीं है किन्तु वे केवल निष्क्रिय प्राप्तकर्त्ता है।

4. सरकार कल्याण पर अधिकतम व्यय करके मानव विकास के स्तरों में वृद्धि करने के लिए उत्तरदायी है।

**प्रश्न 5. संसार में मानव विकास के 'आधारभूत आवश्यकता उपागम' को स्पष्ट कीजिए ?**

उत्तर : इस उपागम को मूल रूप से अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने प्रस्तावित किया था।

1. छः न्यूनतम आवश्यकता जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, जलापूर्ति, स्वच्छता और आवास की पहचान की गई थी और इन आवश्यकताओं की पूर्ति सबसे पहले आवश्यक है।

2. इसमें मानव विकल्पों की वृद्धि पर जोर नहीं दिया गया है।

3. मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था पर जोर दिया गया है।

**प्रश्न 6. संसार के विभिन्न देशों में मानव विकास के निम्न अथवा उच्च स्तर क्यों दिखाई पड़ते हैं ? उपयुक्त कारण देकर उत्तर की पुष्टि करें?**

उत्तर : उच्च स्तर वाले देश :–

1. इन देशों में सेवाओं जैसे शिक्षा एंव स्वास्थ्य पर सरकार द्वारा अत्याधिक निवेश किया जाता है तथा इन सेवाओं को उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होती है।

2. राजनैतिक शांति एवं सामाजिक स्थिरता यहाँ पर पाई जाती है।

3. यहाँ बहुत अधिक सामाजिक विविधता नहीं है।

4. इन देशों में नार्वे, आईसलैंड, आस्ट्रेलिया, लेक्जेमबर्ग, कनाडा आदि।

**निम्न स्तर वाले देश :–**

1. सामाजिक सेवाओं में सरकार द्वारा आवश्यक निवेश किया जाता है।

2. इन देशों में प्रतिरक्षा एवं गृह युद्ध शान्त करने में अधिक व्यय होता है।

3. अधिकांश देशों में आर्थिक विकास की गति बहुत धीमी है।

4. अधिकांश देश राजनैतिक उपद्रवों, गृहयुद्ध, सामाजिक अस्थिरता, अकाल अथवा बीमारियों के दौर से गुज़र रहे हैं।

**प्रश्न 7. सतत पोषणीयता' मानव विकास के लिए किस प्रकार आवश्यक है?**

उत्तर : 1. सतत् पोषणीयता का अर्थ है अवसरों की निरतंरता ।

2. सभी पर्यावरणीय, वित्तीय व मानवीय संसाधनों का उपयोग भविष्य को ध्यान में रखकर करना चाहिए ताकि प्रत्येक पीढ़ी को समान अवसर मिल सके।

3. इन संसाधनों में से किसी भी एक का दुरूपयोग भावी पीढ़ियों के लिए अवसरों को कम करेगा।

**प्रश्न 8. किसी देश / क्षेत्र के आकार व प्रति व्यक्ति आय का मानव विकास से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है '' – कैसे? स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**''मानव विकास की अंतराष्ट्रीय तुलनाएँ रूचिकर हैं।'' उपयुक्त उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : किसी प्रदेश के आकार व प्रति व्यक्ति आय का मानव विकास से प्रत्यक्ष संबंध नही है क्योंकि,

1. प्रायः मानव विकास में बडे देशों की अपेक्षा छोटे देशों का कार्य बेहतर रहा है। मानव विकास का स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक विकास से मापा जाता है जो देश के आकार से प्रभावित नहीं होते।

2. मानव विकास में अपेक्षाकृत निर्धन राष्ट्रों का कोटि क्रम धनी पड़ोसियों से ऊँचा रहा है।

3. छोटी अर्थव्यवस्थाएँ जैसे श्रीलंका व टोबैगो का मानव विकास सूचकाँक भारत से ऊँचा है वहीं कम प्रति व्यक्ति आय के बावजूद मानव विकास में केरल का प्रर्दशन पंजाब व गुजरात से कहीं बेहतर है।

## भाग–ग

## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1. मानव विकास के विभिन्न उपागमों को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : मानव विकास से सम्बन्धित समस्याओं के लिए अनेक उपागम है। उनमें से कुछ महत्वपूर्ण निम्न है :–

**आय उपागम** :– यह मानव के सबसे पुराने उपागमों में से एक है। इसमें मानव विकास को आय के साथ जोड़कर देखा जाता है। आय का उच्च स्तर विकास के ऊंचे स्तर को दर्शाता है।

**कल्याण उपागम** :– यह उपागम मानव को लाभार्थी अथवा सभी विकासात्मक गतिविधियों के लक्ष्य के रूप में देखता है। सरकार कल्याण पर अधिकतम व्यय करके मानव विकास के स्तरों में वृद्धि करने के लिए जिम्मेदार है।

**आधारभूत आवश्यकता उपागम** :– इस उपागम को मूलरूप से अन्तराष्ट्रीय श्रम संगठन ने प्रस्तावित किया था। इसमें छः न्यूनतम् आवश्यकताओं जैसे–शिक्षा, भोजन, जलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य और आवास की पहचान की गई थी। इनमें मानव विकल्पों के प्रश्न की उपेक्षा की गई है।

**क्षमता उपागम** :– इस उपागम का संबंध प्रो. अमर्त्य सेन से है। संसाधनों तक पहुंच के क्षेत्रों में मानव क्षमताओं का निर्माण करना बढ़ते मानव विकास की कुंजी है।

**प्रश्न 2. मानव विकास सूचकांक का मापन किस प्रकार किया जाता है ? महत्वपूर्ण सूचकों को संदर्भ में रखते हुए स्पष्ट करे।**

उत्तर : संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 'मानव विकास लोगों के विकल्पों को विकसित व परिवर्द्धित करने की प्रक्रिया है। मानव विकास सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा तथा संसाधनों तक पहुंच जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निष्पादन के आधार पर देशों का क्रम तैयार करता है। यह क्रम 0 से 1 के बीच के स्कोर पर आधारित होता है, जो किसी देश के मानव विकास सूचकों के रिकार्ड से प्राप्त किया जाता है। इसके महत्वपूर्ण सूचक –

1. **स्वास्थ्य**– स्वास्थ्य का मूल्यांकन करने के लिए जन्म के समय जीवन प्रत्याशा को सूचक माना है। उच्च जीवन प्रत्याशा का अर्थ है लोगों के पास अधिक लम्बा व स्वस्थ जीवन जीने के अधिक अवसर हैं।

2. **शिक्षा**– प्रौढ़ साक्षरता दर व सकल नामांकन अनुपात शिक्षा को प्रदर्शित करते हैं जिसे पढ़ लिख सकने वाले व्यस्कों की संख्या व

विद्यालयों में नामांकित बच्चों की संख्या से ज्ञात किया जाता है।

3. **संसाधनों तक पहुँच**— इसे क्रय (अमेरिका $) शक्ति के संदर्भ में मापा जाता हैं।

इनमें से प्रत्येक आयाम को 1/3 अंक भारित दी जाती है और मानव विकास सूचकांक इन सभी आयामों को दिए गए अंको का कुल योग होता है।

**प्रश्न 3. मानव विकास से आपका क्या अभिप्राय है ? मानव विकास के चार प्रमुख स्तम्भों का वर्णन कीजिए ?**

उत्तर : डा. महबूब—उल—हक के अनुसार —

''मानव विकास का अभिप्राय ऐसे विकास से है जो लोगों के विकल्पों में वृद्धि करता है और उनके जीवन में सुधार लाता है। विकास का मूल उद्देश्य ऐसी दशाओं को उत्पन्न करना है जिनमें लोग सार्थक जीवन व्यतीत कर सकें।''

**मानव विकास के चार स्तम्भ :—**

1. **समता** :— उपलब्ध अवसरों में प्रत्येक व्यक्ति को समान भागीदारी मिलना ही समानता है। लोगों को उपलब्ध अवसर लिंग, प्रजाति, आय और भारत के संदर्भ में जाति के भेदभाव के विचार के बिना समान होने चाहिए।
2. **सतत् पोषणीयता** :— सतत् पोषणीयता का अर्थ अवसरों की उपलब्धि में निरन्तरता है। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक पीढ़ी को समान अवसर मिलें। भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखकर पर्यावरणीय, वित्तीय और मानव संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। इनमें से किसी भी संसाधन का दुरूपयोग भावी पीढ़ी के लिए अवसरों को कम करेगा।
3. **उत्पादकता** :— यहाँ उत्पादकता शब्द का प्रयोग मानव श्रम की उत्पादकता के संदर्भ में किया जाता है। लोगों को समर्थ और सक्षम बनाकर मानव श्रम की उत्पादकता को निरन्तर बेहतर बनाना चाहिए। लोगों के ज्ञान को बढ़ाने के प्रयास तथा उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने से उनकी कार्य क्षमता बेहतर होगी।
4. **सशक्तीकरण** :— सशक्तिकरण का तात्पर्य आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े हुए लोगों को हर तरह से समर्थ बनाना। जिससे वे विकल्प चुनने के लिए स्वतंत्र रहे।

## स्रोत आधारित प्रश्न

1. दिए गए स्रोत का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए व प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

**उच्च मानव विकास की विशेषताएँ**-उच्च मानव विकास समूह में 53 देश सम्मिलित हैं। आप पाएँगे कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्धा कराना सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि उच्चतर मानव विकास वाले देश वे हैं जहाँ सामाजिक खंड में बहुत निवेश हुआ है। लोगों और सुशासन में उच्चतर निवेश ने इस वर्ग के देशों को अन्य देशों से सर्वथा अलग कर दिया है।

इनमें से अनेक देश पूर्व साम्राज्य शक्तियाँ रही हैं। इन देशों में सामाजिक विविधता का स्तर उच्च नहीं है। उच्च मानव विकास स्कोर वाले देश यूरोप में अवस्थित हैं और वे औद्योगिककृत पश्चिमी विश्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिर भी गैर-यूरोपीय देशों की संख्या आश्चर्यचकित करने वाली है, जिन्होंने इस सूची में अपना स्थान बनाया है।

1. उच्च मानव विकास सूचकांक वाले देशों में निम्नलिखित में से कौन-सी महत्वपूर्ण प्राथमिकता है? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

   (A) शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा

   (B) स्वास्थ्य सेवा एवं प्रादेशिक सुरक्षा

   (C) शिक्षा और औद्योगिक विकास

   (D) आर्थिक विकास और प्रति व्यक्ति आय

   उत्तर-(A)

2. निम्नलिखित में से कौन-सा उच्च मानव विकास वाले देशों को अन्य देशों से अलग करता है? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

   (A) उच्च सकल घरेलू उत्पाद

   (B) सामाजिक क्षेत्रक में उच्च निवेश

   (C) उच्च औद्योगिकरण

   (D) उच्च प्रति व्यक्ति आय

   उत्तर-(B)

3. उच्च मानव विकास सूचकांक की श्रेणी के अंतर्गत कितने देश हैं? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

   (A) 51 (B) 52 (C) 53 (D) 54

   उत्तर-(C)

2. दिए गए स्रोत का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए व प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मानव विकास की अंतर्राष्ट्रीय तुलनाएँ कुछ अत्यंत रुचिकर परिणाम दर्शाती हैं। प्राय: लोग मानव विकास के निम्न स्तरों के लिए लोगों की संस्कृति को दोष देते हैं। उदाहरणार्थ 'क' देश में मानव विकास इसलिए कम हुआ है क्योंकि उसके लोग 'ख' धर्म का अनुसरण करते हैं अथवा 'ग' समुदाय के हैं। ऐसे वक्तव्य भ्रांतिपूर्ण हैं।

एक प्रदेश में मानव विकास के निम्न अथवा उच्च स्तर क्यों दर्शाए जाते है यह समझने के लिए सामाजिक सेक्टर पर सरकारी व्यय के प्रतिरूप को देखना या जानना महत्त्वपूर्ण है।

देश का राजनीतिक परिवेश तथा लोगों को उपलब्ध स्वतंत्रता भी महत्वपूर्ण है। मानव विकास के उच्च स्तरों वाले देश सामाजिक सेक्टरों में अधिक निवेश करते हैं और राजनैतिक उपद्रव और अस्थिरता से प्राय: स्वतंत्र होते हैं। इन देशों में संसाधनों का वितरण भी अपेक्षाकृत समान है।

दूसरी ओर मानव विकास के निम्न स्तरों वाले देश सामाजिक सेक्टरों की बजाय प्रतिरक्षा पर अधिक व्यय करते हैं। यह दर्शाता है कि ये देश राजनीतिक अस्थिरता वाले क्षेत्रों में पड़ते हैं और त्वरित आर्थिक विकास प्रारंभ नहीं कर पाए हैं।

1. लोग मानव विकास के निम्न स्तर के लिए निम्न में से किस कारण को उत्तरदायी ठहराते हैं?

   (A) लोगों की संस्कृति (B) देश की भौतिक संरचना

   (C) देश की जलवायु (D) देश की संवैधानिक व्यवस्था

   उत्तर–(A)

2. निम्न में से कौन सी विशेषता विकास के उच्च स्तर वाले देशों में नहीं पाई जाती?

   (A) सामाजिक क्षेत्र में उच्च निवेश (B) राजनैतिक अस्थिरता

   (C) संसाधनों का समान वितरण (D) स्वतन्त्रता

   उत्तर–(B)

3. मानव विकास के निम्न स्तर वाले देश अपनी आय का अधिकांश भाग व्यय करते हैं। निम्न में से किस क्षेत्र में करते हैं?

   (A) शिक्षा पर (B) सामाजिक सेक्टर पर

   (C) प्रतिरक्षा पर (D) स्वास्थ्य पर

   उत्तर–(C)

# पाठ–4
# प्राथमिक क्रियाएँ



## विभिन्न कृषि प्रणालियाँ तथा प्रमुख क्षेत्र

| | | |
|---|---|---|
| चलवासी पशुचारण | – | उत्तरी अफ्रीका, यूरोप तथा एशिया के टुंड्रा प्रदेश, दक्षिण पश्चिमी अफ्रीकातथा मेडागास्कर दीप |
| वाणिज्य पशुपालन | – | न्यूजीलैण्ड, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटाइना, संयुक्त राज्य अमेरिका। |
| आदिकालीन निर्वाह कृषि | – | अफ्रीका, दक्षिण व मध्य अमेरिका का उष्णकटिबंधीय भाग तथा दक्षिण पूर्वी एशिया। |
| विस्तृत वाणिज्य | – | स्टेपीज यूरेशिया के, उ. अमेरिका के प्रेयरीज, अर्जेंटाइना के पम्पास, द. अफ्रीका का वेल्डस, आस्ट्रेलिया का डाउन्स तथा न्यूजीलैण्ड के कैंटरबरी घास के मैदान। |
| डेयरी कृषि | – | उत्तरी पश्चिम यूरोप, कनाडा तथा न्यूजीलैण्ड व आस्ट्रेलिया एवं तस्मानिया। |
| सहकारी कृषि | – | पश्चिम यूरोप के डेनमार्क, नीदरलैण्ड बेल्जियम, स्वीडन तथा इटली। |
| पुष्पोत्पादन | – | नीदरलैंड– (ट्यूलिप) |
| उद्यान कृषि | – | पश्चिम यूरोप व उत्तरी अमेरिका |
| मिश्रित कृषि | – | अत्याधिक विकसित भाग जैसे उत्तरी अमेरिका, उ. पश्चिमी यूरोप, यूरेशिया के कुछ भाग तथा दक्षिणी महाद्वीप के समशीतोष्ण अक्षांश वाले भाग |
| सामूहिक कृषि | – | सोवियत संघ (कोलखहोज) |
| भूमध्य सागरीय कृषि | – | दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका में टयूनिशिया, द. कैलिफोर्निया, मध्यवर्ती चिली, द. अफ्रीका का द. प. भाग आदि। |
| सहकारी कृषि | – | डेनमार्क, नीदरलैण्ड बेल्जियम, स्वीडन, इटली। |

## भाग–क

## (बहुविल्पीय प्रश्न, एक अंक वाले)

**प्रश्न 1. प्राथमिक कार्यकलाप करने वाले लोगों को किस प्रकार के श्रमिक कहते है?**

(A) श्वेत कालर (B) लाल कालर

(C) नीला कालर (D) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 2. चुविंगगम** (Chweing Gum) **को बनाने के लिए किस पेड़ का इस्तेमाल होता है।**

(A) शीशम (B) पीपल

(C) जेपोटा (D) नीम

**प्रश्न 3. निम्न कथनों को पढ़कर सही उत्तर चुने :**

1. कथन : विश्व में चलवासी पशुचारकों की संख्या अब घट रही है।

2. कथन : राजनीतिक सीमाओं का निर्धारण हो रहा है।

(A) दोनों कथन सही है पर कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या नहीं करता।

(B) दोनों कथन सही है तथा कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या करता है।

(C) दोनों कथन गलत है।

(D) कथन 1 सही है पर कथन 2 गलत है।

**प्रश्न 4. गहन निर्वाह कृषि मुख्य रूप से कहाँ की जाती है।**

(A) मध्य एशिया (B) मानसून एशिया

(C) यूरोप (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**प्रश्न 5. निम्न में से क्या सही नहीं है?**

(A) ट्रक कृषि – सब्जियों को ट्रक द्वारा दूर स्थित बाजार भेजना

(B) आदिकालीन निर्वाह कृषि – कर्त्तन तथा दहन कृषि कहते है

(C) रोपण कृषि – कई प्रकार की फसले उगाते है

(D) डेरी कृषि – अधिक पूंजी की आवश्यकता

**प्रश्न 6. निम्न में से कौन–सा देश पुष्प उत्पादन में विशिष्टीकरण रखता है?**

(A) भारत (B) श्रीलंका

(C) नीदरलैंड (D) कनाडा

**प्रश्न 7. चावल प्रधान तथा चावल रहित किस प्रकार की कृषि की विशेषता है?**

(A) रोपण कृषि (B) गहन निर्वाह कृषि

(C) मिश्रित कृषि (D) डेरी कृषि

**प्रश्न 8. गुज्जर, बकरवाल तथा भूटिया लोग किस पर्वतीय क्षेत्र में रहते है?**

(A) रॉकी (B) एंडीज

(C) हिमालय (D) आल्पस

**प्रश्न 9. डेनमार्क जाना जाता है :**

(A) मिश्रित कृषि (B) पशुपालन

(C) सहकारी कृषि (D) रोपण कृषि

**प्रश्न 10. झूमिंग, मिल्पा तथा लादांग किस प्रकार की कृषि के नाम है।**

(A) रोपण (B) आदि कालीन निर्वाह

(C) डेरी (D) मिश्रित कृषि

**प्रश्न 11. किस प्रकार की कृषि में खट्टे फलों का उत्पादन मुख्य विशेषता है।**

(A) रोपण (B) मिश्रित

(C) भूमध्यसागरीय (D) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 12. डेरी कृषि की निम्न में से क्या विशेषता नहीं है?**

(A) नगरों के समीप (B) प्रशीतकों का प्रयोग

(C) अधिक पूंजी (D) श्रम अंतराल का होना

**प्रश्न 13. यूरोपीय उपनिवेशवादियों ने किस प्रकार की खेती विकसित की?**

(A) रोपण (B) ट्रक कृषि

(C) निर्वाह (D) मिश्रित

**प्रश्न 14. सहकारी कृषि आंदोलन किस देश में सर्वाधिक सफल रहा?**

(A) भारत (B) चीन

(C) इटली (D) डेनमार्क

**प्रश्न 15. निम्न को पढ़े तथा सही मिलान करे :**

| **(वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र)** | **(नाम)** |
|---|---|
| (I) यूरेशिया | 1. स्टेपीज |
| (II) उत्तर अमेरिका | 2. प्रेयरीज |
| (III) अर्जेंटाइना | 3. पपांस |
| (IV) दक्षिण अफ्रीका | 4. वेल्ड |

**प्रश्न 16.** ''बहुत सारी जीथों की प्रजातियों विलुप्त हो गई है या विलुप्ती की कगार पर है गैर कानूनी शिकार के कारण'' ऐसा पुराने समय के शिकारियों द्वारा क्यों न हुआ?

(A) वे आधुनिक हथियारों का प्रयोग करते थे।

(B) प्राथमिक स्तर के हथियारों का प्रयोग

(C) पुराने समय में शिकार करना प्रतिबाधित था

(D) ज्यादा संख्या में शिकार किया जाता था

Options :

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) | | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 1 | 2 | 3 | 4 | C | 4 | 3 | 2 | 1 |
| B | 2 | 1 | 4 | 3 | D | 2 | 1 | 3 | 4 |

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 - B | 2 - C | 3 - B | 4 - B | 5 - C | 6 - C |
| 7 - B | 8 - C | 9 - C | 10 - B | 11 - C | 12 - D |
| 13 - A | 14 - D | 15 - A | 16 - B | | |

## भाग–ख

## (लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)

**प्रश्न 1. खनन क्या है तथा इसे कौन–से कारक प्रभावित करते हैं?**

**उत्तरः** पृथ्वी के अंदर से धातुओं व अयस्को को प्राप्त करना खनन है।

1. भौतिक – निक्षेप का आकार, श्रेणी व अवस्था
2. आर्थिक – मांग, तकनीक व ज्ञान, पूंजी, यातायात, श्रम

**प्रश्न 2. खनन की विधियाँ कौन–सी हैं?**

उत्तर :

1. उपस्थिति की अवस्था व अयस्क की प्रकृति के आधार पर खनन के दो प्रकार हैं।
2. भूमिगत या कूपकी खनन जिसमें लिफ्ट की सहायता ली जाती है।
3. धरातलीय या विवृत खनन जब खनिज धरातल के निकट हो। यहाँ खनन का सबसे सस्ता तरीका है।

## भाग–ग

## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1. डेरी कृषि की सफलता किन बातों पर निर्भर करती है?**

**अथवा**

**"नगरीकरण के कारण डेरी कृषि का विकास हुआ हैं।" उदाहरण सहित समझाइए।**

**अथवा**

**डेरी कृषि का क्या महत्व है? विश्व में यह नगरीय और औद्योगिक केंद्रों के निकट मुख्य रूप से क्यों की जाती है।**

**अथवा**

**डेरी कृषि की विशेषतायें बताइये**

उत्तर :

1. **अर्थ** – यह एक विशेष प्रकार की कृषि है, जिसके अन्तर्गत पशुओं को दूध के लिए पाला जाता है, और उनके स्वास्थ्य, प्रजनन एवं चिकित्सा पर विशेष ध्यान दिया जाता है।
2. **पूँजी** – पशुओं के लिए छप्पर, घास संचित करने के भंडार एवं दुग्ध उत्पादन में अधिक यंत्रों के प्रयोग के लिए पूँजी भी अधिक चाहिए।
3. **श्रम** – पशुओं को चराने, दूध निकालने आदि कार्यों के लिए वर्ष भर श्रम की आवश्यकता होती हैं।
4. नगरीय और औद्योगिक क्षेत्रों में विकसित यातायात के साधन प्रशीतकों का उपयोग तथा पाश्चुरीकरण की सुविधा उपलब्ध होने के कारण इन केंद्रों के निकट स्थापित की जाती है।
5. **बाजार** – डेरी कृषि का कार्य नगरीय एवं औद्योगिक केंद्रों के समीप किया जाता हैं, क्योंकि ये क्षेत्र ताजा दूध एवं अन्य डेरी उत्पाद के अच्छे बाजार होते हैं।
6. **मुख्य क्षेत्र** –(1) उत्तरी पश्चिमी यूरोप

   (2) कनाडा

   (3) न्यूजीलैंड, दक्षिण पूर्वी, आस्ट्रेलिया एवं तस्मानिया।

**प्रश्न 2. भूमध्य सागरीय कृषि की विशेषताएँ बताइये।**

उत्तर : 1. यह कृषि भूमध्यसागरीय जलवायु वाले प्रदेशों में की जाती है।

2. यह विशिष्ट प्रकार की कृषि है, जिसमें खट्टे फलों के उत्पादन पर विशेष बल दिया जाता है।

3. यहाँ शुष्क कृषि भी की जाती है। गर्मी के महीनों में अंजीर और जैतून पैदा होते हैं।

4. शीत ऋतु में जब यूरोप एवं संयुक्त राज्य अमेरिका में फलों एवं सब्जियों की माँग होती है, तब इसी क्षेत्र से इसकी आपूर्ति की जाती है।

5. इस क्षेत्र के कई देशों में अच्छे किस्म के अंगूरों से उच्च गुणवत्ता वाली मदिरा (शराब) का उत्पादन किया जाता है।

**प्रश्न 3. चलवासी पशुचारण और वाणिज्य पशुधन पालन में अंतर बताइये।**
**(CBSE Exam 2010)**

**संसार में चलवासी पशुचारकों के जीवन जीने के तरीको का वर्णन कीजिए। (2017)**

**अथवा**

**चलवासी पशुचारण की परिभाषा लिखिए। इसकी किन्ही चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**अथवा**

**किन्ही पाँच भिन्नता प्रतिपादक बिन्दुओं का उल्लेख करते हुए चलवासी पशुचारण और वाणिज्य पशुधन पालन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**संसार में चलवासी पशुचारण की किन्ही पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : चलवासी पशुचारण

1. **अर्थ** – चलवासी पशुचारण में पशुपालक समुदाय चारे एवं जल की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमते रहते हैं।

2. **पूँजी** – यह पूँजी प्रधान नहीं है। पशुओं को प्राकृतिक परिवेश में पाला जाता है।

3. **पशुओं की देखभाल** – पशु प्राकृतिक रूप से बड़े होते हैं और उनकी विशेष देखभाल नहीं की जाती।

4. **पशुओं के प्रकार** – चलवासी पशुपालक एक ही समय में विभिन्न प्रकार के पशु रखते हैं। जैसे सहारा व एशिया के मरुस्थलों में भेड़, बकरी व ऊँट पाले जाते हैं।

5. **क्षेत्र** – यह पुरानी दुनिया तक की सीमित है। इसके तीन प्रमुख क्षेत्र हैं–

   क) उत्तरी अफ्रीका के अटलांटिक तट से अरब प्रायद्वीप होते हुए मंगोलिया एवं मध्य चीन

   ख) यूरोप व एशिया के टुंड्रा प्रदेश

   ग) दक्षिण पश्चिम अफ्रीका एवं मेडागास्कर द्वीप।

**वाणिज्य पशुधन पालन**

1. **अर्थ** – वाणिज्य पशुधन पालन एक निश्चित स्थान पर विशाल क्षेत्र वाले फार्म पर किया जाता है और उनके चारे की व्यवस्था स्थानीय रूप से की जाती है।

2. **पूँजी** – चलवासी पशुचारण की अपेक्षा वाणिज्य पशुधन पालन अधिक व्यवस्थित एवं पूँजी प्रधान है।

3. **पशुओं की देखभाल** – पशुओं को वैज्ञानिक तरीके से पाला जाता है और उनकी विशेष देखभाल की जाती है।

4. **पशुओं के प्रकार** – इसमें उसी विशेष पशु को पाला जाता है जिसके लिए वह क्षेत्र अत्यधिक अनुकूल होता है।

5. **क्षेत्र** – यह मुख्यतः नई दुनिया में प्रचलित हैं। विश्व में न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटाइना, युरुग्वे, संयुक्त राज्य अमेरीका में वाणिज्य पशुधन पालन किया जाता है।

**प्रश्न 4. 'मिश्रित कृषि' की विशेषताएं बताते हुये इसके प्रमुख क्षेत्रों के नाम लिखिए।**

उत्तर :

1. इस प्रकार की कृषि में फसल उत्पादन एवं पशुपालन दोनों को समान महत्व दिया जाता हैं। फसलों के साथ–साथ पशु जैसे मवेशी, भेड़, सुअर, कुक्कुट आय के प्रमुख स्रोत है।
2. चारें की फसलें मिश्रित कृषि के मुख्य घटक हैं।
3. इस कृषि में खेतों का आकार मध्यम होता है।
4. इसमें बोई जाने वाली अन्य फसलें गेहूँ, जौ, राई, जई, मक्का, कंदमूल प्रमुख है। शस्यावर्तन एवं अंतः फसली कृषि मृदा की उर्वरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
5. इस प्रकार की कृषि विश्व के अत्यधिक विकसित भागों में की जाती है, जैसे उत्तरी पश्चिमी यूरोप, उत्तरी अमेरिका का पूर्वी भाग, यूरेशिया के कुछ भाग एवं दक्षिणी महाद्वीपों के समशीतोष्ण अंक्षाश वाले भाग।

**प्रश्न 5. आदिमकालीन निर्वाह कृषि की विशेषताएँ बताए।**

उत्तर :

1. **अर्थ आदिमकालीन** – निर्वाह कृषि, कृषि का वह प्रकार है जिसमें कृषक अपने व अपने परिवार के भरण पोषण (निर्वाह) हेतु उत्पादन करता है। इसमें उत्पाद बिक्री के लिए नहीं होते। आदिमकालीन निर्वाह कृषि का प्राचीनतम रूप है, जिसे स्थानांतरी कृषि भी कहते हैं, जिसमें खेत स्थाई नहीं होते।
2. **खेत का आकार** – खेत छोटे–छोटे होते हैं।
3. **कृषि की पद्धति** – इसमें किसान एक क्षेत्र के जंगल या वनस्पतियों को काटकर या जलाकर साफ करता है। खेत का उपजाऊपन समाप्त होने पर उस स्थान को छोड़कर भूमि का अन्य भाग कृषि हेतु तैयार करता है।
4. **औजार** – औजार पारम्परिक होते हैं, जैसे लकड़ी, कुदाली एवं फावड़े।
5. **क्षेत्र** – ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्र जहाँ आदिम जाति के लोग यह कृषि करते हैं:–

(1) अफ्रीका

(2) उष्णकटिबंधीय दक्षिण व मध्य अमेरीका

(3) दक्षिण पूर्वी एशिया।

**प्रश्न 6. चावल प्रधान गहन निर्वाह कृषि की मुख्य विशेषताएं बताए?**

**अथवा**

**संसार में गहन निर्वाह कृषि मुख्यत: कहाँ की जाती है? गहन निर्वाह कृषि के दोनो प्रकारो को स्पष्ट कीजिए**

**अथवा**

**संसार के विभिन्न देशो में प्रचलित निर्वाह कृषि के दो प्रकार कौन से है? निर्वाह कृषि के इन प्रकारों की मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**अथवा**

**संसार में प्रचलित निर्वाह कृषि की किन्ही पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए (2016)**

**(A) चावल प्रधान गहन निर्वाह कृषि**

उत्तर :

1. **अर्थ** – इस प्रकार की कृषि में लोग परिवार के भरण पोषण के लिए भूमि के छोटे से टुकड़े पर काफी बड़ी संख्या में लोग चावल की कृषि में लगे होते हैं। यहाँ भूमि पर जनसंख्या का दबाव अधिक होता है।

2. **मुख्य फसल** – जैसा कि इस कृषि के नाम से ही पता चलता है कि इसमें चावल प्रमुख फसल होती है। सिंचाई वर्षा पर निर्भर होती है।

3. **खेतों का आकार** – अधिक जनसंख्या घनत्व के कारण खेतों का आकार छोटा होता है तथा खेत एक दूसरे से दूर होते हैं।

4. **श्रम** – भूमि का गहन उपयोग होता है एवं यंत्रों की अपेक्षा मानव श्रम का अधिक महत्व है। कृषि कार्य में कृषक का पूरा परिवार लगा रहता है।

5. **प्राकृतिक खाद** – भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए पशुओं के गोबर की खाद एवं हरी खाद का उपयोग किया जाता है।

6. **क्षेत्र** – मानसून एशिया के घने बसे प्रदेश।

**b. चावल रहित गहन निर्वाह कृषि।**

उत्तर : 1. इस कृषि में चावल मुख्य फसल नहीं होती है और इसके स्थान पर गेहूँ, सोयाबीन, जौ तथा सोरपम आदि फसलें बोई जाती है।

2. यह कृषि उन क्षेत्रों में की जाती है, जहाँ पर चावल की फसल के लिए पर्याप्त वर्षा नहीं होती इसलिए इसमें सिंचाई की जाती है।

3. इस प्रकार की कृषि में भूमि पर जनसंख्या का दबाव अधिक रहता हैं।

4. खेत बहुत ही छोटे तथा बिखरे हुए होते हैं।

5. मशीनों के स्थान पर खेती के अधिकतर कार्य पशुओं द्वारा होते है।

6. मुख्य क्षेत्रों में उत्तरी कोरिया, उत्तरी जापान, मंचूरिया, गंगा सिंधु के मैदानी भाग (भारत) हैं।

**प्रश्न 7. रोपण कृषि की मुख्य विशेषताएँ बताइये।**

**अथवा**

**संसार के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित रोपण कृषि की किन्ही पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।** **(2017, 2019)**

उत्तर : 1. **अर्थ** – रोपण कृषि एक व्यापारिक कृषि है जिसके अन्तर्गत बाजार में बेचने के लिए चाय, कॉफी, कोको, रबड़, कपास, गन्ना, केले व अनानास की पौध लगाई जाती है।

2. **खेत का आकार** – इसमें कृषि क्षेत्र (बागान) का आकार बहुत बड़ा होता है।

3. **पूँजी निवेश** – बागानों की स्थापना व उन्हें चलाने, रखरखाव के लिए अधिक पूँजी की आवश्यकता होती है।

4. **तकनीकी व वैज्ञानिक विधियाँ** – इसमें उच्च प्रबंध तकनीकी आधार तथा वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है।

5. **एक फसली कृषि** – यह एक फसली कृषि है जिसमें एक फसल के उत्पादन पर ही ध्यान दिया जाता है।

6. **श्रम** – इसमें काफी श्रमिकों की आवश्यकता होती है। श्रम स्थानीय लोगों से प्राप्त किया जाता है।

7. **परिवहन के साधन** – परिवहन के साधन सुचारु रूप से विकसित होते हैं जिसके द्वारा बागान एवं बाजार भली प्रकार से जुड़े रहते हैं।

8. **क्षेत्र** – इस कृषि को यूरोपीय एवं अमेरिकी लोगों ने अपने अधीन उष्ण कटिबंधीय उपनिवेशों में स्थापित किया था।

**प्रश्न 8. "भोजन संग्रह एंव आखेट जनजातीय समाजों के जीवन निर्वाह के लिए आदिमकालीन आर्थिक क्रियाएँ हैं, परंतु आधुनिक समय में भोजन संग्रह के कार्य का व्यापारीकरण भी हो गया है" इस कथन की जाँच कीजिए।**

**अथवा**

**भोजन संग्रहण प्राचीनतम आर्थिक क्रिया है, परन्तु विश्व स्तर पर भोजन संग्रहण का अधिक महत्व नही है।" इस कथन को प्रमाणित कीजिए।**

उत्तरः भोजन संग्रहक कीमती पौधों की पत्तियों, छाल औषधीय पौधों को बाजार में बेचने के उद्देश्य से इनको संग्रहीत करते हैं।

पोधों के विभिन्न भागों का ये उपयोग करते हैं। जैसे–छाल का उपयोग कुनेन, चमड़ा तैयार करना एवं कार्क के लिए।

दृढ़ फल को भोजन एवं तेल के लिए एकत्रित किया जाता है। अनेक उद्योगों में पेड़ के तने का उपयोग रबड़, बनाना, गोंद व राल बनाने के लिए किया जाता है, पेड़ की पत्तियों का उपयोग पेय पदार्थ, दवाइयाँ तथा कांतिवर्धक वस्तुएँ बनाने के लिए किया जाता है।

**प्रश्न 9. संसार में प्रचलित वाणिज्य पशुधन पालन की किन्ही पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (2014)**

**अथवा**

**संसार में वाणिज्य पशुधनपालन व्यवस्थित और पूंजी प्रधान गतिविधि हैं इस कथन को प्रमाणित किजिए।** (Comptt. 2017)

उत्तर 1. वाणिज्य पशुधन पालन अधिक व्यवस्थित एवं पूँजी प्रधान है।

2. पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित, इसमें फार्म स्थायी होते हैं, जो विशाल क्षेत्र

पर फैले होते है जिन्हें छोटी–छोटी इकाइयों में बाँट दिया जाता है।

3. चराई के नियंत्रण के लिए बाड़ लगाकर इन इकाइयों को एक दूसरे से अलग कर दिया जात है।
4. पशुओं की संख्या चरागाह की वहन क्षमता के अनुसार रखी जाती हें
5. एक विशिष्ट गतिविधि है, जिसमें एक ही प्रकार के प्रशु पाले जाते है!
6. प्रमुख पशुओं में भेड़, बकरी, गाय–बैल एवं घोड़े हैं।
7. पशुफार्म में पशुधन पालन वैज्ञानिक आधार पर व्यवस्थित किया जाता है।
8. विशेष ध्यान पशुओं के प्रजनन, मानसिक सुधार, बिमारियों पर नियन्त्रण तथा उनके स्वास्थय पर दिया जाता हैं। इस प्रकार प्रत्येक कार्य के लिए पूंजी आवश्यक हैं।

**प्रश्न10. किन्ही पाँच भिन्नता प्रतिपादक बिन्दुओं का उल्लेख करते हुये, सहकारी कृषि और सामूहिक कृषि में अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर

1. सरकारी कृषि में कृषक स्वेच्छा से अपने संसाधनों का समाहित कर, सहाकरी संस्था बनाकर कृषि कार्य सम्पन्न करते हैं, जबकि सामूहिक कृषि में उत्पादन के साधनों का स्वामित्व सम्पूर्ण समाज एवं सामूहिक श्रम पर आधारित होता है।
2. सहकारी कृषि में व्यक्तिगत फार्म अक्षुण्ण रहते हैं, परन्तु सामूहिक कृषि में कृषक अपने सभी संसाधनो को मिलाकर कृषि करते हैं, किन्तु भूमि का छोटा सा हिस्सा अपने अधिकार में रख सकते हैं।
3. सहकार समितियाँ कृषकों की सभी रूपों में सहायता करती हैं परन्तु सामूहिक कृषि में सरकार सभी तरह से नियन्त्रण करती है।
4. सहकारी समितियाँ अपने उत्पादों को अनुकूल शर्तो पर बेचती हैं, सामूहिक कृषि में उत्पादन को सरकार ही निर्धारित मूल्य पर खरीदती है।
5. डेनमार्क, नीदरलैंड, बेल्जियम, स्वीडन, इटली आदि यूरोप के देशों में

## भाग–घ
## स्रोत आधारित प्रश्न

**प्रश्न 1. निम्नलिखित को ध्यान से पढ़ें तथा प्रश्नों के उत्तर दें।**

चलवासी पशुचारण एक प्राचीन जीवन–निर्वाह व्यवसाय रहा है पर अब इन लोगों की संख्या घट रही है। चलवासी पशुचारण की अपेक्षा वाणिज्य पशुपालन अधिक व्यवस्थित तथा पुंजी प्रधान है। इसमें फार्म विशाल होते हैं तथा बाड़ लगाकर चराई को नियंत्रित किया जाता है। वाणिज्य पशुपालन एक विशिष्ट गतिविधि है जिसमें एक ही प्रकार के पशु पाले जाते हैं जैसे भेड़, बकरी, गाय–बैल आदि। इसे वैज्ञानिक आधार पर व्यवस्थित किया जाता है। इसके मुख्य क्षेत्र न्यजीलैंड, USA तथा आस्ट्रेलिया है।

प्रश्न :

1. चलवासी पशुचारकों का क्षेत्र वाणिज्य पशुपालन के अपेक्षा क्यों सिकुड़ रहा है?
2. वाणिज्य पशुपालन ने चलवासी पशुचारण का स्थान क्यों लिया है?
3. वाणिज्य पशुपालन से बहुत प्रकार के पशु क्यों नहीं पाले जाते?

उत्तर :

1. राजनीतिक सीमाओं का अधिरोपण तथा कई देशों में नई बस्तियों की योजनाओं से चलवासियों की संख्या घट रही है।
2. वाणिज्य पशुपालन में फार्म स्थायी होते हैं तथा बाड़ लगाकर चराहे को नियंत्रित करते हैं। पशुओं की संख्या भी चरागाह की क्षमता के अनुसार रखी जाती है जबकि चलवासी पशुचारण में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं होती।
3. वाणिज्य पशुपालन में पशुओं के प्रजनन, उचित स्वास्थ्य तथा वैज्ञानिक विधियों पर जोर दिया जाता है। इसके लिए एक ही प्रकार के पशु पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

# अध्याय–5

# द्वितीयक क्रियाएँ

## उद्योगों का वर्गीकरण



## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1 सीमेन्ट उद्योग किस प्रकार के उद्योग की श्रेणी में आता है?**

(A) कृषि आधारित (B) रसायन आधारित

(C) खनिज आधरित (D) वन आधारित

**प्रश्न 2 निम्नलिखित में कौन सा एक कार्य द्वितीयक सेक्टर से संबंन्धित नहीं है?**

(A) टोकरी बुनना (B) वस्त्र निमार्ण

(C) इस्पात प्रगलन (D) बीमा कार्य

**प्रश्न 3 कौन–सा उद्योग किसी भी स्थान पर स्थापित में स्थापित हो सकता है?**

(A) मोटरकार उद्योग (B) चीनी उद्योग

(C) स्वछंद उद्योग (D) फर्नीचर उद्योग

**प्रश्न 4 भारत में प्रौधोगिकी ध्रुव का एक उदाहरण नगर है?**

(A) अहमदाबाद (B) बेंगलूरू

(C) दिल्ली (D) लखनऊ

**प्रश्न 5 व्यावसायिक श्रमिकों को ........................कालर श्रमिक एवं वास्तविक उत्पादन श्रमिकों को ................ ........कालर श्रमिक कहते है।**

(A) सफेद, नीला (B) पीला, लाला

(C) सफेद, सुनहरा (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**प्रश्न 6 निम्नलिखित में से किस तरह के उद्योगों में स्वामित्व निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र दोनों का होता है?**

(A) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग (B) निजी क्षेत्र के उद्योग

(C) संयुक्त क्षेत्र के उद्योग (D) उपर्युक्त सभी में

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से कौन–सी आधुनिक उद्योगों की विशेषता है।**

(A) पूंजी (B) यंत्रीकरण

(B) बड़ा संगठन (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 8 उपभोक्ता सामान/उत्पाद में निम्न में से क्या आता है।**

(A) बिस्कुट (B) वस्त्र

(C) वाहन (D) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 9 निम्नलिखित में वन आधारित उद्योग कौन सा है?**

(A) कृत्रिम रेशा (B) लाख उद्योग

(C) ऊनी वस्त्र (D) पेट्रो रसायन

**प्रश्न10. वे उद्योग जो उच्च प्राद्योगिकि संकेद्रित, आत्मनिर्भर तथा उच्च विशिष्टता लिए होते हैं उन्हें कहते हैं।**

(A) संकेद्रित उद्योग (B) नोड

(C) प्राद्योगिक ध्रुव (D) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 11. नीचे दी गई सूचना पढ़े तथा सही उत्तर चुनें।**

| | **उद्योग प्रकार** | **उत्पाद** |
|---|---|---|
| i) | रसायन आधारित | 1. नमक |
| ii) | कृषि आधारित | 2. रबड़ |
| iii) | वन आधारित | 3. लाख |
| iv) | पशु आधारित | 4. चमड़ा |

| **Options** | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**प्रश्न 12. उच्च, दक्ष एवं विशिष्ट व्यावसायिक श्रमिकों को क्या कहते हैं?**

(A) सफ़ेद कॉलर (B) लाल कॉलर

(C) नीला कॉलर (D) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 13. विनिर्माण की सबसे छोटी इकाई क्या है?**

(A) कुटीर उद्योग (B) छोटे पैमाने के उद्योग

(C) स्वछंद उद्योग (D) कृषि कारखाने

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से क्या कृषि आधारित उद्योग का उत्पाद नहीं है?**

(A) चीनी (B) तेल

(C) चाय (D) नमक

**प्रश्न 15.** नीचे दिए दो कथन है। ये अभिकथन (A) और कारण (R) है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िये और सही विकल्प का चयन कीजिए–

**अभिकथन (A) :** स्वच्छंद उद्योग व्यापक विविधता वाले स्थानों में स्थित हो सकते है।

**कारण (R) :** स्वच्छंद उद्योग की स्थापना में महत्वपूर्ण कारक परिवाहन के जाल द्वारा अभिगम्यता होती है।

विकल्प

(A) और (R) दोनों सही है और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B), (A) और (R) दोनों सही है परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1-C | 2-D | 3-C | 4-B | 5-A | 6-C |
| 7-D | 8-D | 9-B | 10-C | 11-A | 12-A |
| 13-A | 14-D | 15-A | | | |

## भाग–ख

## (लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)

**प्रश्न 1. छोटे पैमाने के उद्योग की किन्हीं तीन विशेषताओं पर प्रकाश डाले**

**अथवा**

**छोटे पैमाने व बड़े पैमाने के उद्योग में अंतर स्पष्ट करें।**

उत्तर– **छोटे पैमाने के उद्योग:**

1. **निर्माण स्थल:**– इस प्रकार के उद्योग मे निर्माण स्थल घर से बाहर करखाना होता है।
2. **कच्चा माल :**– इसमें स्थानीय कच्चे माल का उपयोग होता है।
3. **रोजगार के अवसर :**– रोजगार के अवसर इस उद्योग में अधिक होते हैं जिससे स्थानीय निवासियों की क्रय शक्ति बढ़ती है।

**बड़े पैमाने के उद्योग–**

1. उत्पादन, विकसित प्रौद्योगिक तथा कुशल श्रमिकों द्वारा किया जाता है।
2. उत्पादन अथवा उत्पादित माल को विशाल बाज़ार में बेचा जाता है।
3. इसमें उत्पादन की मात्रा भी अधिक होती है।
4. अधिक पूंजी तथा विभिन्न प्रकार के कच्चे माल का प्रयोग किया जाता है।

**प्रश्न 2. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए।**

**स्वामित्व के आधार पर उद्योग**

**सार्वजनिक क्षेत्र** | **निजी क्षेत्र** | **संयुक्त क्षेत्र**

1. **सार्वजनिक क्षेत्र :–**
    1. ऐसे उद्योग सरकार के अधीन होते हैं।
    2. सरकार ही इनका प्रबंध करती है।
    3. भारत में बहुत से उद्योग सार्वजनिक क्षेत्र के बीच है जैसे लोह इस्पात उद्योग।
    4. अधिकतर समाजवादी, साम्यवादी देशों में ऐसा होता हैं।
2. **निजी क्षेत्र :–**
    1. ऐसे उद्योगों का मालिक एक व्यक्ति या एक कम्पनी होती है।
    2. व्यक्ति या निजी कंपनियां इन उद्योगों का प्रबंधन करती है।
    3. पूंजीवाद देशों में यह व्यवस्था होती है।
    4. भारत में टाटा समूह, विरला, रिलायंस इंडस्ट्री इसके उदाहरण है।
3. **संयुक्त क्षेत्र :–**
    1. कुछ उद्योगों का संचालन सरकार और निजी कंपनियाँ मिलकर करती है।
    2. हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कोर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) तथा मित्तल एनर्जी लिमिटेड (HPCL Mittal energy limited (HMFL) इसका उदाहरण है।

**प्रश्न 3. कुटीर उद्योग से क्या तात्पर्य है? इसकी मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : कुटीर उद्योग उन उद्योगों को कहते हैं जिनमें लोग अपनें परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर स्थानीय कच्चें माल की सहायता से घर पर ही दैनिक उपयोग की वस्तुओं का निर्माण करते है।

1. पूँजी एंव परिवहन के साधन इन उद्योगों को प्रभावित नही करते।
2. कच्चा माल एंव बाजार दोनों ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होते है।
3. किसी शक्तिचालित मशीन की आवश्यकता नहीं होती। हाथ के साधारण औजार ही उपयोग में आते हैं।

**प्रश्न 4. कृषि व्यापार से आप क्या समझते हैं? मुख्य बिंदुओं को स्पष्ट करें।**

उत्तर :

1. कृषि व्यापार एक व्यपारिक कृषि है जो औद्योगिक पैमाने पर की जाती है।
2. इसमें वह व्यापार में निवेश करता है जिसकी मुख्य रुचि कृषि से बाहर हो।
3. कृषि कार्म आकार में बड़े, यंत्रीकृत, एवं अच्छी संरचना वाले होते हैं।
4. फार्म को कृषि कारखाने भी कहते है।

**प्रश्न 5. स्वच्छंद उद्योगों की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या किजिए ?**

**(C.B.S.E.-2012 Delhi)**

उत्तर : स्वच्छंद उद्योग की विशेषताएँ :–

1. स्वच्छंद उद्योग व्यापक विविधता वाले स्थानों में स्थित होते हैं।
2. ये किसी विशिष्ट प्रकार के कच्चे माल पर निर्भर नहीं होते हैं।
3. ये उद्योग संघटन पुरजो पर निर्भर होते हैं।
4. इनमें कम मात्रा में उत्पादन होता है।
5. इन उद्योगों में श्रमिकों की भी कम आवश्यकता होती है।

## भाग–ग

## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1. उद्योगों की स्थापना को प्रभावित करने वाले कारक कौन से हैं।**

**अथवा**

**उद्योगों का स्थानीकरण किन तत्वों पर निर्भर करता है ?**

**अथवा**

**संसार में उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारको की व्याख्या कीजिए।**

**अथवा**

**संसार में उद्योगो की स्थिति का प्रभावति करने वाले किन्ही पाँच कारको को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**बड़े पैमाने पर लगाए जाने वाले उद्योग विभिन्न स्थितियों का चुनाव क्यों करते है? औद्योगिक स्थिति को प्रभावित करने वाले किन्ही चार कारकों को स्पष्ट कीजिए** **(2017)**

उत्तर




1. **कच्चे माल की उपलब्धता** :– उद्योग के लिए कच्चा माल अपेक्षाकृत सस्ता एंव सरलता से परिवहन योग्य होना चाहिए। भारी वजन सस्ते मूल्य एंव वजन घटाने वाले पदार्थों व शीघ्र नष्ट होने वाले पदार्थों पर आधारित उद्योग कच्चे माल के स्त्रोत के समीप ही स्थित हो। जैसे लौह–इस्पात उद्योग, चीनी उद्योग।

2. **अनुकूल जलवायु** :– कुछ उद्योग विशेष प्रकार की जलवायु वाले क्षेत्रों में ही स्थापित किये जाते हैं। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत में सूती वस्त्र उद्योग विकसित होने में नमी वाले पर्यावरण का लाभ मिला है। नमी के कारण कपास से वस्त्र की कताई आसान हो जाती है। अत्याधिक ठंडे व अत्याधिक गर्म प्रदेशों में उद्योगों की स्थापना कठिन कार्य है।

3. **शक्ति के साधन** :– वे उद्योग जिनमें अधिक शक्ति की आवश्यकता होती है वे ऊर्जा के स्रोतों के समीप लगाए जाते हैं, जैसे एल्यूमिनियम उद्योग।

4. **श्रम की उपलब्धता** :– बढ़ते हुए यंत्रीकरण, स्वचालित मशीनों इत्यादि में उद्योगों में श्रमिकों पर निर्भरता को कम किया है, फिर भी कुछ प्रकार के उद्योगों में अब भी कुशल श्रमिकों की आवश्यकता है। अधिकांश उद्योग सस्ते व कुशल श्रमिकों की उपलब्धता वाले स्थानों पर अवस्थित होते हैं। स्विटजरलैंड का घड़ी उद्योग व जापान का इलैक्ट्रोनिक उद्योग कुशल और दक्ष श्रमिकों के बल पर ही टिके हैं।

5. **पूँजी** :– किसी भी उद्योग के सफल विकास के लिए पर्याप्त पूँजी का उपलब्ध होना अनिवार्य है। कारखाने के लिए जमीन, मशीने, कच्चा माल, श्रमिकों को वेतन देने के लिए पर्याप्त पूँजी की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए यूरोप में पर्याप्त मात्रा में पूँजी उपलब्ध होती है तथा वहाँ उद्योग भी काफी विकसित है।

**प्रश्न 2. आधुनिक बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ?**

उत्तर : आधुनिक समय में बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं:–

1. **कौशल का विशिष्टीकरण** :– आधुनिक उद्योगों में उत्पादन बड़े पैमाने पर होने के कारण कौशल का विशिष्टीकरण हो जाता है जिसमें प्रत्येक कारीगर निरंतर एक ही प्रकार का कार्य करता है। कारीगर निर्दिष्ट कार्य के लिये प्रशिक्षित होते है।

2. **यन्त्रीकरण** :– यन्त्रीकरण से तात्पर्य है कि किसी कार्य को पूरा करने के लिए मशीनों का प्रयोग करना। आधुनिक उद्योग स्वचालित यन्त्रीकरण की विकसित अवस्था है।

3. **प्रौद्योगिकीय नवाचार** :– आधुनिक उद्योगों में नया तकनीकी ज्ञान, शोध व विकासमान युक्तियों को सम्मिलित किया गया है जिसमें विनिर्माण की गुणवत्ता को नियन्त्रित करना, अपशिष्टों का निस्तारण व अदक्षता को समाप्त करना व प्रदूषण के विरूद्ध संघर्ष करना मुख्य है।

4. **संगठनात्मक ढांचा व स्तरीकण** :— इसके अतिरिक्त बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण में संगठनात्मक ढाँचा बड़ा, पूँजी का निवेश अधिक कर्मचारियों में प्रशासकीय अधिकारी वर्गों का बाहुल्य होता है।

5. **अनियमित भौगोलिक वितरण**— 10 % से भी कम भू–भाग पर इनका विस्तार है। उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले कारको के कारण ऐसा है।

**प्रश्न 3. छोटे पैमाने के उद्योगों को स्थापित करने के लाभ बताइये ?**

**या**

**रोजगार उत्पन्न करने की दृष्टि से छोटे पैमानें के उद्योग अधिक लाभप्रद है। छोटे पैमाने के उद्योगों की विशेषतायें बताते हुये इस कथन की सार्थकता स्पष्ट करें।**

उत्तर : **विशेषतायें** :—

1. इस श्रेणी के उद्योगों का निर्माण स्थल घर से बाहर होता है।
2. कच्चा माल स्थानीय होता है किन्तु श्रमिक अर्द्धकुशल होते हैं।
3. शक्ति के सांधनों से चलने वाले छोटे यन्त्रों का प्रयोग किया जाता है। एक बड़े पैमाने के उद्योग की अपेक्षा छोटे पैमाने के कई उद्योग यदि कार्यशील हो तो उसमें रोजगार ज्यादा होते है।
4. स्थानीय लोग रोजगार पाते है उनकी आय बढ़ती है एंव उनकी क्रय शक्ति भी बढ़ती है।
5. कच्चे माल की स्थानीय माँग में वृद्धि कच्चे माल के उत्पादकों को उत्साहित करती है। रोजगार होने पर क्रयशक्ति में वृद्धि उत्पादन को बढ़ाती है। इसलिए भारत, चीन, इण्डोनेशिया आदि देशों ने इस प्रकार के उद्योगों को प्रोत्साहित किया है।

**प्रश्न 4. उच्च प्रौद्योगिक उद्योग की विशेषताएँ बताते हुये स्पष्ट करें कि ये नगरों के परिधि क्षेत्रों में क्यों विकसित होते हैं ?**

उत्तर :

1. उच्च प्राद्योगिक उद्योग में वैज्ञानिक एंव इंजिनियरिंग उत्पादकों का निर्माण कार्य किया जाता है। इसमें शोध की जरूरत होती है।
2. इसमें श्रमिकों का अधिकांश भाग दक्षता प्राप्त होते हैं।
3. अधिकांश कार्य कम्प्यूटर एंव यंत्रों द्वारा सम्पन्न किये जाते हैं।
4. इन उद्योगों के स्थान खाफ–सुथरे विशाल भवनों, कार्यालयों एवं प्रयोगशालाओं युक्त होते हैं।

5. इन्हें प्रौद्योगिक ध्रुव भी कहा जाता है।
6. ये नगर के परिधि क्षेत्र में इसलिये होते है क्योंकि
   - नगर के बाहर क्षेत्र में सस्ती और अधिक भूमि उपलब्ध होती है।
   - नगर के बाहरी क्षेत्र से आन्तरिक क्षेत्रों की तरफ यातायात की अच्छी सुविधा उपलब्ध होती है।

## भाग–घ
## स्रोत आधारित प्रश्न

**प्रश्न 1. निम्नलिखित को ध्यान से पढ़ें तथा प्रश्नों के उत्तर दें।**

निर्माण क्रियाओं में उच्च प्रौद्योगिकी नवीनतम पीढ़ी है। इसमें उन्नत वैज्ञानिक एवं इंजीनियरिंग उत्पादकों का निर्माण गहन शोध एवं विकास के प्रयोग द्वारा किया जाता है। संपूर्ण श्रमिक शक्ति का अधिकतर भाग व्यावसायिक (सफ़ेद कॉलर) श्रमिकों का होता है। ये उच्च, दक्ष एवं विशिष्ट व्यावसायिक श्रमिक वास्तविक उत्पादन (नीला कॉलर) श्रमिकों से संख्या में अधिक होते हैं उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग में यंत्रामानव, कंप्यूटर आधारित डिज़ाइन (कैड) तथा निर्माण, धातु पिघलाने एवं शोधन के इलेक्ट्रोनिक नियंत्रण एवं नए रासायनिक व औषधीय उत्पाद प्रमुख स्थान रखते है।

इस भुदृश्य में विशल भवन, कारखानों एवं भंडार क्षेत्रों के स्थान पर आधुनिक, नीचे साफ़–सुथरे, बिखरे कार्यालय एवं प्रयोगशालाएँ देखने को मिलती हैं। इस समय जो भी प्रादेशिक व स्थानीय विकास की योजनाएँ बन रही हैं उनमें नियोजित व्यवसाय पार्क का निर्माण किया जा रहा है। वे उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग जो प्रादेशिक संकेंद्रित हैं, आत्मनिर्भर एवं उच्च विशिष्टता लिए होती है उन्हें प्रौद्योगिक ध्रुव कहा जाता है।

विश्व अर्थव्यवस्था में निर्माण उद्योग का बड़ा योगदान है। लौह–इस्पात, वस्त्र, मोटर गाड़ी निर्माण, पेट्रो रसायन एवं इलेक्ट्रोनिक्स विश्व के प्रमुख निर्माण उद्योग हैं।

प्रश्न :

1. श्रमिक नीला कॉलर क्यों पहनते हैं?
2. प्रौद्योगिक ध्रुव परपरागंत निर्माण इकाइयों से किस प्रकार भिन्न हैं?
3. ''निर्माण उद्योग विश्व अर्थव्यवस्था को आकार दे रहे हैं।'' इस कथन की पुष्टि करो?

उत्तर :

1. वास्तविक उत्पादन श्रमिक जो परपरांगत निर्माण इकाइयों में काम करते है नीला कॉलर श्रमिक कहलाते है। ये उनके काम की कठोरता को झेल सकते हैं।

2. परपरांगत निर्माण इकाइयों में विशाल भवन, कारखाने एवं भंडार क्षेत्र होते है जबकि प्रौद्योगिक घ्रुव में आधुनिक, साफ–सुथरे, बिखरे कार्यालय एवं प्रयोगशालाएं देखने को मिलती है।

3. लोहे–इस्पात, वस्त्र, मोटर गाड़ी निर्माण, पेट्रो–रसायन एवं इलेक्ट्रोनिक्स विश्व के प्रमुख निर्माण उद्योग है। ये उद्योग अन्य उद्योगों के आधार दे रहे हैं।

# अध्याय–6

# तृतीयक और चतुर्थ क्रियाकलाप



## भाग—क
## (बहुविल्पीय प्रश्न, एक अंक वाले)

**प्रश्न 1 निम्नलिखित में से कौन सा एक तृतीयक क्रियाकलाप है?**

(A) वस्त्र निमार्ण (B) संचार

(C) बुनाई (D) खनन

**प्रश्न 2 निम्नलिखित में कौन—सा एक चतुर्थ क्रियाकलाप है?**

(A) सूचना का संग्रहण (B) मौद्रिक बैंकिंग

(C) मुद्रण मीडिया (D) अनुसंधान

**प्रश्न 3 किस क्षेत्र के क्रियाकलाप के अंतर्गत उच्चतर स्तर के निर्णय लेने तथा नीतियों का निर्माण करने वाले कार्य शामिल है?**

(A) द्वितीयक क्रियाकलाप (B) चतुर्थ क्रियाकलाप

(C) पंचम क्रियाकलाप (D) तृतीयक क्रियाकलाप

**प्रश्न 4 परिवहन की मांग किससे प्रभावित होती है?**

(A) जनसंख्या के आकार

(B) सड़कों के निर्माण

(C) औद्योगीकरण

(D) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 5 रेडियों और दूरदर्शन निम्नलिखित में से किस क्रियाकलाप के अंर्तगत आते हैं?**

(A) द्वितीयक क्रियाकलाप (B) तृतीयक क्रियाकलाप

(C) चतुर्थ क्रियाकलाप (D) पंचम क्रियाकलाप

**प्रश्न 6 स्टेइंग इन होम्स (घरों में रूकना) के संदर्भ में मैडीकेरे और कूर्ग का संबंध निम्नलिखित में से किस एक राज्य से है?**

(A) कर्नाटक (B) हिमाचल प्रदेश

(C) गोवा (D) केरल

**प्रश्न 7 बाह्स्त्रोतीकरण सहायक है–**

(A) दक्षता सुधारनें में

(B) विकासशील देशों में रोजगार बढ़ाने में

(C) कीमतों को घटानें में

(D) इनमें से सभी

**प्रश्न 8. वो कौन–सा नगर है जिसमें 'डब्बावाला' सेवा है जो नगर के लगभग 1,75,000 उपभोक्ताओं को समय पर भोजन देती है?**

(A) दिल्ली (B) चेन्नई

(C) मुबई (D) कोलकाता

**प्रश्न 9. निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़ें तथा सही उत्तर का चयन करें।**

**1. कथन : लोग प्राचीन नगरों, किलों, महलों तथा प्राचीन गिरिजाघरों को देखकर आनंद उठाते हैं।**

**2. कारक: किसी क्षेत्र के इतिहास और कला में संभावित आकर्षण होता है।**

Options

(A) दोनों वक्तव्य सही हैं लेकिन वक्तव्य 2 वक्तव्य 1 की सही व्याख्या नहीं करता।

(B) दोनों वक्तव्य सही है तथा वक्तव्य 2 वक्तव्य की सही व्याख्या करता है

(C) दोनों वक्तव्य गलत हैं।

(D) वक्तव्य 1 सही है पर वक्तव्य 2 गलत है।

**प्रश्न 10. निम्नलिखित को पढ़े तथा सही मिलान करें।**

| सेवा सेक्टर | गतिविधि |
|---|---|
| i) दूर संचार | 1. रेडियो सेवा |
| ii) पर्यटन | 2. हैरीटेज़ होम्स |
| iii) बाह्य स्त्रोतन | 3. ई–लर्निंग |
| iv) पंचम सेवा | 4. नीति निर्धारण |

| Options | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**प्रश्न 11. नवीन तथा वर्तमान विचारों की रचना, नीति निर्धारण स्तर के निर्णय से संबंधित लोग क्या कहलाते हैं?**

(A) श्वेत कॉलर (B) स्वर्ण कॉलर

(C) लाल कॉलर (D) नीला कॉलर

**प्रश्न 12. विकसित तथा विकासशील देशों में सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकि के स्तर में अंतर क्या कहलाता है?**

(A) बाह्यस्त्रोतन (B) अपतरन

(C) अंकीय विभाजक (D) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से पर्यटन की क्या विशेषता 'नहीं' है।**

(A) व्यापार की बजाय प्रमोद उद्देश्य

(B) विश्व का सबसे बड़ा तृतीयक क्रियाकलाप

(C) शिल्प उद्योगों को पोषण

(D) बाह्यस्त्रोतन में सहायक

**प्रश्न 14. नोड तथा योजक किससे संबंधित हैं?**

(A) परिवहन (B) संचार

(C) फुटकर व्यापार (D) बीमा

**प्रश्न 15. फुटकर व्यापार में नवाचार लाने का श्रेय किसे जाता है?**

(A) डब्बावाला सेवा (B) उपभोक्ता सहकारी समुदाय

(C) बिचौलिए (D) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 - B | 2 - D | 3 - C | 4 - A | 5 - B | 6 - A |
| 7 - D | 8 - C | 9 - B | 10 - A | 11 - B | 12 - C |
| 13 - D | 14 - A | 15 - B | | | |

## भाग–ख

## (लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)

**प्रश्न 1. अंकीय विभाजन क्या हैं ? किसी देश में अंकीय विभाजन किस प्रकार परिलक्षित होता है ? (C.B.S.E. Delhi-2014) (2019)**

उत्तर : सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर आधारित विकास से मिलने वाले अवसरों का वितरण पूरे ग्लोब पर असमान रूप से वितरित है सूचना और संचार प्रौद्योगिकी तक सभी देशों की समान पहुँच नही है। विकसित देश इस दिशा में आगे बढ़ गए है जबकि विकासशील देश पिछड़ गए हैं। इसी को अंकीय विभाजन कहते हैं।

**देशों के भीतर अंकीय विभाजन** :– देशों के भीतर भी अंकीय विभाजन दिखाई देता है उदाहरण के लिए भारत और रूस के अलग–अलग भागों में इस प्रौद्योगिकी के विकास में काफी अंतर पाया जाता है। देश के बड़े–बड़े नगरों, महानगरों में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी की भरपूर सुविधाएँ उपलब्ध है, जबकि ग्रामीण औरी दुर्गम क्षेत्र इस सुविधा से वंचित है।

**प्रश्न 2. चतुर्थक सेवाओं को ज्ञानोन्मुख सेक्टर क्यों कहा जाता है ?**

**अथवा**

**चतुर्थक सेवाओं को उदाहरण सहित समझायें।**

उत्तर : चतुर्थक सेवाओं के अन्तर्गत कर्मचारियों के विशिष्ट ज्ञान का उपयोग किया जाता है दूसरे शब्दों में यह ज्ञानोन्मुख सेक्टर हैं।

प्राथमिक एंव द्वितीयक सेक्टरों से बड़ी संख्या में चतुर्थक में चतुर्थक सेक्टर की तरफ सेवाओं का प्रतिस्थापन हुआ है। सेवाओं में वृद्धि अर्थव्यवस्था के विकसित होने का प्रतीक है। एक ही प्रकार का काम तृतीयक या चतुर्थक दोनों हो सकता है जैसे अध्यापक तृतीयक श्रेणी में है किन्तु यदि कोई अध्यापक नवीन शिक्षण पद्धति के काम में संलग्न होकर किसी प्रकार का आविष्कार करता है तो वह चतुर्थक में शामिल हो जाता है।

**प्रश्न 3. व्यापार एवं वाणिज्य किस प्रकार सेवाओं को जन्म देते हैं? संक्षेप विवरण कीजिये।**

उत्तर : व्यापार में क्रय विक्रय के लिये स्थानीय से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक के व्यापार होते हैं।

इस प्रक्रिया के अन्तर्गत कई संग्रहण एंव विपणन केन्द्र जन्म लेते हैं जिन्हें हम दो श्रेणियों में रख सकते हैं।

1. ग्रामीण विपणन केन्द्र
2. नगरीय बाजार केन्द्र

**व्यापार भी दो प्रकार से किये जाते हैं :–**

1. **थोक व्यापार** :– इस व्यापार को वे बिचौलिये स्थापित करते हैं जो विनिर्माताओं से सीधे सामान उपलब्ध कराते हैं।

   इसी पूरी प्रक्रिया से बड़ी संख्या में लोग संलग्न होते हैं एंव रोजगार प्राप्त करते हैं

2. **फुटकर व्यापार** :– यह उपभोक्ताओं को वस्तुओं के प्रत्यक्ष विक्रय से सम्बन्धित है।

**प्रश्न 4. ग्रामीण विपणन केंद्र की तीन विशेषताएं बताइए।**

**अथवा**

**नगरीय बाजार केंद्रो में अधिक विशिष्टीकृत नगरीय सेवायें मिलती है। तीन बिंदुओं में स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**विश्व के ग्रामीण और नगरीय विपणन केंद्रों के लक्षणों की तुलना तीन बिंदुओं में कीजिए।**

**अथवा**

**फुटकर व्यापार का क्या अर्थ है। ग्रामीण विपणम केन्द्रों ओर नगरीय विपणन केन्द्रो की किन्ही दो–दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (Comptt 2018)**

उत्तरः

| ग्रामीण विपणन केंद्र | नगरीय विपणन केंद्र |
|---|---|
| 1. ये केंद्र निकटवर्ती बस्तियों को का पोषण करते हैं। | 1. ये केंद्र अधिक विशिष्टीकृत नगरीय सेवाएं प्रदान करते है |
| 2. ये केंद्र स्थानीय संग्रहण और वितरण केंद्र की सेवाएं प्रदान करते हैं। | 2. ये केंद्र स्थानीय सेवाओं के साथ–साथ विशिष्टीकृत वस्तुएं एवं सेवाएं प्रदान करते है। |
| 3. इन केंद्रों पर व्यक्तिगत और व्यावसायिक सेवाएं सुविकसित नहीं होती है। | 3. ये केंद्र विनिर्मित वस्तुएं प्रदान करते हैं। |
| 4. ये केंद्र केवल स्थानीय ग्रामीण आवश्यकताओं की ही पूर्ति कर सकते हैं। | 4. ये केद्र व्यावसायिक सेवाएं जैसे–अध्यापक, वकील, परामर्शदाता एवं चिकित्साक की सेवाएं भी प्रदान करते है |

**प्रश्न 5. बाह्य स्त्रोतन के परिणामस्वरूप कई देशों में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर खुले है। इस कथन का तीन उपयुक्त उदारहणों सहित विशलेषण कीजिए।**

**उत्तरः**

1. बाह्य स्त्रोतन बाहरी एजेंसी को कार्य में कुशलता एवं लागतें कम करने के लिए प्रदान करता है, इसी के परिणामस्वरूप भारत, चीन, पूर्वी यूरोप इजराइल, फिलीपींस में बड़ी संख्या में काल सेंटर खुले है।
2. व्यवसाय प्रक्रमण बाह्य स्त्रोतन (B.P.O.S) योग्य नवयुवकों एवं नवयुवतियों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करता है।
3. बाह्य स्त्रोतन कंपनियों को अतिरिक्त व्यवसायिक अवसरों को उत्पन्न करने में सक्षम बनाता है इसी कारण नागरीय क्षेत्रों में साइबर कैफों का चलन बढ़ गया है।

4. ज्ञान प्रक्रपण बाह्यस्त्रोतन (K.P.O.S) ने कई क्षेत्रों को बढ़ाया है जैसे– ई–लर्निंग, आकँड़ा–प्रक्रमण, ई–बैंकिग सेक्टर, अनुसंधान एवं विकास इत्यादि।

**प्रशन 6.** विश्व के दो लोकप्रिय पर्यटक प्रदेश कौन से है? पर्यटन के महत्व का चार बिंदुओं में वर्णन करे।

**उत्तरः** विश्व के दो पर्यटक प्रदेश–

1. भूमध्य सागरीय तट के चारों ओर कोष्ण स्थान
2. भारत का पश्चिम तट

**महत्वः–**

1. आज यह विश्व का अकेला सबसे बड़ा तृतीयक क्रियाकलाप है।
2. पर्यटन ने लगभग 25 करोड़ लोगों को रोज़गार प्रदान किया है।
3. पर्यटकों के आवास, भोजन, परिवहन, मनोरंजन जैसी सेवा उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन अनेक स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करता है।
4. पर्यटन आधारित संरचना उद्योगों, फुटकर व्यापार तथा शिल्प उद्योगो को पोषित करता है।

**प्रश्न 7.** भारत विश्व में चिकित्सा पर्यटन में अग्रणी देश बन कर उभरा है। स्पष्ट करे।

**उत्तरः**

1. भारत में महानगरों में अवस्थित विश्वस्तरीय अस्पताल संपूर्ण विश्व के रोगियों का उपचार कम कीमत में करते हैं।
2. भारत, स्विटजरलैंड के अस्पताल विकिरण बिंबों के अध्ययन से लेकर चुंबकीय अनुनाद बिंबों के निर्वाचन ओर पराश्रात्य परिक्षणों तक की विशिष्ट चिकित्सा सुविधाओं को उपलब्ध करा रहा है।
3. इससे बाहृयस्त्रोतन रोगियों को भी लाभ होता है।

## भाग—ग

## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1. तृतीयक क्रियाकलापों में पर्यटन की भूमिका स्पष्ट करते हुए पर्यटन को प्रभावित करने वाले कारकों को स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**पर्यटक सेवा से क्या अभिप्राय है? पर्यटन को प्रभावित तथा आकर्षित करने वाले प्रमुख कारकों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तरः** **भूमिकाः** पर्यटन विश्व के प्रमुख तृतीयक क्रियाकलपों में अग्रणी स्थान रखता है। इसके अंतर्गत पर्यटकों के आवास, भोजन, परिवहन, मनोरंजन तथा खरीददारी जैसे सेवायें उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय व्यक्तियों को नियुक्त किया जाता है जिससे बड़ी संख्या में रोज़गार का सृजन होता है।

**पर्यटन सेवा**— पर्यटन एक यात्रा है जो व्यापार की बजाय आमोद—प्रमोद के उद्देश्य से अधिक की जाती है। पर्यटन में लोग अपने निवास स्थानों एवं कार्यस्थलों से अस्थायी तौर पर थोड़े समय के लिए अन्य स्थानों पर जाकर मनोरंजन करते हैं।

**पर्यटन को प्रभावित करने वाले कारक—**

1. **मांग**—विगत शताब्दी से अवकाश के लिए पर्यटन की मांग तीव्रता से बढ़ी है। उच्च जीवन स्तर तथा बढ़े हुए आराम के समय के कारण अधिक लोग विश्राम के लिए पर्यटन पर जाते हैं।
2. **परिवहन**—परिवहन सुविधाओ में सुधार के कारण पर्यटन क्षेत्रों का अधिक विकास हुआ है, उदाहरण के लिए वायु परिवहन ने धरों को विश्व के सभी पर्यटन स्थलों से जोड़ दिया है।

**पर्यटन को आकर्षित करने वाले कारक**

1. **जलवायु**—कुछ ठंडे देशो के पर्यटको को गुनगुनी धूप में पुलिनों पर मौज मस्ती करने की इच्छा होती है। दक्षिणी यूरोप और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में पर्यटन के महत्व का यह एक महत्वपूर्ण कारक है।

2. **भू–दृश्य**–कुछ लोग मनोरम और मनोहर पर्यावरण में छुट्टियाँ बिताना पंसद करते हैं। इसके लिए पर्यटक पर्वतों, क्षीलों, दर्शनीय, समुद्र तटों और मनुष्य द्वारा पूर्ण से अपरिवर्तित भू–द्श्यों को चुनते हैं।
3. **इतिहास एंव कला**–प्राचीन काल के इतिहास से संबंधित स्थल एंव पुरातत्विक महत्व के भवन पर्यटकों के लिए आकर्षक स्थल होते हैं।
4. **संस्कृति और अर्थव्यस्था**–मानव जातीय और स्थानीय रीतियों को पसंद करने वालों को पर्यटन लुभाता है। "घरों में रूकना" एक लाभदायक व्यापार बन कर उभरा है। उदाहरण–
   (i) गोवा में हेरिटेज होम्स
   (ii) कर्नाटक में मैडिकेरे और कुर्ग। (कोई चार)

**प्रश्न 2. परिवहन क्या तथा परिवहन सेवायें किस तरह तृतीयक क्रिया कलापों की वृद्धि में सहायक है ?**

उत्तर : किसी व्यक्ति या वस्तु का एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाना, ले जाना परिवहन है परिवहन पर ही आधुनिक समय में सभी आर्थिक गतिविधियाँ निर्भर करती हैं।

1. परिवहन एक सेवा के रूप बहुत अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है ड्राईवर, कन्डक्टर, सामान लादने, उतारने वाले, टिकट संग्राहक आदि इस तरह सभी प्रकार की परिवहन सेवाओं में भारी संख्याओं में लोग लगे है।
2. परिवहन के कारण पर्यटन में आशातीत बढ़ोतरी हुई है।
3. परिवहन की सुविधा के कारण औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आती है और लोग इन सेवाओं में कार्य करते हैं।
4. इस व्यवस्था में प्रत्येक अवस्था में पदार्थ का मूल्य बढ़ जाता है।

**प्रश्न 3. ''किसी देश के आर्थिक विकास के लिए सेवाएँ बहुत महत्वपूर्ण हैं।'' सेवा क्षेत्र के पाँच घटकों की व्याख्या करते हुए, इस कथन का विश्लेषण कीजिए।**

उत्तरः किसी देश के आर्थिक विकास में सेवाओं का महत्वः

1. वाणिज्यिक सेवाएंः विज्ञापन, कानूनी सेवाएं, जनसंपर्क और परामर्श की सभी सेवाओं का विशिष्ट उद्देश्य लाभ कमाना है।
2. वित्त, बीमा, वाणिज्यिक, और आवासीय भूमि और भवनों जैसी संपत्ति का क्रय विक्रय आर्थिक विकास में योगदान देता है।

3. उत्पादक और उपभोक्ता को जोड़ने वाले थोक और फुटकर व्यापार तथा रखरखाव, सौंदर्य प्रसाधक तथा मरम्मत के कार्य जैसी सेवाएं उपभोक्ताओं को प्रदान की जाती हैं।

4. परिवहन और संचार सेवाएंः रेल, सड़क, जहाज और वायुयान सेवाएं आधुनिक समाज के लिए वस्तुओं के उत्पादन, वितरण और उपभोग में सहायता करती है। संचार सेवाओं में शब्दों और संदेशों, तथ्यों और विचारों का प्रेषण शामिल है। संचार सेवाएं तीव्र गति से संदेश प्रदान करती है।

5. मनोरंजनः दूरदर्शन, रेडियो, फिल्म और साहित्य की सेवाएं लोगों को मनोरंजन प्रदान करती है।

**प्रश्न 4. ''विकासशील देशों में चिकित्सा पर्यटन तेजी से उभर रहा है।'' इस कथन की पुष्टि करें।**

उत्तरः 1. जब चिकित्सा एवं उपचार के साथ–साथ पर्यटन की सुविधा भी प्रदान की जाती है तो इसे चिकित्सा पर्यटन कहते हैं।

2. भारत, थाइलैंड, मलेशिया एवं सिंगापुर जैसे विकासशील देश चिकित्सा पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी होकर उभरे है, इसका प्रमुख कारण इन देशों में विकसित देशों की अपेक्षा चिकित्सीय सुविधाओं का सस्ता होना है तथा साथ ही चिकित्सा का उच्चस्तरीय होना भी है।

3. यही कारण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विकसित देशों से प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में रोगी चिकित्सा हेतु भारत आते हैं।

4. चिकित्सा परीक्षणों तथा आकड़ों के निर्वाचन के बाह्यस्त्रोलन के प्रति भी झुकाव पाया जाता है।

5. भारत तथा अन्य दक्षिण पूर्व एशियाई देश शल्य चिकित्सा के अतिरिक्त विकिरण बिबों के अध्ययन से लेकर चुबंकीय अनुनापद बिनों के निर्वाचन तथा पराश्रव्य परीक्षणों तक की सुविधाए उपलब्ध करा रहे हैं।

## खंड–घ

## स्रोत आधारित प्रश्न

**प्रश्न 1. निम्नलिखित को ध्यान से पढ़ें तथा प्रश्नों के उत्तर दें।**

संचार सेवाओं में शब्दों और संदेशों, तथ्यों और विचारों का प्रेषण सम्मिलित है। लेखन के आविष्कार ने संदेशों को सरंक्षित किया और संचार को

परिवहन के साधनों पर निर्भर करने में सहायता की। ये वास्तव में हाथ, पशुओं, नाव सड़क, रेल तथा वायु द्वारा परिवहित होते थे। यही कारण है कि परिवहन के सभी रूपों को संचार पथ कहा जाता है। जहाँ परिवहन जाल–तंत्र सक्षम होता है वहाँ संचार का फैलाव सरल होता है। मोबाइल दूभाष और उपग्रहों जैसे कुछ विकासों ने संचार को परिवहन से मुक्त कर दिया है। पुराने तंत्राों के सस्ता होने के कारण संचार के सभी रूपों का साहचर्य पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुआ। अतः पूरे विश्व में दूरसंचार का प्रयोग विद्युतीय प्रौद्योगिकी के विकास से जुड़ा है। संदेशों के भेजे जाने की गति के कारण इसने संचार में क्रांति ला दी है। समय सप्ताहों से मिनटों में घट गया है ओर मोबाइल दूरभाष जैसी नूतन उन्नति ने किसी भी समय कहीं से भी संचार को प्रत्यक्ष और तत्काल बना दिया है। तार प्रेषण, मोर्स वूफट और टैलेक्स अब लगभग भूतकाल की वस्तुएँ बन गई हैं।

रेडियो और दूरदर्शन भी समाचारों, चित्रों व दूरभाष कालों का पूरे विश्व में विस्तृत श्रोताओं को प्रसारण करते हैं और इसलिए इन्हें जनसंचार माध्यम कहा जाता है। वे विज्ञापन एवं मनोरंजन के लिए महत्त्वूर्ण है। समाचार पत्र विश्व के सभी कोनों से घटनाओं का प्रसारण करने में सक्षम होते हैं। उपग्रह संचार पृथ्वी और अंतरिक्ष से सूचना का प्रसारण करता है। इंटरनेट ने वैश्विक संचार तंत्र में वास्तव में क्रांति ला दी है।

प्रश्न :

1. संचार पथ का परिवहन पुरी तरह से मुक्त क्यों नहीं हुआ है?
2. संचार पथ के साधनों में बदलाव के क्या कारण है?
3. इंटरनेट ने वैश्विक संचार तंत्र में क्राांति कैसे ला दी है?

उत्तर :

1. संचार के पुराने साधन सस्ता विकल्प प्रदान कराते है। इसलिए संचार के पुराने साधन पूरी तरह से समाप्त नहीं हुए है।
2. आधुनिक खोजों व संदेश भेजे जाने की तेजी ने बदलाव कर दिया है।
3. सब तक आसानी से पहुंच का तीव्र गति जैसे गुणों के कारण इंटरनेट ने वैश्विक संचार में क्रांति ला दी है।

# अध्याय–7

# परिवहन एंव संचार

## अवधारणा मानचित्र

### परिवहन

- स्थल
  - सड़क
    - राजमार्ग
    - सीमा सड़के
    - अन्य सड़के
  - रेलवे
- जल
  - आतंरिक जलमार्ग
    - राइन जलमार्ग
    - डेन्यूब जलमार्ग
    - वोल्गा जलमार्ग
    - वृहद झीलें
    - अन्य
  - समुद्री मार्ग
    - मानव निर्मित
      - पनामानहर
      - स्वेज नहर
    - उत्तरी अटलाटिक समुद्री मार्ग
    - उत्माशा अंतरीप समुद्री मार्ग
    - भूमध्य सागर–हिंद महासागरीय समुद्री मार्ग
    - अन्य समुद्री मार्ग
- वायु परिवहन
  - राष्ट्रीय
  - अंतर राष्ट्रीय
- पाईप लाईन

### संचार

- उपग्रह संचार
- साइबर स्पेस–इंटरनेट

### संचार क्रांति

- उपग्रह संचार
- इंटरनेट
- सूचनाओं का अंकीकरण
- सेलफोन का प्रयोग
- आप्टिक तारों का समावेश
- दूर संचार एवं कम्प्यूटर का एकीकरण

## भाग–क
## (बहुविल्पीय प्रश्न, एक अंक वाले)

**प्रश्न 1 निम्न में से कौन सा जलमार्ग सयुक्त राज्य अमेरिका के आंतरिक मार्गों को दक्षिण में मैक्सिको की खाड़ी के साथ जोड़ता है–**

(a) वृह्द झीलें सेंट लारेंस समुद्री मार्ग

(b) वोल्गा जलमार्ग

(C) डेन्यूब जलमार्ग

(d) मिसीसिपी जलमार्ग

**प्रश्न 2** (i) **प्राचीन काल में परिवहन के मुख्य राजमार्ग के रूप में नदी मार्ग ही प्रयुक्त हुआ करते थे। जैसे कि भारत के संदर्भ में परंतु वर्तमान समय में जलमार्ग अपना महत्व खो रहे हैं।**

(i) **सिंचाई इत्यादि कार्यों में जल के उपयोग के कारण नदियों में जल की मात्रा कम हो गई है।**

**उपयुक्त कथनों को ध्यान से पढ़ें एवं निम्न में से उचित विकल्प चुनें।**

(a) कथन (i) और (ii) दोनों असत्य है।

(b) कथन (i) सही एवं (ii) गलत है।

(C) कथन (i) और (ii) सही है एवं कथन (ii) पहले कथन का ही समर्थन करता है

(d) कथन (i) गलत एवं (ii) कथन सही है।

**प्रश्न 3 दक्षिणी अमेरिका में रेलमार्ग किन प्रदेशों में सघन है।**

(a) अर्जेटाइना के पंपास तथा ब्राजील के उत्पादक ग्रुप

(b) चिली और पेरू

(C) बोलिविया तथा पेरू

(d) पश्चिमी तटीय क्षेत्र

**प्रश्न 4 किस नदी से एक नौगम्य पानी की नहर स्वेज नहर से इस्माइलिया में मिलकर ताजे पानी की आपूर्ति को बढाती है।**

(a) कोंगो नदी (b) जाम्बेजी नदी

(C) नाइजर (d) नील नदी

**प्रश्न 5 निम्नलिखित में से कौन सा व्यापारिक समुद्री मार्ग पश्चिम यूरोपीय के औद्योगिक प्रदेशों को पश्चिमी अफ्रीका, दक्षिणी अफ्रीका, दक्षिण–पूर्वी एशिया और आस्ट्रलिया और न्यूजीलैण्ड की वाणिज्यक कृषि तथा पशुपालन आधारित अर्थव्यवस्थाओं से जोड़ता है–**

(a) उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग
(b) भूमध्यसागर – हिंदमहासागरीय समुद्री मार्ग
(C) उत्तमाशा अंतरीय समुद्री मार्ग
(d) उत्तरी प्रशांत समुद्री मार्ग

**प्रश्न 6. निम्न में से कौन–सा युग्म समेलित नहीं हैंः–**

(a) पार– साइबेरियन रेलमार्ग – पेरिस से इस्ताबूल
(b) पार– कैनेडियन रेलमाग – हैलिफैक्स से वैकूवर
(c) संघ और प्रशांत रेलमार्ग – न्यूयार्क से सान फ्रांसिको
(d) आस्ट्रेलियाई पार–महाद्वीपीय रेलमार्ग – पर्थ से सिडनी

**प्रश्न 7 राइन जलमार्ग किन देशों से होकर गुजरता है?**

(a) फ्रांस और इटली (b) जर्मनी और नीदरलैंड
(C) फ्रांस और बेल्जियाम (d) रूस

**प्रश्न 8 बिग इंच पाइपलाइन किस महाद्वीप में है?**

(a) दक्षिणी–अमेरिका (b) उत्तरी अमेरिका
(C) अफ्रीका (d) एशिया

**प्रश्न 9** शहरी परिवाहन की ट्रैफिक समस्या के क्या निदान हो सकते हैं-

(i) उच्च पार्किंग दर (ii) द्रुत जल परिवहन
(iii) सार्वजनिक बस सेवा में सुधार (iv) पुलों तथा अंडरपास का निर्माण
(a) केवल (i) तथा (ii) सही है (b) केवल (ii) तथा (iii) सही है
(c) केवल (iii) तथा (iv) सही है (d) (i), (ii), (iii) तथा (iv) सही है

**प्रश्न 10. निम्न में से कौन–सा महामार्ग, उत्तरी अमेरिका, मध्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका को आपस में जोड़ता है?**

(a) पैन अमेरिकन महामार्ग
(b) उत्तरी कैनेडियन महामार्ग
(c) मास्को– ब्लाडीवोस्टक महामार्ग
(d) अलास्का महामार्ग

**प्रश्न 11.** विश्व प्रसिद्ध पनामा नहर किस देश की सरकार ने बनाई-

(a) USA (b) ब्रिटिश सरकार
(c) मैक्सिको सरकार (d) कनाडा सरकार

**प्रश्न 12. 1. कथन यूरोप में विश्व का सघनतम रेलतंत्र पाया जाता है।**
**2. कथन यूरोप में अधिकांश दोहरे अथवा बहुमार्गी रेलमार्ग है।**

(a) कथन (i) और (ii) दोनों असत्य हैं।
(b) कथन (i) सही एवं (ii) गलत हैं।

(c) कथन (i) और (ii) सही हैं एवं कथन  पहले कथन का ही समर्थन करता है।

(d) कथन (i) गलत एवं (ii) कथन सही हैं।

**प्रश्न 13. पार–साइबेरियन रेलमार्ग की लम्बाई है:–**

(a) 7050 कि० मी०

(b) 9322 कि० मी०

(c) 9454 कि० मी०

(d) 8322 कि० मी०

**प्रश्न 14. निम्न में से किस पार–महाद्वीपीय रेलमार्ग का निर्माण 1886 में एक संधि से हुआ?**

(a) पार – कैनेडियन रेलमार्ग

(b) पार– साइबेरियन रेलमार्ग

(c) संघ और प्रशांत रेलमार्ग

(d) आस्ट्रेलियाई पार महाद्वीपीय रेलमार्ग

**प्रश्न 15. निम्न में से कौन–सा सबसे अधिक व्यस्त महासागरीय जलमार्ग है?**

(a) उत्तरी अटलांटिक महासागरीय जलमार्ग

(b) प्रशांत महासागरीय रूट

(c) हिन्द महासागर समुद्री रूट

(d) उत्तमाश अंतरीय समुद्री मार्ग

## उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1-d | 2-c | 3-a | 4-d | 5-c | 6-a |
| 7-b | 8-b | 9-d | 10-a | 11-a | 12-c |
| 13-b | 14-a | 15-a | | | |

## कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | सर्वाधिक सड़क घन्तव वाला महाद्वीप | – | उत्तरी अमेरिका |
| 2) | सर्वाधिक सड़क घन्तव वाला देश | – | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 3) | सघनतम रेल तन्त्र वाला महाद्वीप | – | यूरोप |
| 4) | विश्व का व्यस्ततम् व्यापारिक जलमार्ग | – | उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग (वृहद् ट्रंक मार्ग) |
| 5) | विश्व के कुल वायुमार्गो के 60 प्रतिशत भाग का प्रयोग करने वाला देश | – | सं. राज्य अमेरिका |
| 6) | उत्तरी अमेरिका में स्थित प्रसिद्ध | – | बिग इंच |

7) उत्तरी एवं द. अमेरिका को जोड़ने वाला महामार्ग — पार अमेरिकन
8) भारत द्वारा छोड़ा गया पहला उपग्रह — आर्यभट्ट
9) प्रशान्त महासागर और अटलांटिक महासागर को जोड़ने वाली नहर — पनामा नहर

## भाग—ख

## (लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)

**प्रश्न 1. लोगों का जीवन स्तर व जीवन की गुणवत्ता दक्ष परिवहन, संचार एवं व्यापार पर निर्भर करती है। अपने उत्तर की पुष्टि तीन तर्क देकर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर :
1. दक्ष परिवहन, व्यापार एवं संचार व्यवस्था उत्पादन केन्द्रों को विनिमय और उपभोग केन्द्रों से जोड़ते है।
2. परिवहन एवं संचार का कुशल तन्त्र एवं लोगों की गतिशीलता यानी एक स्थान से दूसरे स्थान तक आवागमन को सुचारू बनाता है।
3. दक्ष परिवहन, व्यापार एंव संचार व्यवस्था लोगों के बीच सहयोग एंव एकता को बढ़ाती है।

**प्रश्न 2. सड़क परिवहन, रेल परिवहन की अपेक्षा बेहतर कैसे है ? स्पष्ट कीजिये।**

उत्तर :
1. सड़क परिवहन से व्यक्तियों या वस्तुओं को घर तक पहुँचाया जा सकता है जबकि रेलमार्ग उन्हें एक निश्चित स्थान तक ही ला सकता है।
2. सड़कों का निर्माण पहाड़ी व अन्य दुर्गम क्षेत्रों में भी हो सकता है जबकि रेलमार्गों का निर्माण ऐसे स्थानों पर नहीं किया जा सकता।
3. छोटी—छोटी दूरियों को तय करने के लिये सड़क मार्ग ही प्रयोग किये जाते हैं।

**प्रश्न 3. महामार्गों की परिभाषा देते हुये इनकी प्रमुख विशेषतायें बताइये।**

उत्तर : महामार्ग वे पक्की सड़कें है जो दूर स्थित स्थानों को मिलाती है। इनकी प्रमुख विशेषतायें निम्न है :—

1. महामार्गों को अबाधित यातायात की सुविधा प्रदान करने के लिये इन पर फ्लाईओवर बनाये जाते है। यथा संभव लालबत्ती नहीं रखी जाती।
2. ये सड़कें गतिअवरोधकों से मुक्त एवं कई लेन वाली होती हैं।
3. इनकी चौड़ाई लगभग 80 मीटर होती है।
4. ये सड़कें देश के प्रमुख नगरों, पत्तनों को मिलाती है।
5. इन सड़कों के किनारों पर रैलिंग लगी होती है। ताकि कहीं पर भी इनको क्रास ना किया जा सके। यातायात निर्बाध गति से चलता रहे।

**प्रश्न 4. विश्व में सड़क परिवहन की किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए।** (CBSE-2018)

उत्तरः 1. सड़कें प्राकृतिक आपदा के दौरान तथा खराब मौसमी दशाओं में अनुपयोगी है।

2. यातायात की माँग को सड़क जाल पूरा नहीं कर पाता है फलस्वरूप सड़कों पर दबाव बढ़ता है।

3. सड़कों के निर्माण और उनके रखरखाव के लिए भारी निवेश की आवश्यकता होती है।

**प्रश्न 5. पनामा नहर ने दक्षिणी एंव उत्तरी अमेरिका को किस तरह प्रभावित किया? स्पष्ट करें। पनामा नहर की विशेषताएँ बताइए ।**

**अथवा**

**पनामा नहर की विशेषताएं बताइए। (C.B.S.E.-2009, 2011)**

**अथवा**

**पनामा नहर ने दक्षिणी अमेरिका की अर्थव्यवस्थाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**मनुष्य निर्मित महत्वपूर्ण नौ परिवहन नहर का नाम बतायें जो अटलांटिक महासागर को प्रशान्त महासागर से जोडती हैं। इस नहर की विशेषताओं को लिखिए ? (C.B.S.E.-Delhi-2010)**

उत्तर : 1. पनामा नहर उत्तरी एवं दक्षिणी अमेरिका के मध्य 72 कि. मी. लम्बी है।

2. इस नहर के कारण उत्तरी अमेरिका के पूर्व न्यूयार्क एंव पश्चिम स्थित सानफ्रांसिस्को के मध्य जल परिवहन से 13000 कि. मी. की दूरी कम हो गयी है। इसी तरह पश्चिमी यूरोप एंव स. रा. अमेरिका के पश्चिमी तट की दूरी कम हो गयी है।

3. द. अमेरिका के पूर्वी एवं पश्चिमी तटों के मध्य आसानी से परिवहन हो पाता है।

4. यह नहर द. अमेरिका के राष्ट्रों के मध्य व्यापार को बढ़ाने में सहायक हुई है।

**प्रश्न 6. वायु परिवहन, परिवहन का तीव्रतम एंव आधुनिक साधन है स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**'वायु परिवहन ने परिवहन के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, इस कथन के औचित्य को स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**अथवा**

**अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में वायु परिवहन के किन्ही दो लाभो का उल्लेख कीजिए।**

**अथवा**

**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में वायु परिवहन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस कथन की पुष्टि कीजिए। (C.B.S.E. Outside -2012)**

उत्तर : निम्नलिखित कारक उपर्युक्त कथन को सही सिद्ध करते हैं :–

1. वायु परिवहन एक तीव्रतम साधन हैं इसके कारण आज विश्व का कोई भी स्थान 35 घंटे से अधिक दूरी पर नहीं है।

2. इसके द्वारा मूल्यवान वस्तुओं, जीवनरक्षक दवाओं को तीव्रता से कम समय में गन्तव्य तक पहुँचाया जा सकता है।

3. दुर्गम स्थलों जैसे पहाड़, दलदल, बीहड़, जंगलों आदि क्षेत्रों में वायु परिवहन द्वारा ही परिवहन संभव हो पाता है।

4. आपातकाल एंव युद्ध के समय वायु परिवहन का महत्व का महत्व बहुत अधिक बढ़ जाता है।

**प्रश्न 7. विश्व में अंतः स्थलीय जलमार्ग के विकास के लिए उत्तरदायी तीन कारकों की व्याख्या कीजिए ? (C.B.S.E. Outside-2010)**

उत्तर : अंतः स्थलीय जलमार्ग के विकास की आवश्यक दशाएँ निम्नलिखित है :–

1. नदियाँ बारहमासी होनी चाहिए। जिन नदियों में जल केवल वर्षा ऋतु में ही रहता है उनका प्रयोग वर्ष भर जलमार्गों के रूप में नहीं किया जा सकता।
2. नदियों का मार्ग जल–प्रपातों, सोपानी प्रपातों, क्षिप्रिकाओं तथा महाखड्डों से मुक्त होना चाहिए।
3. नदियों में विसर्प भी कम होने चाहिए जिससे सीधा जलमार्ग प्राप्त हो सकें।
4. शीतकाल में नदियाँ बर्फ मुक्त होनी चाहिए।
5. नदियों के मुहाने साफ रहने चाहिए, जिससे समुद्र यातायात से आन्तरिक यातायात को जोड़ा जा सके।

**प्रश्न 8. स्वेज नहर पर टिप्पणी कीजिए।**

**अथवा**

**मनुष्य निर्मित उस महत्वपूर्ण नौ परिवहन नहर का नाम बताइए जो भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ती है। इस नहर की कोई चार विशेषताएँ बताइए। (C.B.S.E.-Delhi-2010)**

**अथवा**

**स्वेज नहर की विशेषताएँ लिखिए ? (C.B.S.E.-Delhi-2009)**

उत्तर : स्वेज नहर की विशेषताएँ निम्नलिखित हैं।

1. इस नहर का निर्माण 1869 में मिस्र में हुआ।
2. यह नहर भूमध्य सागर को लालसागर से जोड़ती हैं।
3. यह लगभग180 किलोमीटर लम्बी तथा 11 से 15 मीटर गहरी है।
4. इस नहर के द्वारा यूरोप तथा दक्षिणी एशिया व आस्ट्रेलिया के मध्य की दूरी को उत्तरमाशा अंतरीप मार्ग की तुलना में कम हुई है।
5. इस नहर में प्रतिदिन 100 जलयान आवागमन करते हैं।
6. नील नदीं से नौगम्य ताजा पानी की नहर भी स्वेज नहर से मिलती है।

**प्रश्न 9. सड़कों पर संकुलन क्यों हो जाता है ? परिवहन संकुलन की समस्याओं के समाधान के उपाय स्पष्ट कीजिए ?**

**(C.B.S.E.-Delhi-2012)**

उत्तर : जब सड़क तंत्र यातायात की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित नहीं हो पाते तो सड़कों पर संकुलन बढ़ जाता है। इसे सड़को पर जाम लगना भी कहते हैं।

1. सार्वजनिक बस सेवाओं के सुधार व परिवहन के द्रुत मार्ग का विकास।
2. सड़कों को चौडा़ करना व उनकी गुणवत्ता को सुधारना।
3. पुलों, फ्लाईओवरों तथा दोहरे वाहन मार्गों का निर्माण करना।
4. उच्चतर पार्किंग शुल्क लगाकर निजी वाहनों की संख्या को नियन्त्रित करना।

**प्रश्न 10. राइन नदी जलमार्ग विश्व का अत्याधिक प्रयोग में लाया जाने वाला जलमार्ग क्यों हैं ? कोई तीन कारण बताओं।**

**(C.B.S.E.-Delhi-2013)**

उत्तर : राइन नदी जलमार्ग विश्व का अत्याधिक प्रयोग में लाया जाने वाला जलमार्ग है क्योंकि :–

1. यह यूरोप के संपन्न कोयला खनन क्षेत्रों से गुजरता हुआ परिवहन सुविधाएं प्रदान करता है तथा संपूर्ण नदी बेसिन विनिर्माण की दृष्टि से अत्याधिक संपन्न है।
2. यह जलमार्ग स्विटजरलैंड, जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम तथा नीदरलैड के औद्योगिक क्षेत्रों को उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग से जोड़ता है।
3. प्रति वर्ष 20,000 से अधिक समुद्री जलयान तथा 2 लाख से अधिक आंतरिक मालवाहक पोत इस मार्ग से वस्तुओं एवं सामतियों का आदान–प्रदान करते हैं।
4. यह जलमार्ग स्विटजरलैंड, जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम के औद्योगिक क्षेत्रों को उत्तरी अंटलाटिक समुद्री मार्ग से जोड़ता हैं।

**प्रश्न 11. संसार में उपग्रह संचार की किन्ही तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : आधुनिक तकनीकी ज्ञान के आधार पर मनुष्य ने संचार व्यवस्था के लिए उपग्रह का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। उपग्रहों से संचार का काम लिया जाता है। उपग्रह संचार से निम्नलिखित उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं।

1. उपग्रह के माध्यम से संदेश भेजने के खर्च में कमी आई है।
2. उपग्रह संचार प्रणाली द्वारा रेडियों तथा टेलिविजन आदि का प्रयोग कर सकते हैं।
3. उपग्रह संचार से मौसम की जानकारी प्राप्त की जाती है।
4. उपग्रह संचार प्रणाली द्वारा पृथ्वी के खनिजों को ज्ञात किया जा सकता है।
5. इस प्रणाली द्वारा सैनिक और असैनिक कार्यों में सहायता मिलती है।

## भाग–ग

## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1.** पाइन लाइन परिवहन ने तरल पदार्थों जैसे जल, पैट्रोंलियम एंव गैसों के परिवहन में अभूतपूर्व योगदान दिया है। इस कथन की पुष्टि कीजिए तथा दोषों को भी लिखें।

**उत्तर** पाइपलाईन परिवहन के लाभ निम्नलिखित है :–

- पाइपलाईनों को कठिन, ऊबड़–खाबड, भू–भागों तथा पानी के नीचे भी बिछाया जा सकता है।
- इनके संचालन एंव रखरखाव का खर्च अपेक्षाकृत कम है।
- यह जलीय तथा गैसीय पदार्थों के परिवहन का तीव्र, सस्ता तथा पर्यावरण हितैषी साधन है।
- पाइप लाइन परिवहन में ईंधन की बचत होती है। तथा मौसम संबंधी दशाओं का प्रभाव नहीं पड़ता।
- परिवहन के इस साधन द्वारा पदार्थों की आपूर्ति की निरंतरता बनी रहती है।

**पाइपलाईन परिवहन के दोष :–**

पाइन लाइन परिवहन के दोष निम्नलिखित है :–

- पाइन लाइनों में काई लोच नही होती।
- एक बार बनाने के बाद इसकी क्षमता को न तो घटाया जा सकता है और न ही बढ़ाया जा सकता है।
- पाइन लाइन में रिसाव का पता लगाना भी एक बड़ी समस्या होती है।
- कहीं पर पाइप लाइन के फट जाने से उसकी मरम्मत करना कठिन होता है।
- कुछ इलाकों में इनकी सुरक्षा की व्यवस्था करना कठिन होता है।

**प्रश्न 2. संसार के सबसे लंबे पार महाद्वीपीय रेलमार्ग का नाम लिखिए। इसकी किन्हीं चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (CBSE-2015)**

उत्तर : पार साइबेरियन रेलमार्ग

विशेषताएँः–

1. यह रेलमार्ग पश्चिम में सेंट पीट्स बर्ग से पूर्व में प्रशांत महासागर तट पर स्थित व्लाडि वोस्टक तक विस्तृत हैं।
2. यह 9322 कि.मी. लम्बा, दोहरे पथ से युक्त विद्युतीकृत एशिया का मत्त्वपूर्ण रेलमार्ग है।
3. यह एशियाई प्रदेश को पश्चिमी यूरोपीय बाजारों से जोड़ता है। इस रेलमार्ग को दक्षिण से जोड़ने वाले योजक मार्ग हैं।
4. यह रेलमार्ग यूराल पर्वत, ओब और येनीसी नदियों से गुजरता है।

**प्रश्न 3. जल परिवहन की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। उत्तरीय मार्ग पर यातायात कम क्यों है? दो कारण दीजिए। (CBSE-2012)**

**अथवा**

**जल परिवहन के प्रमुख लाभ बताइये।**

**अथवा**

**''जल परिवहन संसार का सबसे सस्ता एवं उपयोगी परिवहन का साधन हैं।'' (CBSE-2012)**

उत्तरः जल परिवहन की विशेषताएँः–

1. जल परिवहन में मार्गों का निर्माण नहीं करना पड़ता।
2. महासागर एक दूसरे से जुड़े हुए होते हैं। इनमें विभिन्न प्रकार के जहाज चल सकते हैं।
3. स्थल मार्ग की तरह जल मार्ग में घर्षण नहीं होता; ईधन की खपत कम होती है, यह परिवहन अन्य साधनों से सस्ता होता है।

**उत्तमाशा अन्तरीप मार्ग पर यातायात कम होने के कारण**

1. दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के सीमित विकास का होना और कम जनसंख्या।
2. एशिया और यूरोप के देशों के बीच बहुत लम्बा जलमार्ग।

**प्रश्न 4. जल, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस तथा अन्य तरल पदार्थों के परिवहन के लिए किस साधन का उपयोग व्यापक रूप से किया जाता है? संसार में परिवहन के इस साधन के जाल का वर्णन कीजिए।**

**(CBSE-2015)**

उत्तर : 1. जल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस आदि के अबाधित प्रवाह व परिवहन के लिए पाइपलाइनों का प्रयोग किया जाता है।

2. पाइप लाइन जालः

(i) संयुक्त राज्य अमेरिका में उत्पादक क्षेत्रों और उपभोग क्षेत्रों के बीच तेल पाइप लाइनों का सघन जाल पाया जाता है।

(ii) 'बिग इंच' प्रसिद्ध पाइपलाइन मैक्सिको की खाड़ी में स्थित तेल के कुओं से उत्तर–पूर्वी राज्यों में तेल ले जाती है।

(iii) यूरोप रूस, पश्चिम एशिया और भारत में पाइप लाइनों द्वारा तेल कुओं से परिष्करण शालाओं, पत्तनों तथा घरेलू बाजारों तक पहुँचाया जाता है।

(iv) तुर्कमेनिस्तान से पाइपलाइन को ईरान और चीन तक बढ़ाकर पैट्रोलियम तथा गैस का परिवहन किया जाता है।

## खंड–घ
## स्रोत आधारित प्रश्न




**प्रश्न 1. दिए गए मानचित्र को देखें और निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें।**

(a) मानचित्र में दर्शाई गई रेलवे लाइन और उस देश का नाम बताएं जहां यह स्थित है।

(b) A और B के रूप में चिहित स्टेशन का नाम बताएँ।

(c) इस मार्ग की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

(d) इस रेलवे लाइन की कुल लंबाई कितनी हैं?

**उत्तर.** (a) पार–साइबेरियन रेलमार्ग, रूस।

(b) चीता और मास्को

(c) (i) इसने अपने एशियाई क्षेत्र को पश्चिम यूरोपीय बाजार में खोलने में मदद की हैं।

(ii) यह दुनिया का सबसे लंबा डबल ट्रैक और विद्युतीकृत पार–महाद्वीपीय रेलवे है।

(d) 9332 कि० मी०




**प्रश्न 2. दिए गए मानचित्र को देखें और निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें।**

(a) इस मानचित्र में दर्शाए गए परिवहन मार्ग का नाम बताइए।

(b) A और B के रूप में चिहित स्टेशन का नाम बताएँ।

(c) इस मार्ग की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

(d) इस रेलवे लाइन से जुड़े दो महासागर तटों के नाम लिखिए।

**उत्तर.** (a) पार–कैनेडियन रेलमार्ग

(b) हैलीफैक्स तथा कैलगरी

(c) (i) यह परिवहन कनाडा की आर्थिक धमनी है।

(ii) यह क्यूबेक–मॉन्ट्रीयल औद्योगिक क्षेत्रा को प्रेयरी क्षेत्र के गेंहूँ क्षेत्र और उत्तर में शंकुधारी वन क्षेत्र से जोड़ता है।

(d) अटलांटिक तथा प्रशांत महासागर




**प्रश्न 3. दिए गए मानचित्र का अवलोकन करें तथा निम्न प्रश्नों के उत्तर दें–**

(a) इस नहर का का नाम हैं?

(b) A और B के रूप में चिहित बिंदु का नाम बताइए।

(c) इस मार्ग की लंबाई बताइए।

(d) इस नहर से जुड़े 2 महासागरों के नाम बताइए।

**उत्तर.** (a) पनामा नहर

(b) बिंदु A : – पनामा

बिंदु B : – कोलोन

(c) 72 कि० मी०



**प्रश्न 4. दिए गए मानचित्र का अवलोकन करें तथा निम्न प्रश्नों के उत्तर दें–**

(a) इस नहर का का नाम बताइए।

(b) A और B के रूप में चिहित बिंदु का नाम बताइए।

(c) इस नहर का निर्माण कब हुआ।

(d) उस देश का नाम बताइए, जिससे यह नहर गुजरती है।

**उत्तर.** (a) स्वेज नहर

(b) बिंदु A : – पोर्ट सईद

बिंदु B : – स्वेज

(c) 1869

(d) मिस्त्र

# अध्याय–8

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

**इतिहास** :– (1) रेशम मार्ग के जरिये चीन की रेशम एवं रोम की ऊन का भारत एवं मध्य ऐशिया के जरिये व्यापार होता था। (2) अफ्रीका से दासों का व्यापार अमेरिका में होता था। (3) औद्योगिक क्रान्ति के समय विनिर्मित वस्तुओं का व्यापार। (4) आधुनिक युग में W.T.O. का गठन। (5) आधुनिक युग में पत्तनों की महत्वपूर्ण भूमिका।

क्षेत्रीय व्यापार समूहः– OPEC, ASEAN, G-20, EU

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

- द्विपक्षीय व्यापार
- बहुपक्षीय व्यापार

**आधार**

(1) राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता।
(2) जनसंख्या का कम या अधिक होना।
(3) देशों में आर्थिक विकास में अन्तर होना।
(4) व्यापार नीतियाँ—विदेशी निवेश की सीमा।
(5) परिवहन।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का प्रवेश द्वार : – पतन

पतन के प्रकार

- विशिष्टीकृत कार्यकलापों के आधार पर
  - तैल पत्तन
  - मार्ग पत्तन
  - पैकेट स्टेशन
  - आंत्रयों पत्तन
  - नौ सेना पत्तन
- अवस्थिति के आधार पर
  - बाह्य पत्तन
  - अंतर्देशीय पत्तन
- निपटाए गए नौभार के आधार पर
  - औद्योगिक पत्तन
  - विस्तृत पत्तन
  - वाणिज्य पत्तन

## भाग—क
## (बहुविल्पीय प्रश्न, एक अंक वाले)

**प्रश्न 1. संसार के अधिकांश महान पत्तन............................पत्तनों के रूप में वर्गीकृत किए गए है।**

(a) वाणिज्यिक पन्तन

(b) औद्योगिक पतन

(c) विस्तृत पत्तन

(d) पैकेट स्टेशन

**प्रश्न 2. निम्नलिखित मे से कौन सा देश साफ्टा (SAFTA) का सदस्य देश नही है?**

(a) बांग्लादेश (b) भूटान

(c) नेपाल (d) म्यानमार

**प्रश्न 3. नीचे 3 कथन दिये गए है उन्हे स्थान से पढ़ें एवं बाद में दिये गए परिणामों में सत्य कथन को चुनें।**

(i) **अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार राष्ट्रों के लिये पारस्परिक रूप से लाभदायक है यदि यह उत्पादन के उच्च स्तर एवं प्रादेशिक विशेषताओं को प्रेरित करता है।**

(ii) **यह देशों के लिये हानिकारक है यदि यह अन्य देशों पर निर्भरता, विकास के असमान स्तर, शोषण और युद्ध का कारण बनने वाली प्रतिद्वन्दिता की ओर उन्मुख है।**

(iii) **अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर्यावरण, स्वास्थय एवं लोगों के कल्याण को प्रमाणित नही करता।**

(a) कथन (i),(ii),(iii) तीनों सत्य है।

(b) कथन (i) एवं (ii) सत्य है। (iii) परन्तु असत्य है।

(c) सभी कथन गलत है।

(d) केवल कथन (i) सत्य है।

**प्रश्न 4.** WTO **की स्थापना कब हुयी?**

(a) 1995 (b) 1895

(c) 1991 (d) 1948

**प्रश्न 5. लैटिन शब्द सैलेश्यिम का अर्थ हैं ................**

(a) नमक द्वारा भुगतान

(b) सोना द्वारा भुगतान

(c) ताँबा द्वारा भुगतान

(d) चाँदी द्वारा भुगतान

**प्रश्न 6. कथन** (i) **आंत्रयों पतन में विभिन्न देशों से निर्यात हेतु वस्तुएँ लाई जाती हैं।**

**कथन** (ii) **लंदन पतन एक अधिक व्यस्त आंत्रयों पतन है।**

**विकल्पः**

(a) दोनों कथन गलत हैं।

(b) केवल कथन (i) सही है।

(c) केवल कथन (ii) सही है।

(d) दोनों कथन गलत हैं।

**प्रश्न 7. किसी वर्ष जनरल एग्रीमेंट आन ट्रेड एंड टैरिफ** (GATT) **को विश्व व्यापार संगठन** (WTO) **में रूपांतरित किया गया?**

(a) 1980

(b) 1985

(c) 1990

(d) 1995

**प्रश्न 8. अंदन, होनोलूल तथा सिंगापुर को वर्गीकत किया गया है।**

(a) तैल पत्तन

(b) विश्राम पत्तन (मार्ग पत्तन)

(c) पैकेट स्टेशन

(d) नौ सेना पत्तन

**प्रश्न 9.** निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही है–

| | प्रादेशिक व्यापार संगठन | उत्पत्ति वर्ष |
|---|---|---|
| (a) | ASEAN | 1867 |
| (b) | NAFTA | 1949 |
| (c) | LAIA | 1951 |
| (d) | SAFTA | 2003 |

**प्रश्न 10. कथन** (i) **आदिम समाज में व्यापार का आरंभिक स्वरूप 'विनिमय व्यवस्था' था।**

**कथन** (ii) **विनियम व्यवस्था में वस्तुओं का प्रत्यक्ष आदान–प्रदान होता है।**

**विकल्पः**

(a) कथन (i) और (ii) दोनों असत्य हैं।

(b) कथन (i) सही एवं (ii) गलत है।

(c) कथन (i) और सही है एवं कथन (ii) पहले कथन का ही समर्थन करता है।

(d) कथन (i) गलत एवं (ii) कथन सही है।

**प्रश्न 11. ग्रेट ब्रिटेन में किस वर्ष दास व्यापार समाप्त हुआ था?**

(a) 1808

(b) 1809

(c) 1810

(d) 1807

**प्रश्न 12. 'विनियम व्यवस्था' के लिए प्रसद्धि जानँ बनिमेला भारत के किस राज्य से संबंधित है?**

(a) पंजाब

(b) उत्तर–प्रदेश

(c) मध्य–प्रदेश

(d) असम

**प्रश्न 13. वर्ष 2016 में कितने देश विश्व व्यापार संगठन** (WTO) **के सदस्य थे?**

(a) 160 देश

(b) 164 देश

(c) 198 देश

(d) 172 देश

**प्रश्न 14. किस वर्ष 'जनरल एग्रीमेंट आँन ट्रेड एंड टेरिफ** (GATT) **का गठन किया गया था?**

(a) 1946

(b) 1948

(c) 1952

(d) 1950

15. WTO के बारे में क्या सही है–

i. मुख्यालय जेनेवा में

ii. 1995 में स्थापना

iii. भारत संस्थापक सदस्य

iv. WTO डंपिंग को प्रोत्साहित करता है

(a) सिर्फ (i) सही (b) सिर्फ (i) सही

(b) (i), (ii), (iii) सही (d) इनमें से कोई नहीं

## उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 - c | 2 - d | 3 - b | 4 - a | 5 - a | 6 - b |
| 7 - d | 8 - b | 9 - b | 10 - c | 11 - d | 12 - d |
| 13 - b | 14 - b | 15 - c | | | |

## भाग–ख
## (लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)

**प्रश्न 1. राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को किस तरह प्रभावित करती है? उदाहरण सहित स्पष्ट करें।**

उत्तर : विश्व के सभी देशों में संसाधनों में भिन्नता पाई जाती है यह भिन्नता प्राकृतिक संसाधनों एवं मानवीय संसाधनों दोनों स्तरों पर होती है। इनकी गुणवत्ता एवं मात्रा में भी अन्तर होता है। इसलिए दो देशों के मध्य व्यापार की संभावना बढ़ती है। उदाहरण :–

1. भौगोलिक संरचना में अन्तर के कारण किसी राष्ट्र में दूसरे राष्ट्र से अलग कृषि फसल होती है जैसे ब्राजील में कॉफी का उत्पादन अधिक होता है तो वहाँ से कॉफी अन्य देशों को निर्यात की जाती है।
2. खनिज भी असमान रूप से वितरित है। द. अफ्रीका से बहुमूल्य खनिज दूसरें देशों को निर्यात किए जाते हैं। जापान जैसा विकसित देश खनिजों का आयात करता है।
3. जलवायु से उत्पन्न विविधता भी उत्पादन की विविधता को सुनिश्चित करती है जो व्यापार को प्रभावित करती है। जैसे ऊन उत्पादन ठडे क्षेत्रों में ही हो सकता है, केला, रबड़, कहवा, उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में आ सकते हैं।

**प्रश्न 2. व्यापार संतुलन से क्या आशय है? व्यापार संतुलन के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए। (C.B.S.E. 2012 Outside)**

उत्तर : एक देश दूसरे देश को कुछ वस्तुएं या सेवाएं भेजता (निर्यात) है या कुछ वस्तुओं या सेवाओं को अपने देश में मंगाता (आयात) है। इसी आयात व निर्यात के अंतर को व्यापार संतुलन कहते हैं। यह दो प्रकार का होता है।

(a) **ऋणात्मक संतुलन** :– देश दूसरे देशों से वस्तुओं के खरीदने पर उस मूल्य से अधिक खर्च करता है जितना वह अपनी वस्तुओं को बेचकर मूल्य प्राप्त करता है अर्थात् आयात का मूल्य निर्यात के मूल्य से अधिक होता है।

(b) **धनात्मक संतुलन** :– यदि निर्यात का मूल्य (विक्रय मूल्य) आयात के मूल्य से अधिक है तो यह धनात्मक व्यापार संतुलन होता है।

**प्रश्न 3. मुक्त व्यापार क्या है? इसके गुण एवं दोष बताइये।**

उत्तर : जब दो देशों के मध्य व्यापारिक बाधायें हटा दी जाती हैं जैसे सीमा–शुल्क खत्म करना, तो इसे मुक्त व्यापार कहा जाता हैं।

**गुण** :– घरेलू उत्पादों एवं सेवाओं को अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा मिलती है जिससे उत्पादन की गुणवत्ता में वृद्धि होती है। व्यापार में भी वृद्धि होती है।

**दोष** :– विकासशील देशों में समुचित विकास न होने के कारण विकसित देश अपने उत्पादों को उनके बाजारों में अधिक मात्रा में भेज देते हैं जिसे विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है उनके अपने उद्योग बंद होने लगते हैं।

**प्रश्न 4. मार्ग पत्तन एवं आंत्रपों पत्तन में क्या अन्तर है? स्पष्ट करें?**

उत्तर : **मार्ग पत्तन** :– समुद्री मार्ग पर विश्राम केन्द्र के रूप में विकसित हुए है। यहाँ पर जहाज ईंधन, जल एवं भोजन के लिए लंगर डालते हैं।

जैसे – होनोलूलू एवं सिंगापुर।

**आंत्रपों पत्तन** :– इन पत्तनों पर विभिन्न देशों से निर्यात हेतु वस्तुएं लाई जाती हैं एकत्र की जाती हैं व अन्य देशों को भेज दी जाती हैं जैसे –यूरोप का रोटरडम एवं कोपेन–हेगन।

**प्रश्न 5. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बन्धित प्रमुख समस्याओं को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2011Outside, 2009 Delhi)**

उत्तर : अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से सम्बन्धित प्रमुख समस्याएँ :–

1. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का होना राष्ट्रों के लिए पारस्परिक लाभदायक होता है अगर यह उत्पादन उच्च स्तर, वस्तुओं व सेवाओं की उपलब्धता, कीमतों व वेतन का समानीकरण प्रस्तुत करता है।

1. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार देशों के लिए हानिकारक हो सकता है यदि यह अन्य देशों पर निर्भरता, विकास के असमान स्तर, शोषण और युद्ध का कारण बनने वाली प्रतिद्वंदिता की ओर उन्मुख होता है।

1. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग बढ़ता जा रहा है। जिससे पर्यावरणीय व स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। संसाधनों का तेजी से ह्रास हो रहा है।

## भाग–ग

## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1. विभिन्न आधार लेते हुये पत्तनों का वर्गीकरण कीजिये। इन्हें अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार क्यों कहा जाता हैं?**

**(CBSE 2011 Delhi)**

उत्तर : पत्तनों का वर्गीकरण दिए गए अवधारणा मानचित्र से समझा जा सकता।




**महत्व** :– पत्तन व्यापार के लिए अत्यावाश्यक है क्योंकि बड़े पैमाने पर अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार समुद्री भागों से ही किया जाता है। ये पत्तन निम्न सुविधाएं प्रदान करते हैं।

1. जहाजों के रुकने, ठहरने के लिए आश्रय प्रदान करते हैं।
2. वस्तुओं को लादने, उतारने एवं भंडारण की सुविधा प्रदान करते हैं।
3. अत्याधुनिक सुविधाएं, प्रशीतकों, छोटी नौकाओं की सुविधा।
4. श्रम एवं प्रबंधकीय सुविधाएं प्रदान करते हैं।
5. जहाजों के रखरखाव की व्यवस्था करते हैं।

**प्रश्न 2. विश्व व्यापार संगठन की भूमिका विकसित एवं विकासशील देशों के लिए समान नहीं रही है। इस कथन को उचित तर्क देकर स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में विश्व व्यापार संगठन की भूमिका क्या है? कुछ देशों द्वारा विश्व व्यापार संगठन की आलोचना क्यों की गई है? स्पष्ट कीजिए। (CBSE-2014)**

**अथवा**

**अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में विश्व व्यापार संगठन की भूमिका उसकी आलोचना के साथ स्पष्ट कीजिए? (CBSE 2011, Outside)**

उत्तर : विश्व व्यापार संगठन की नींव GATT (जनरल एग्रीमेंट आन ट्रेड एन्ड टैरिफ) के रूप में 1948 में पड़ी थी। 1995 में GATT विश्व व्यापार संगठन के रूप में परिवर्तित हो गया। इसकी भूमिका निम्नलिखित है–

- विश्व व्यापार संगठन एकमात्र ऐसा अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है, जो राष्ट्रो के मध्य विवादों का निपटारा करता है।

- यह संगठन दूर संचार और बैंकिंग जैसी सेवाओं तथा अन्य विषयों जैसे बौद्धिक सम्पदा अधिकार के व्यापार को भी अपने कार्यों में सम्मिलित करता है।

**आलोचना :–**

1. WTO ने मुक्त व्यापार एवं भूमंडलीकरण को बढ़ावा दिया है जिसके कारण धनी और धनी एवं गरीब देश और गरीब हो रहे हैं।
2. विकसित देशों ने अपने बाजार को विकासशील देशों के उत्पादों के लिए नहीं खोला है।
3. इस संगठन में केवल कुछ प्रभावशाली राष्ट्रो का वर्चस्व है।
4. WTO पर्यावरणीय मुद्दों, बालश्रम, श्रमिकों के स्वास्थ्य व अधिकारों की उपेक्षा करता है।

**प्रश्न 3. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के अस्तित्व में आने के प्रमुख कारण क्या है?**

**या**

**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के आधार क्या हैं? स्पष्ट करें?**

**(CBSE 2012, Outside, 2011 Outside, 2008 Delhi)**

**या**

**अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के निम्नलिखित आधारों की व्याख्या कीजिए।**

**(Compt-2016)**

**(i) राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता**

**(ii) जनसंख्या के कारक**

उत्तर : विश्व के प्रत्येक देश एक या अन्य वस्तुओं के उत्पादन में विशिष्टीकरण प्राप्त होते हैं। यही विशिष्टीकरण अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का आधार बनता है।

1. राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता
2. जनसंख्या का आकार
3. आर्थिक विकास की अवस्था।
4. विदेशी निवेश की सीमा।
5. परिवहन ।

उपर्युक्त कारक अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के आधार के रूप में कार्य करते हैं। (कारकों को विस्तृत करके लिखें।)

# भाग : ख

# भारत : लोग और अर्थव्यवस्था

# अध्याय–1

# जनसंख्या : वितरण, घनत्व, वृद्धि और संघटन

**भारतीय जनसंख्या**

**वितरण**

**उच्च जनसंख्या वाले राज्य** ( 5 करोड़)–
उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, पं बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, अ.प्रदेश

**मध्यम जनसंख्या वाले राज्य**(1 करोड़ से 5 करोड़)
उत्तराखण्ड, पंजाब, हरियाणा, असम, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, ओडीसा, केरल

**निम्न जनसंख्या वाले राज्य** ( 1 करोड़ से कम–)
हिमाचल प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गोआ, सिक्किम

जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक
- भौतिक
- सामाजिक एवं सांस्कृतिक
- ऐतिहासिक एवं अन्य

**घनत्व**

- अंक गणितीय घनत्व = कुल जनसंख्या / कुल क्षेत्रफल
- कायिक घनत्व = कुल जनसंख्या / निवल कृषित क्षेत्र
- कृषीय घनत्व = कुल कृषि जनसंख्या / निवल कृषित क्षेत्र

**वृद्धि** की अवस्थाएँ

- रूद्ध वृद्धि का काल (1901–1921)
- स्थिर वृद्धि (1921–1951)
- विस्फोट का काल (1951–1981)
- घटती वृद्धि का काल (1981 के पश्चात्)

जनसंख्या घनत्व अधिक होने के कारण

- भौतिक कारक
- सामाजिक एवं सांस्कृतिक कारक
- आर्थिक कारक
- ऐतिहासिक कारक
- राजनैतिक कारक

अधिक घनत्व — बिहार (1102)

निम्न घनत्व — अरुणाचल प्रदेश (17)

संघटन

- ग्रामीण नगरीय जनसंख्या
- भाषाई
- धार्मिक
- व्यवसायिक
- लिंग संघटन
- श्रम की प्रतिभागिता




* भारत में प्रत्येक 10 वर्ष में होने वाली जनगणना के माध्यम से जनसंख्या के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं।

* जनसंख्या घनत्व को प्रति इकाई क्षेत्र में व्यक्तियों की संख्या के रूप में व्यक्त किया जाता है।

* जनसंख्या की वृद्धि– समय के दो अंतरालों के बीच एक क्षेत्र विशेष में होने वाली जनसंख्या में परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि कहा जाता है।

* कायिक घनत्व– $\frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{निवल कृषि क्षेत्र}}$

* कृषि घनत्व– $\frac{\text{कुल कृषि जनसंख्या}}{\text{निवल कृषि क्षेत्र}}$

↓

* कृषि जनसंख्या में कृषक और कृषि श्रमिक और उनके परिवार के सदस्य शामिल होते हैं।

- भारत में पहली जनगणना 1872 में हुई थी पर पहली संपूर्ण जनगणना 1881 में हुई।
- 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. था।
- जनसंख्या दोहराना (Population doubling Time) वह समय वृद्धि है जो किसी प्रदेश की जनसंख्या खुद को दुगना करने में लगाती है।

# जानने योग्य तथ्य
## 2011 की जनगणना के आधार पर

| | | |
|---|---|---|
| 1. | भारत की कुल जनसंख्या | – 1210193422 |
| 2. | भारत की कुल जनसंख्या घनत्व | – 382 व्यक्ति / कि.मी. |
| 3. | भारत की कुल स्त्री पुरूष अनुपात | – 943 / प्रति हजार पुरूषों पर |
| 4. | भारत की कुल साक्षरता दर | – 74.04 प्रतिशत |
| 5. | सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य | – उत्तर प्रदेश |
| 6. | सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य | – सिक्किम |
| 7. | सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य | – बिहार (1106 व्यक्ति / कि.मी.) |
| 8. | सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य | – अरूणाचल प्रदेश (17 व्यक्ति कि.मी.) |
| 9. | जनसंख्या की कुल वृद्धि दर | – 1.64 प्रतिशत वार्षिक |
| 10. | विश्व की जनसंख्या का भाग | – 17.5 प्रतिशत |
| 11. | वह राज्य जहाँ 2011 में ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक था | – हिमाचल प्रदेश |
| 12. | वह राज्य जहाँ 2011 में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक था | – गोआ |
| 13. | केन्द्रशासित प्रदेश जहाँ ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक था | – अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह |
| 14. | केन्द्रशासित प्रदेश जहाँ नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक था | – दिल्ली |

## भाग–क

## (बहुविल्पीय प्रश्न, एक अंक वाले)

**प्रश्न 1. राजस्थान जो पहले विरल जनसंख्या क्षेत्र था अब जनसंख्या का उच्च संकेन्द्रित क्षेत्र है, क्योंकि यहाँ**

(a) परिवहन जाल में विकास हुआ है।

(b) ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता है।

(c) एतिहासिक स्थलों का नवीकरण हुआ है।

(d) सिचाई का विकास हुआ है।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नही है–**

| **वर्ष** | **प्रवृत्ति** |
|---|---|
| (a) 1921–1951 | स्थिर वृद्धि |
| (b) 1901–1921 | अत्याधिक जनसंख्या वृद्धि का काल |
| (c) 1981 से अबतक | घटती वृद्धि का काल |
| (d) 1951 से 1981 | जनसंख्या विस्फोट |

**प्रश्न 3. (i)भारतीय जनसंख्या में किशोर वर्ग की क्षमताओं का विकास देश के आर्थिक, सामाजिक, उत्थान के लिए अतिआवश्यक है।**

**(ii)भारत सरकार ने इस उद्देश्य से 2014 –NYP 2015 में कौशल विकास तथा उद्यमिता के लिए नीति बनाई है।**

(a) केवल (i) कथन सत्य है

(b) केवल (ii) कथन सत्य है

(c) दोनों (i) और (ii) कथन सत्य है।

(d) दोनों कथन असत्य हैं।

**प्रश्न 4. व्यक्ति जो एक वर्ष में कम से कम 183 दिन काम करता है–**

(a) सीमांत श्रमिक

(b) मुख्य श्रमिक

(c) कुशल श्रमिक

(d) अकुशल श्रमिक

**प्रश्न 5. भारत में ............. भाषाएं एवं ............. के लगभग बेलिया हैं। (भाषाई सर्वेक्षण, 1903–1928 अनुसार )**

(a) 22 भाषाएँ एवं 154 बोलियाँ

(b) 154 भाषाएँ एवं 22 बोलियाँ

(c) 179 भाषाएँ एवं 544 बोलियाँ

(d) 544 भाषाएँ एवं 179 बोलियाँ

**प्रश्न 6. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य का लिंग–अनुपात अधिकतम एवं निम्नतम है?**

(a) बिहार एवं राजस्थान　　(b) केरल एवं हरियाणा

(c) हरियाणा एवं केरल　　(d) बिहार एवं केरल

**प्रश्न 7. निम्न में से कौन सा युग्म सही है-**

| | **धार्मिक संगठन** | **जनसंख्या में प्रतिशत** |
|---|---|---|
| (a) | हिंदू | 79.8% |
| (b) | मुस्लिम | 2.3% |
| (c) | ईसाई | 0.7% |
| (d) | सिक्ख | 0.4% |

**प्रश्न 8. किस वर्ष को भारत में 'जनांकिय विभाजक' वर्ष कहा जाता है।**

(a) 1921–31　　(b) 1911–21

(c) 1931–41　　(d) 1941–51

**प्रश्न 9. राष्ट्रीय कौशल विकास नीति** (National Policy for skill development) **के बारे में निम्न तथ्यों पर विचार करें-**

(i) 2015 में शुरू की गई

(ii) इसका उद्देश्य देश में दो सही कौशल नीतियों को एक-रूपता प्रदान करना

(ii) इन गतिविधियों को एक मानक के साथ बाधना

(iv) विभिन्न कौशलों को इनके भाग केंद्रों के साथ बाधना

(a) सिर्फ (i) सही है　　(b) सिर्फ (i) तथा (ii) सही है

(c) सिर्फ (ii) तथा (ii) सही है　　(d) सभी तथ्य सही है

**प्रश्न 10. कुल जनसंख्या तथा निवल कृषित क्षेत्र के बीच का अनुपात ............ कहलाता है?**

(a) कायिक घनत्व

(b) गणितीय घनत्व

(c) कृषि घनत्व

(d) ज्यामिति घनत्व

**प्रश्न 11.** **कथन** (i) **अनुसूचित भाषाएं वे भाषाएं हैं, जिन्हें भारतीय संविधान की 8 वीं अनुसूची में सम्मिलित किया गया है।**

**कथन** (ii) **भारतीय संविधान में कुल 22 भाषाओं को अनुसूचित किया गया है।**

**विकल्पः**

(a) कथन (i) और (ii) दोनों असत्य हैं।

(b) कथन (i) सही एवं (ii) गलत हैं।

(c) कथन (i) और (ii) सही हैं एवं कथन (ii) पहले कथन का ही समर्थन करता है।

(d) कथन (i) गलत एवं (ii) कथन सही हैं।

**प्रश्न 12.** **जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि की गणना में सम्मिलित किया जाता हैं।**

(a) जन्म दर | (b) मृत्यु दर
(c) अप्रवास | (d) उत्प्रवास

(A) (i) और (iv) | (B) (iv) और (iii)
(C) (i) और (ii) | (D) (ii) और (iii)

**प्रश्न 13.** **2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक एवं निम्नतम हैं?**

(a) बिहार एवं अरुणाचल प्रदेश | (b) अरुणाचल प्रदेश एवं विहार
(c) बिहार एवं महाराष्ट्र | (d) अरुणाचल प्रदेश एवं हरियाणा

**प्रश्न 14.** **निम्न युग्मों को सुमेलित करें-**

| **भाषा परिवार** | **आधुनिक भारतीय भाषा प्रतिशत** |
|---|---|
| (i) आस्ट्रिक | (A) 73% |
| (ii) द्रविड़ | (B) 0.85% |
| (iii) चीनी-तिब्बती | (C) 1.38% |
| (iv) भारतीय यूरोपीय | (D) 20% |

विकल्प-

(a) i-A, ii-B, iii-C, iv-D | (b) i-B, ii-A, iii-D, iv-C
(c) i-C, ii-A, iii-D, iv-B | (d) i-C, ii-D, iii-B, iv-A

**प्रश्न 15.** **कथन** (i) **जनसंख्या के घनत्व को प्रति इकाई क्षेत्र में व्यक्तियों की संख्या द्वारा अभिव्यक्त किया जाता है।**

**कथन** (ii) **जनसंख्या के घनत्व से भूमि के संदर्भ में जनसंख्या के स्थानिक वितरण को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिलती हैं।**

विकल्पः

(a) कथन (i) और (ii) दोनों असत्य हैं।

(b) कथन (i) सही एवं (ii) गलत हैं।

(c) कथन (i) और (ii) सही हैं एवं कथन (ii) पहले कथन का ही समर्थन करता है।

(d) कथन (i) गलत एवं (ii) कथन सही हैं।

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1-d | 2-b | 3-c | 4-b | 5-c | 6-b |
| 7-a | 8-b | 9-d | 10-a | 11-c | 12-a |
| 13-a | 14-d | 15-c | | | |

## भाग—ख
## (लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)

**प्रश्न 1. ''भारत में जनसंख्या का वितरण असमान है।'' कथन का विश्लेषण कीजिए।**

उत्तर : भारत में जनसंख्या का वितरण अत्यधिक असमान है। भारत की लगभग 76 प्रतिशत आबादी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाकट एवं गुजरात में बसती है। जो यह उजागर करता है कि भारत में:—

1. **भौतिक कारकों में असमानताएँ**:— देश में कृषि एवं अन्य आर्थिक क्रियाओं के लिए अनुकूल भौतिक कारकों का वितरण अत्याधिक असमान है । उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में उपजाऊ मैदान एवं अनुकूल जलवायु बड़ी जनसंख्या का पोषण कर सकती है।

2. **असमान औद्योगिक विकास**:— महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक जैसे राज्यों में कृषि के साथ—साथ औद्योगिक विकास भी जनसंख्या, संकेंद्रण का कारण है।

3. देश में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक अवस्थितियाँ है जिसके वजह से देश में जनसंख्या का वितरण असमान है ।

**प्रश्न 2. आर्थिक स्तर की दृष्टि से भारत की जनसंख्या को कितने वर्गों में बांटा जा सकता है?** **(CBSE Delhi, 2008)**

उत्तर : आर्थिक स्तर की दृष्टि से भारत की जनसंख्या को तीन वर्गों में बांट सकते हैं:—

1. **मुख्य श्रमिक** :— वह व्यक्ति जो एक वर्ष में कम से कम 183 दिन कात करता है, मुख्य श्रमिक कहलाता है।

2. **सीमांत श्रमिक** :— वह व्यक्ति जो एक व्यक्ति जो एक वर्ष 183 दिनों से कम दिन काम करता है सीमांत श्रमिक कहलाता है।

3. **अश्रमिक** :— जो व्यक्ति बेरोजगार होता है उसे अश्रमिक कहते हैं।

**प्रश्न 3. 1901—1921 की समयावधि में भारत की जनसंख्या वृद्धि दर में स्थिरता या नकारात्मकता क्यों थी? कारण स्पष्ट करें?**

**(CBSE Delhi, 2011, Outside)**

उत्तर : इस अवधि में भारत में जन्मदर एवं मृत्युदर दोनों ही उच्च थे।

1. स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का अभाव था।
2. लोगों में साक्षरता प्रतिशत बहुत कम थी।
3. खाद्यान्नों एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के समुचित वितरण की व्यवस्था नहीं थी।

**प्रश्न 4. भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा नीति कब अपनाई गई तथा इसके मुख्य उद्देश्य क्या थे?**

उत्तर : भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा नीति 2003 में अपनाई गई और इसके मुख्य उद्देश्य थेः—

1. युवाओं व किशोरों के चहुमुखी विकास पर बल देना।
2. उनके गुणों का बेहतर मार्गदर्शन देना, ताकि देश के रचनात्मक विकास में वे अपना योगदान दे सकें।
3. उनमें देशभक्ति व उत्तरदायी नागरिकता के गुणों को बढ़ाना।

**प्रश्न 5. समाज के समक्ष किशोरों की प्रमुख चुनौतियाँ क्या है?**

**या**

**यदि किशोरों को समुचित ढंग से मार्गदर्शित न किया जाए तो वे काफी सुभेध भी होते हैं —स्पष्ट करो**

उत्तर : समाज के समक्ष किशोरों की प्रमुख चुनौतियाँ हैः—

1. **निरक्षरता** :— अधिकतर किशोर वर्ग, विशेषतम स्त्रियां निरक्षर हैं। जिसके कारण वह अपने व परिवार के विकास में योगदान नहीं दे पाती।

2. **औषध दूरूपयोग** :— अधिकतर किशोर शिक्षा पूरी किए बिना ही विद्यालय छोड़े देते हैं और औषध या मदिरापान के कारण रास्ता भटक जाते है। ऐसे लोग समाज के लिए अभिशाप बन जाते हैं और सामाजिक परिवेश को बिगाड़ते हैं।

3. **विवाह की निम्न आयु** :— विवाह की निम्न आयु उच्च मातृ मृत्यु दर का कारण बनती है। जो आगे जाकर लिंगानुपात को प्रभावित करती है।

4. **समुचित मार्गदर्शन का अभाव** :— किशारों को समुचित मार्गदर्शन देने के लिए किसी ठोस कदम का अभाव है। जिस कारण वे मार्ग से भटक जाते हैं।

5. **अन्य चुनौतियां**:—HIV, AIDS किशोरी माताओं से उच्च मातृ मृत्यु दर आदि।

**प्रश्न 6. आर्थिक कारकों के कारण जनसंख्या किस प्रकार प्रभावित होती है? उदाहरण द्वारा स्पष्ट करें ।**

उत्तर : आर्थिक कारकों में प्राथमिक, द्वितीयक व तृतीयक क्रियाएँ भी सम्मिलित होती है। तकनीकी ज्ञान आर्थिक क्रियाओं का अंग है। इसलिए जिस क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान पर निर्भर विकास होता है, वही अधिक जनसंख्या निवास करती है। औद्योगिक व नगरीय क्षेत्रों में इसी कारण अधिक जनसंख्या बसी होती है। जैसे—मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलरू आदि। जिन क्षेत्रों में कृषि अधिक होती है, वहाँ उत्पादन अधिक होता है, वे क्षेत्र भी अधिक बसे होते है। जैसे —पश्चिमी, उत्तर प्रदेश, हरियाणा आदि।

**प्रश्न 7. 1921—1951 के मध्य जनसंख्या वृद्धि स्थिर होने के तीन कारण स्पष्ट करें।**

उत्तर :

1. स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के कारण, मृत्यु दर में कमी आई।
2. लोगों में जागरूकता आई व वृद्धि दर नियमित रही।
3. समाज में शिक्षा के कारण लोगों में जागरूकता आई व जन्म दर भी कम रही।
4. परविहन एवं संचार तंत्र के बेहतर होने से वितरण प्रणाली में सुधार आना।

## भाग—ग
## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1. भारत में चार भाषा परिवार कौन से है? दो प्रमुख भाषा परिवारों की दो—दो विशेषताएं बताइए।**

उत्तर : भारत में चार भाषा परिवार :—

1. भारतीय—यूरोपीय (आर्य)
2. द्रविड़
3. आस्ट्रिक
4. चीनी—तिब्बत

# भाषा परिवारों की विशेषताएं

**भारतीय–यूरोपीय (आर्य)**

1. कुल जनसंख्या का लगभग तीन चौथाई भाग आर्य भाषाएं बोलता है।
2. इस परिवार की भाषाओं का संकेद्रण पूरे उत्तरी भारत में हैं। इसमें हिन्दी मुख्य है।

**द्रविड़ भाषा परिवार**

1. कुल जनसंख्या का लगभग पांचवा भाग द्रविड़ भाषाएं बोलता है।
2. इस परिवार की भाषाएं मुख्यतः प्रायद्वीपीय पठार तथा छोटा पठार के क्षेत्रों में बोली जाती है। इस परिवार में तेलुगु, तमिल, कन्नड़ तथा मलयालम मुख्य भाषाएं हैं।

**प्रश्न 2. भारत में जनसंख्या के घनत्व के स्थानिक वितरण की विवेचना कीजिए?**

उत्तर : **1.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या की घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

**2.** राज्य स्तर पर जनसंख्या के घनत्व में बहुत विषमताएं पाई जाती है। अरूणाचल प्रदेश में 17 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। जबकि बिहार में यह घनत्व 1106 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

**3.** केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली का घनत्व सबसे अधिक 11320 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हैं जबकि अंडमान निकोबार द्वीप समूह में केवल 46 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है।

**4.** प्रायद्वीपीय भारत में केवल केरल राज्य का घनत्व सबसे अधिक 860 है इसके बाद तमिलनाडु 555 का दूसरा स्थान है।

**5.** पर्यावरण की विपरीत दशाओं के कारण उत्तरी तथा उत्तरी–पूर्वी भारतीय राज्यों की जनसंख्या घनत्व बहुत कम है। जबकि मध्य प्रदेश भारत तथा प्रायद्वीपीय भारत में मध्य दर्जे का जनसंख्या घनत्व पाया जाता है।

**प्रश्न 3. जनसंख्या वृद्धि दर का क्या अर्थ है? भारत की जनसंख्या वृद्धि में बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ से लेकर वर्तमान तक जो चार प्रवृत्तियाँ अवस्थाएँ स्पष्ट दिखाई देती है, उनका वर्णन कीजिए?**

उत्तर : जनसंख्या वृद्धिदर–किसी विशेष क्षेत्र में विशेष समयावधि में होने वाले जनसंख्या परिवर्तन को जब प्रतिशत में व्यक्त किया जाता है उसे जनसंख्या वृद्धिदर कहते हैं।

**भारतीय जनसंख्या वृद्धि की चार प्रवृत्तियाँ**

1. **स्थिर वृद्धि की अवधि (1921 से पहले)** :— 1901 से 1921 की अवधि को भारत की जनसंख्या की वृद्धि की स्थिर अवस्था कहा जाता है, क्योंकि इस अवधि में वृद्धि दर अत्यंत निम्न थी यहां तक कि 1911—1921 के दौरान ऋणात्मक वृद्धि दर रही है। जन्म दर मृत्यु दर दोनों ऊँचे थे जिससे वृद्धि दर निम्न रही।

2. **निरंतर वृद्धि की अवधि (1921—1951)** :— इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि निरंतर बढ़ती गई क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के कारण मृत्यु दर में कमी आई इसीलिए इस अवधि को मृत्यु प्रेरितवृद्धि कहा जाता है।

3. **तीव्र वृद्धि की अवधि (1951—1981)** :— इस अवधि को भारत में जनसंख्या विस्फोट की अवधि के नाम से भी जाना जाता है। विकास कार्यों में तेजी, बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ, बेहतर जीवन स्तर के कारण मृत्यु दर में तीव्र ह्रास और जन्म दर में उच्च वृद्धि देखी गई ।

4. **घटती वृद्धि की अवधि (1981 से आज तक)** :— 1981 से वर्तमान तक वैसे तो देश की जनसंख्या की वृद्धि दर ऊँची बनी रही है परन्तु इसमें धीरे—धीरे मंद गति से घटने की प्रवृत्ति पाई जाती है। विवाह की औसत आयु में वृद्धि, स्त्रियों की शिक्षा में सुधार व जनसंख्या नियन्त्रण के कारगर उपायों ने इस वृद्धि को घटाने में मदद की है।

**प्रश्न 4. जनसंख्या घनत्व किसे कहते हैं? जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले भौतिक कारणों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : प्रति इकाई क्षेत्रफल पर निवास करने वाले लोगों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

भारत में जनसंख्या वितरण घनत्व को निम्न भौतिक कारक प्रभावित करते हैं :—

1. **उच्चावच** :— जनसंख्या के बसाव के लिए मैदान अधिक उपयुक्त होते हैं। पर्वतीय व पठारी या घने वर्षा भागों में जनसंख्या कम केंद्रित होती है। उदाहरण के लिए भारत में उत्तरी मैदान घना बसा है जबकि उत्तर—पर्वतीय भाग तथा उत्तर—पूर्वी वर्षा वाले भागों में जनसंख्या घनत्व कम है।

2. **जलवायु** :— जलवायु जनसंख्या वितरण को प्रभावित करती है। थार मरूस्थल में गर्म जलवायु और पठारी भाग व हिमालय के ठंडे क्षेत्र सम—जलवायु वाले क्षेत्रों की अपेक्षा कम घने बसे है।

3. **मृदा** :– मृदा कृषि को प्रभावित करती है। उपजाऊ मृदा वाले क्षेत्रों में कृषि अच्छी होने के कारण इसलिए ये भाग अधिक घने बसे है। उदाहरण–उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब आदि।

4. **जल की उपलब्धता** :– जल की उपलब्धता बसावट को आकर्षित करती है। वे अधिक घने बसे होते हैं जैसेः– सतलुज–गंगा का मैदान, तटीय मैदान आदि।

**प्रश्न 5. भारत में पुरुष श्रमिकों की संख्या स्त्री श्रमिकों की संख्या से सभी सेक्टरों में अधिक है। स्त्रियों की सहभागिता दर कम होने के प्रमुख कारकों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर**

**कारण**

1. सम्मिलित परिवार व्यवस्था
2. स्त्रियों में शिक्षा का निम्न स्तर
3. रोजगार के सीमित अवसर
4. स्त्रियों पर परिवार की अधिक जिम्मेदारी होना
5. स्त्रियों की सामाजिक सुरक्षा का निम्न होना

**प्रश्न 6. लिंग के आधार पर सामाजिक भेदभाव, अलगाँव तथा बहष्किार किसी भी विकासशील आरे सभ्य समाज के लिए कए गंभीर समस्या है। इस कथन के संदर्भ मेंअपने विचार प्रस्तुत कीजिए।**

**अथवा**

**'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं' सामाजिक अभियान भारत सरकार द्वारा समाज में स्त्रियों की स्थिति को मजबूत बनाता है। कथन की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर समाज का विभाजन पुरूष, महिला और ट्रांसजेंडर में प्राकृतिक और जैविक रूप से माना जाता है। जिसमे सामाजिक रूप से कोई भेदभाव नही होना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के अनुसार यदि विकास में सभी जेंडर सम्मिलित नही है तो ऐसा विकास लूप्तप्राय है।

समाज में सभी लोगो को शिक्षा, रोजगारा, राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान अवसर, समानकार्य के लिए समान वेतन, स्वाभिमान के साथ जीवन जीन का अवसर मिले इसके लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

भारत सरकार ने लिंग संवेदनशीलता तथा भेदभाव से होने वाले दुष्प्रभावों को ध्यान में रखते हुंए राष्ट्रीय स्तर पर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ सामाजिक अभियान चलाया है। इस अभियान की सफलता महिलाओं के हर स्तर पर बढ़े सकल नामांकन अनुपात में परिलक्षित होती है।

## स्त्रोत आधारित प्रश्न



# Gender: India better than neighbours

**WOMEN ON TOP**



कुछ उन मुद्दों की पहचान करें जिनमें भारत पड़ोसी देशों से आगे है या फिर पीछे है।

**प्रश्न 1. स्त्रोत को ध्यान से पढ़ें और निम्न प्रश्नों के उत्तर दें–**

(a) भारत के पड़ोसी देशों में कम लिंगानुपात का क्या कारण है?

(b) पश्चिमी देशों में उच्च लिंगानुपात क्यों है?

(c) कम लिंगानुपात किसी देश में महिलाओं की स्थिति के बारे में क्या बताता है।

उत्तर : (a) सामाजिक और धार्मिक सरंचना, आर्थिक पिछड़ापन, अशिक्षा (निरक्षरता)

(b) औद्योगिक विकास, सामाजिक और लैंगिक समानता।

(c) कम स्वंतत्रता, घरेलू हिंसा, लैंगिक असमानता, कन्या भ्रूण हत्या।



चित्र 1.4 : भारत - व्यावसायिक संरचना, 2011

**प्रश्न 2. निम्न ग्राफ को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(a) किस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में सर्वाधिक अन्य श्रमिक हैं।

(b) किस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में सर्वाधिक कृषक हैं।

(c) यदि भारत में मुख्य और सीमांत श्रमिकों का अनुपात घटेगा तो इसका क्या प्रभाव होगा।

उत्तर : (a) चंड़ीगढ़

(b) हिमाचल–प्रदेश

(c) आश्रित लोगों की संख्या में वृद्धि होगी।

# अध्याय–2

# मानव बस्तियाँ



## भाग–क

## (बहुविल्पीय प्रश्न, एक अंक वाले)

**प्रश्न 1. किस प्रकार की ग्रामीण बस्ती को संकुलित बस्ती के रूप में भी जाना जाता है?**

a) पल्ली

b) अर्धगुच्छित

c) परिक्षिप्त

d) गुच्छित

**प्रश्न 2. वे स्थान जहाँ नगरपालिका कैंटोनमेंट बोर्ड/नोटीफाइड टाउन एरिया कमेटी है, क्या कहलाते है?**

a) महानगर

b) जनगणना नगर

c) पर्यटन नगर

d) प्रशासनिक नगर

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में पल्ली बस्तियों के पाए जाने की संभावना अधिक है?**

a) हिमालय की निचली घाटियों में

b) गुजरात के मैदान व राजस्थान में

c) उत्तरी मैदानों में

d) उत्तर पूर्व के वन और पहाड़ियों में

**प्रश्न 4. कौन सी योजना का उद्देश्य ऐसे सघन क्षेत्र पर ध्यान केन्द्रत करना है जो एक मॉडल के रूप में अन्य बढते हुए शहरों के लिए लाइट हाऊस का काम करता है।**

a) राष्ट्रीय आजीविका मिशन

b) प्रधानमंत्री शहरी विकास योजना

c) स्मार्ट सिटी मिशन

d) शहरी भारत के लिए राष्ट्रीय मिशन

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से कौन से शहर नदी तट पर स्थित नहीं है?**

a) आगरा b) पटना

c) कोलकाता d) भोपाल

**प्रश्न 6. निम्नलिखित में से कौन सा नगर गैरिसन नगर नहीं है**

a) लखनऊ

b) जालंधर

c) बबीना

d) अंबाला

**प्रश्न 7. 1850 के बाद आधुनिक उद्योगों पर आधारित किस नगर का जन्म हुआ?**

a) कोलकाता

b) मुंबई

c) दिल्ली

d) जमशेदपुर

**प्रश्न 8. महानगर किसे कहते हैं?**

a) एक लाख से अधिक नगरीय जनसंख्या

b) 25 हजार से अधिक नगरीय जनसंख्या

c) 50 हजार से अधिक ग्रामीण जनंसख्या

d) एक लाख से अधिक ग्रामीण जनसंख्या

**प्रश्न 9. भारत का सबसे बड़ा नगरीय संकुल कौन सा है?**

a) वृहत मुंबई

b) दिल्ली

c) चेन्नई

d) कोलकाता

**प्रश्न 10. निम्न में कौन सा प्राचीन नगर का उदाहरण है?**

a) वाराणसी

b) चण्डीगढ़

c) गांधी नगर

d) चेन्नई

**प्रश्न 11. निम्न में से कौन सा प्रशासनिक नगर नहीं है?**

a) चण्डीगढ़

b) गांधी नगर

c) कुरुक्षेत्र

d) दिसपुर

**प्रश्न 12. स्मार्ट सिटी मिशन का क्या उदेश्य है?**

a) शहरों में आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा देना।

b) शहरों में जनसंख्या को बढ़ाना।

c) शहरों में जनसंख्या को घटाना।

d) शहरों की संख्या घटाना।

**प्रश्न 13. पाली किस प्रकार की बस्तीयों को कहा जाता है?**

a) गुच्छित बस्तियाँ

b) पल्ली बस्तियाँ

c) अर्थ–गुच्छित बस्तियाँ

d) नगरीय बस्तियाँ

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से कौन आर्थिक वृद्धि के नोड के रूप में कार्य करते हैं?**

a) गांव

b) नगर

c) राज्य

d) जिलें

**प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किस नगर का इतिहास मध्यकाल से जुड़ा है?**

a) लखनऊ

b) सूरत

c) दमन

d) पांडिचेरी

## उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1-D | 2-D | 3-A | 4-C | 5-D | 6-A |
| 7-D | 8-A | 9-A | 10-A | 11-C | 12-A |
| 13-B | 14-B | 15-A | | | |

## भाग–ख

## (लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)

**प्रश्न 1. भारत की ग्रामीण बस्ती एवं नगरीय बस्ती में आधारभूत अंतर स्पष्ट करें। (कोई तीन अंतर)**

उत्तर : भारत की ग्रामीण एवं नगरीय बस्ती में तीन आधारभूत अंतर निम्नलिखित है:–

**ग्रामीण बस्ती**

(i) यहाँ के लोग अपने जीवन यापन के लिए अधिकतर प्राथमिक क्रियाकलापों पर निर्भर करते है जैसे – कृषि, पशुपालन आदि ।

(ii) ग्रामीण बस्तियों में उत्पादित सब्जी, फल–फूल, अनाज आदि जैसे उत्पाद, नगरीय बस्तियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।

(i) (iii) ग्रामीण लोग एक स्थान छोड़कर दूसरे स्थान जाकर बसने के बारे में कम सोचते हैं अतः उनमें सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होते है। ग्रामीण बस्तियों के निवासियों में क्षैतिज गतिशीलता कम होती है ।

**नगरीय बस्ती**

(i) नगरीय बस्तियों में द्वितीयक एवं तृतीयक तथा विभिन्न प्रकार की सेवाओं की प्रधानता होती है ।

(ii) नगरीय बस्तियों के विनिर्माण उद्योग के उत्त्पाद ग्रामीण बस्तियों में जाते हैं। परिवहन एवं संचार माध्यम के जरिए यह कार्य संपन्न होता है।

(iii) शहरों में क्षैतिज गतिशीलता अधिक पाई जाती है अर्थात् लोग एक जगह जाकर बस जाते हैं।

(iv) उनमें सामाजिक संबंधों में औपचारिकता अधिक होती है ।

**प्रश्न 2. कोई नगर नगरीय संकुल कब बन जाता है ?**

उत्तरः कोई नगर नगरीय संकुल बन जाता है जब इसमें से किसी एक का समावेश होता हैं :

(i) नगर एवं उससे संलग्न विस्तार

(ii) विस्तार सहित या बिना विस्तार के जब दो या अधिक नगर मिल जाते हैं।

(iii) एक नगर या उससे सटे हुए या एक से अधिक नगर और उन नगरों के क्रमिक विस्तार जैसे रेलवे कॉलोनी, विश्वविद्यालय परिसर, पत्तन क्षेत्र या सैनिक छावनी को मिलाकर नगरीय संकुल बन जाता है ।

**प्रश्न 3. पल्ली बस्तिया क्या है ? भारत के किन्हीं दो क्षेत्रों के नाम बताए जहां इस प्रकार की बस्तियां पाई जाती है ? (सीबीएसई–2013)**

उत्तर : वे बस्तियाँ जो किसी बडे गाँव से अलग छोटे–छोटे समूहों में बस जाती है लेकिन वे उसी बड़े गाँव का ही हिस्सा होती है इन्हें अलग–अलग जगहों में अलग–अलग नामों में पुकारा जाता है जैसे पल्ली, नंगला, ढाणी, पूर्वा

आदि। ये बस्तियाँ छत्तीसगढ़ एवं हिमालय की निचली घाटियों में पाई जाती हैं।

**प्रश्न 4. भारत में ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारों के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन भैतिक कारकों को स्पष्ट कीजिए । (सीबीएसई–2015)**

**या**

**''बस्तियों के प्रकार या निर्मित क्षेत्र के विस्तार द्वारा निधार्रित होते हैं। फिर भी अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ अन्य प्रकार की ग्रामीण बस्तियाँ पाई जाती हैं।'' इन बस्तियों के प्रंकारों के लिए उत्तरदायी भौतिक कारकों का वर्णन कीजिए ।**

उत्तर : भारत में ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारों के लिए उत्तरदायी भौतिक कारक निम्नलिखित हैं :–

(i) उच्चावच की प्रकृति–मानव अपने निवास हेतु ऊँचे क्षेत्रों को बाढ़ व जंगली जानवरों से सुरक्षित रहने के लिए चुनता है।

(ii) जल की उपलब्धता–कृषि व अपने ग्रामीण बस्तियां जल स्रोतों के निकट बसती हैं।

(iii) उर्वरक मृदा–मनुष्य बसने के लिए उस जगह का चुनाव करता है, जहाँ की मृदा कृषि के लिए उपयुक्त एवं उपजाऊ हो।

(iv) जलवायु मानव अपने निवास हेतु अनुकूल जलवायु में रहना पसंद करते हैं।

**प्रश्न 5. ''भारत में आधुनिक नगरों में से कई एक नगर अंग्रेजी शासन में विकसित हुए थे।'' इस कथन को प्रमाणित कीजिए ।**

**(सी.बी.एस.ई.–2011, 2012 व 2016)**

उत्तर : यह सच है कि भारत में आधुनिक नगरों में से कई नगर अंग्रेजी शासन में विकसित हुए थे –

– व्यापार के उद्देश्य से तटीय क्षेत्रों में नगरों का विकास किया गया ।

– केन्टोंमेन्ट कैम्प नगरों का विकास हुआ जैसे जी.टी.बी. नगर।

– विश्राम स्थलों को विकसित किया गया तथा पर्वतीय नगरो का विकास किया गया ।

– मुम्बई, चेन्नई व कोलकत्ता जैसे प्रमुख नोड़ों पर अंग्रेजों ने अपनी पकड़ मजबूत की तथा उन्हें विकसित किया ।

**प्रश्न 6. ''ग्रामीण बस्तियों के विपरीत नगरीय बस्तियाँ सामान्यतः संहत और**

**विशाल आकार की होती हैं।'' कथन का स्पष्टीकरण उचित तर्क द्वारा कीजिए ।**

उत्तर : ग्रामीण बस्तियों के विपरीत नगरीय बस्तियाँ सामान्यतः सहंत और विशाल आकार की होती है क्योंकि :–

- नगरीय बस्तियाँ अनेक प्रकार के अकृषि, आर्थिक व प्रशासकीय प्रकार्यों में संलग्न होती है।
- नगर अपने चारों ओर के क्षेत्रों से प्रकार्यात्मक रुप से जुड़ा हुआ होता है।
- वस्तुओं व सेवाओं के विनिमय के कारण नगर मण्डी शहरों व नगरों की श्रृखला से जुडे रहते हैं इसलिए नगर संहत व विशाल आकार के होते हैं।

**प्रश्न 7. भारत में परिक्षिप्त ग्रामीण बस्तियों की विशेषताएँ बताइएँ।**

उत्तर : भारत में परिक्षिप्त या एकाकी बस्तियों की प्रमुख विशेषताएँ हैं –

(i) ये बस्ती प्रारुप सुदूर जंगलो या छोटो पहाड़ियों की ढालों पर खेतों या चारागाहों के आस पास दिखाई पड़ते हैं।

(ii) इनमें मकान एक दूसरे से दूर बने होते हैं और लोग अलग अलग या एकाकी रहते हैं।

(iii) मेघालय, उत्तरांचल व हिमाचल प्रदेश के अनेक भागों में यही बस्ती पाई जोती हैं ।

**प्रश्न 8. नगर आर्थिक वृद्धि के नोड के रूप में कैसे कार्य करते हैं?**

उत्तर : (i) नगर न केवल नगर निवासियों को बल्कि अपने पश्च भूमि को ग्रामीण बस्तियों को भी भोजन और कच्चे माल बस्तियों को भी भोजन और कच्चे माल के बदल वस्तुएँ व सेवाएँ उपलब्ध कराते हैं।

(ii) नगरीय और ग्रामीण के बीच प्रकार्यात्मक संबंध परिवाहन और संचार परिपथ के माध्सम से सीपिक होता है।

(iii) अपनी आर्थिक गतिविधियों के कारण नगर आर्थिक वृद्धि के नोड के रूप में कार्य करते हैं।

## भाग–ग

## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1. भारत में पाई जाने वाली ग्रामीण बस्तियों के विभिन्न प्रकारों का विश्लेषण कीजिए तथा स्पष्ट कीजिए कि भौतिक एवं सांस्कृतिक कारक इनकी वर्गीकरण को कैसे प्रभावित करते हैं?**

**अथवा**

**गुच्छित बस्तियाँ तथा पल्ली बस्तियों में अंतर स्पष्ट करे । उपयुक्त उदाहरण से इसको विवरण दे।**

उत्तर : वृहत तौर पर भारत की ग्रामीण बस्तियों को चार प्रकारों में रख सकते हैं। गुच्छित बस्तियाँ, अर्धगुच्छित बस्तियाँ, पल्ली व एकाकी। इनमें से प्रथम तीन का वर्णन नीचे दिया गया है :–

(i) **गुच्छित बस्तियाँ** :– इस बस्तियों में घरों के समूह बहुत पास–पास होते है। इन गाँवों में आवास स्थान एवं खेत खलिहान और चारागाह क्षेत्र स्पष्ट रुप से अलग होते हैं। ये बस्तियाँ आयताकार, अरीय रैखिक आदि प्रतिरुपों में मिलती है और उपजाऊ जलोढ़ मैदानों में पाई जाती है सुरक्षा कारणों से बुंदेलखंड, नागालैंड में तथा जल के अभाव के कारण राजस्थान में ये बस्तियां मिलती हैं।

(ii) **अर्द्धगुच्छित बस्तियाँ** :– किसी बड़े गाँव में समाज का कोई वर्ग किन्हीं कारणों से मुख्य गाँव से दूर रहने लगता है । इस तरह अर्द्धगुच्छित बस्तियों का जन्म होता है । इस तरह की बस्तियाँ गुजरात एवं राजस्थान के कुछ भागों में पाई जाती है।

(iii) **पल्ली बस्तियाँ** :– इस प्रकार की बस्ती अनेक भागों में बंटी होती हैं किन्तु बस्ती का नाम एक ही होती है इस बस्ती की इकाइयों को स्थानीय स्तर पर पान्ना, पाड़ा, पाली, नगला, ढाणी इत्यादि नाम से जानते हैं। व ऐसे गाँव मध्य एवं निम्न गँगा के मैदान, छत्तीसगढ़ हिमालय की निचली घटियों में पाए जाते हैं।

**प्रश्न 2. प्रकार्य के आधार पर भारतीय नगरों को छह प्रमुख प्रकारों में वर्गीकृत करें। उदाहरण भी दीजिए ? (CBSE, 2011)**

उ. भारतीय नगरों को उनमें होने वाले कार्यों की प्रमुखता के आधार पर कई भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है उनमें से प्रमुख निम्नलिखित हैं :–

(i) **प्रशासन शहर** :– वे शहर या नगर जहां उच्चतर क्रम के प्रशासनिक मुख्यालय होते हैं जैसे दिल्ली, चंडीगढ़ आदि ।

(ii) **औद्योगिक नगर** :– जिन नगरों में उद्योगों की प्रधानता हो जैसे – मुंबई, सेलम, जमशेदपुर ।

(iii) **परिवहन नगर** :— कुछ नगर पत्तन के रुप में आयात—निर्यात में संलग्न रहते हैं जैसे कांडला, कोच्चि, विशाखापट्नम् ।

(iv) **खनन नगर** :— वे नगर जो मुख्यतः खनन के लिए जाने जाते हैं। जैसे रानीगंज, झारिया, डिगबोई आदि ।

(v) **गैरिसन (छावनी) नगर** :— जिन नगरों में सेन की छावनियां होती हैं। जैसे अंबाला, मेरठ।

(vi) **धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगर** :— ऐसे नगर जो धार्मिक व सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में विख्यात है। जैसे वाराणसी, मथुरा, अजमेर आदि।

**प्रश्न 3. भारतीय नगरों को उनके विकास के विशिष्ट गुणों के आधार पर कितने वर्गों में रखा जाता है?**

**अथवा**

**''भारत में नगरों का अभ्युदय प्रागैतिहासिक काल से हुआ है।'' उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।**

उत्तरः भारत में नगरों का विकास इतिहास के विभिन्न चरणों से प्रभावित रहा है। इस आधार पर नगरों को विभिन्न वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(i) **प्राचीन नगर**—इस काल में अधिकांश नगरों का विकास धार्मिक अथवा सांस्कृतिक केंद्रों के रूप में हुआ है। उदाहरण के लिए प्रयाग (इलाहाबाद), पाटलिपुत्र (पटना) मदुरई।

(ii) **मध्यकालीन नगर**—इस काल में अधिकांशतः नगरों का विकास रजवाड़ों व राज्यों के मुख्यालयों के रूप में हुआ। हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, आगरा इसके उदाहरण हैं।

(iii) **आधुनिक नगर**—अंग्रेजों व अन्य यूरोपीय देशों ने अपनी प्रभाविता को प्रत्यक्ष रूप से अथवा रजवाड़ों पर नियंत्रण के माध्यम से प्रशासनिक केंद्रों, ग्रीष्मकालीन विश्राम स्थलों, पत्तनों प्रशासनिक व सैन्य क्षेत्रों को नगरों के रूप में विकसित किया।

(iv) **स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के नगर**—इस समय अनेक नगर प्रशासनिक केंद्रो जैसे—चंडीगढ़, भुवनेश्वर आदि व औद्योगिक केंद्र जैसे दुर्गापुर, भिलाई, बरौनी आदि के रूप में विकसित हुए।

**प्रश्न 4. स्मार्ट सिटी मिशन के क्या उद्देश्य हैं?**

उत्तरः

(i) स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य शहरों को बढ़ावा देना है जो आधारभूत सुविधाओं, साफ तथा सतत पर्यावरण और अपने नागरिकों को बेहतर जीवन प्रदान करते हैं।

(ii) आधारभूत सुविधाओं और सेवाओं के लिए स्मार्ट समाधानों को लागू करना है।

(iii) कम संसाधनों का उपयोग तथा सस्ती सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सके।

(iv) इसमें सतत तथा समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

(v) ऐसे एक मॉडल के रूप में अन्य बढ़ते हुए शहरों के लिए लाइट हाऊस का काम करे।

# अध्याय–3

# भू संसाधन एवं कृषि

## भू–उपयोग वर्गीकरण

1. वनों के अधीन क्षेत्र
2. गैर कृषि कार्यों में प्रयुक्त भूमि
3. बंजर व व्यर्थ भूमि
4. स्थायी चारागाह क्षेत्र
5. कृषि योग्य व्यर्थ भूमि
6. वर्तमान परती भूमि
7. पुरातन परती भूमि
8. निवल बोया गया क्षेत्र
9. विविध तरू फसलों व उपवनों के अन्तर्गत क्षेत्र

## भू संसाधन एवं कृषि

### कृषि फसल ऋतुएँ

- रबी की फसल–गेंहूँ, चना, सरसों।
- खरीफ की फसल–चावल, कपास, मोटे अनाज
- जायद की फसल–सब्जियाँ, फल, चारा फसलें।

### प्रमुख फसलें

**प्रमुख फसलें**

खाद्यान्न फसलें : चावल, गेहूँ, मक्का, ज्वार

तिलहन फसलें : सरसों, मूंगफली, सोयाबीन

रेशेदार फसलें : कपास, जूट

अन्य फसलें : गन्ना, चाय काफी

### कृषि के प्रकार

1. 
- सिंचित कृषि
- रक्षित सिंचाई कृषि
- उत्पादन सिंचाई कृषि

2. 
- वर्षा निर्भर कृषि
- शुष्क भूमि कृषि
- आर्द्र, भूमि कृषि

### भारतीय कृषि की समस्याएँ

- मानसून पर निर्भरता
- ऋणग्रस्तता
- छोटे व विखंडित खेत
- वाणिज्यीकरण का अभाव
- निम्न उत्पादकता
- भूमि सुधारों की कमी
- अल्प बेरोजगारी
- उपेक्षापूर्ण सरकारी नीति

## कुछ तथ्य

1) खाद्यान्नों के उत्पादन में भारत का विश्व में स्थानः तृतीय (चीन एंव U.S.A के बाद)
2) रबी एवं खरीफ की मुख्य फसलः—रबी—गेहूँ, खरीफ—चावल, जायद—सब्जियाँ
3) गेहूँ उत्पादन में अग्रणी राज्य :— उत्तर प्रदेश, पंजाब हरियाणा, राजस्थान
4) किन फसलों के उत्पादन में विश्व में भारत अग्रणी (प्रथम स्थान) है :— दालें, चाय
5) हरित क्रान्ति का आधार :— अच्छे बीज, उर्वरक एवं सिंचाई
6) चावल का प्रमुख उत्पादक राज्य :— पश्चिम बंगाल
7) मूंगफली का प्रमुख उत्पादक राज्य :— गुजरात
8) जूट उत्पादन का प्रमुख राज्य :— पश्चिम बंगाल
9) ज्वार उत्पादन प्रमुख राज्य—महाराष्ट्र
10) सरसों उत्पादन का प्रमुख राज्य—राजस्थान।
11) कुल तिलहन उत्पादन का प्रमुख राज्य—मध्यप्रदेश।
12) गन्ना का प्रमुख उत्पादक राज्य—उत्तरप्रदेश।

### खंड—क

### बहुविकल्पीय प्रश्न ( एक अंक)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित फसलों में से कौन सी एक खरीफ ऋतु की फसल नहीं है?**

a) अरहर
b) सरसों
c) जूट
d) बाजरा

**प्रश्न 2. कृषि गहनता है ___________.**

a) निवल बोया गया क्षेत्र / सकल बोया गया क्षेत्र x 100

b) सकल बोया गया क्षेत्र / निवल बोया गया क्षेत्र

c) सकल बोया गया क्षेत्र / निवल बोया गया क्षेत्र x 100

d) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 3. भारत के कौन से राज्य में किसान चावल की तीन फसलें बोते है जिन्हें ओस,अमन,बोरो कहा जाता है?**

a) गुजरात

b) राजस्थान

c) दिल्ली

d) पश्चिम बंगाल

**प्रश्न 4. निम्नलिखित फसलों में से कौन सी जायद ऋतु की फसल नहीं हैं?**

a) तरबूज

b) मक्का

c) खीरा

d) चारा फसलें

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में किन देशों द्वारा गेहूँ और चावल की अधिक उत्पादकता की किस्मों को विकसित किया गया था?**

a) मैक्सिको, फिलीपींन्स

b) रूस, जापान

c) चीन, आस्ट्रेलिया

d) मैक्सिको, अमेरिका

**प्रश्न 6. निम्नलिखित में से कौन सी हरित क्रांति की विशेषता है?**

a) उत्पादन में बढ़ोत्तरी

b) सिंचाई के साधनों का विकास

c) उर्वरक व कीटनाश्कों का प्रयोग

d) उपर्युक्त सभी

**प्रश्न 7. चाय, गन्ना, जूट फसलों के उत्पादन में भारत का कौन–सा स्थान है?**

a) प्रथम b) दूसरा

c) तीसरा d) चौथा

**प्रश्न 8. भारत में कौन–सा संगठन प्रशासनिक इकाई के, भौगोलिक क्षेत्रों को मापता है?**

a) भारतीय सैन्य विभाग b) भारतीय सर्वेक्षण विभाग

c) भारतीय पुरातत्व विभाग d) भारतीय कृषि विभाग

**प्रश्न 9. निम्नलिखित मे से कौन–सी मोटे अनाज वाली फसल है?**

a) गेंहूँ b) चावल

c) रागी d) जूट

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से कौन–सी फसल को नरमा के नाम से जाना जाता है?**

a) चावल b) कपास

c) गन्ना d) जूट

**प्रश्न 11. निम्नलिखित में कौन–सी फसलें व्यापारिक फसलें है?**

a) गन्ना और कपास b) गेंहूँ और गन्ना

c) जूट व चावल d) ज्वार और बाजरा

**प्रश्न 12. निम्नलिखित में कौन–सी फसल का प्रयोग पेय पदार्थ के रूप में किया जाता है?**

a) गन्ना b) चाय

c) रागी d) ज्वार

**प्रश्न 13. वर्षा निर्भर कृषि को किस नाम से जाना जाता है?**

a) सिंचित कृषि b) बारानी

c) शुष्क कृषि d) आर्द्र भूमि कृषि

**प्रश्न 14. भारत अधिकतर किस किस्म की कॉफ़ी का उत्पादन करता है?**

a) रोबस्ता b) लिबेरिका

c) अरेबिका d) कोई नहीं

**प्रश्न 15. भारत के किस भाग में सबसे पहले चाय की कृषि प्रारम्भ की गई थी?**

a) गंगा–यमुना का मैदान b) नील गिरी की पहाड़िया

c) इलाइची की पहाड़ियाँ d) असम की बह्रमपुत्र घाटी

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1-B | 2-C | 3-D | 4-B | 5-A | 6-D |
| 7-A | 8-B | 9-C | 10-B | 11-A | 12-B |
| 13-B | 14-C | 15-D | | | |

## खंड–ख

## लघुउत्तरीय प्रश्न (तीन अंकीय प्रश्न)

**प्रश्न 1. भारत के तीनों भिन्न फसल ऋतुओं की किन्हीं दो–दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिये। (सी.बी.एस.ई. – 2014)**

उत्तर : भारत में निम्नलिखित तीन कृषि ऋतु होती है :–

(i) **खरीफ ऋतु** :– यह ऋतु जून माह में प्रारम्भ होकर सितम्बर माह तक रहती है। इस ऋतु में चावल, कपास, जूट, ज्वार बाजरा व अरहर आदि की कृषि की जाती है। खरीफ की फसल दक्षिण पश्चिम मानसून के साथ संबंधित है। दक्षिण पश्चिम मानसून के साथ चावल की फसल शुरू होती है।

(ii) **रबी ऋतु** :– रबी की ऋतु अक्टूबर–नवम्बर में शरद ऋतु से प्रारम्भ होती है। गेहूँ, चना, तोराई, सरसों, जौ आदि फसलों की कृषि इसके अन्तर्गत की जाती है।

(iii) **जायद ऋतु** :– जायद एक अल्पकालिक ग्रीष्मकालीन फसल ऋतु हैं जो रबी की कटाई के बाद प्रारम्भ होती है। इस ऋतु में तरबूज, खीरा, सब्जियां व चारे की फसलों की कृषि होती है।

**प्रश्न 2. फसलों के लिए आर्द्रता के प्रमुख स्रोत के आधार पर भारत में कृषि को कितने समूहों में वर्गीकृत किया जा सकता है? नाम लिखिए एंव प्रत्येक की दो विशेषताएँ बताइये।**

उत्तर : 1) सिंचित कृषि 2) वर्षा निर्भर कृषि,

1) सिंचित कृषि :–

- वर्षा के अतिरिक्त जल की कमी को सिंचाई द्वारा पूरा किया जाता है। इसका उद्‌देश्य अधिकतम क्षेत्र को पर्याप्त आर्द्रता उपलब्ध कराना है।
- फसलों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराकर अधिकतम उत्पादकता प्राप्त कराना तथा उत्पादन योग्य क्षेत्र को बढ़ाना।

**2) वर्षा निर्भर कृषि :–**

- यह पूर्णतया वर्षा पर निर्भर होती है।
- उपलब्ध आर्द्रता की मात्रा के आधार पर इसे शुष्क भूमि कृषि व आर्द्र भूमि कृषि में बाँटते हैं।

**प्रश्न 3. सतत् कृषि के लिए कृषि राष्ट्रीय मिशन का क्या महत्व है?**

उत्तर : सतत् कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन कृषि को अधिक विशिष्ट, स्थायी पारिश्रमिक और जलवायु अनुकूल बनाने के लिए निम्नलिखित चीजों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

1. विशिष्ट एकीकृत और समग्र कृषि प्रणालियों को बढ़ावा देना।
2. उपयुक्त मिट्टी और नमी संरक्षण उपायों से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना है।
3. सरकार परपंरागत कृषि विकास योजना और राष्ट्रीय कृषि विकास योजन जैसी योजनाओं के माध्यम् से देश में जैविक कृषि जैसी योजनाओं के माध्यम् से देश में जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है।

**प्रश्न 4. अंतर स्पष्ट करें :—**

1) बंजर भूमि तथा कृषि योग्य व्यर्थ भूमि।

2) शुद्ध बुआई क्षेत्र एंव सकल बोया गया क्षेत्र।

उत्तर : **1) बंजर भूमि** :— वह भूमि जो भौतिक दृष्टि से कृषि के अयोग्य है जैसे वन, ऊबड़—खाबड़ भूमि एंव पहाड़ी भूमि, रेगिस्तान एंव अपरदित खड्ड भूमि आदि।

**कृषि योग्य व्यर्थ भूमि** :— यह वह भूमि है जो पिछले पाँच वर्षों या उससे अधिक समय तक व्यर्थ पड़ी है। इस भूमि को कृषि तकनीकी के जरिये कृषि क्षेत्र के योग्य बनाया जा सकता है।

**2) शुद्ध बुआई क्षेत्र** :— किसी कृषि वर्ष में बोया गया कुल फसल क्षेत्र शुद्ध बुआई क्षेत्र कहलाता है।

**सकल बोया गया क्षेत्र** :— जोते एंव बोये गये क्षेत्र में शुद्ध बुआई क्षेत्र तथा शुद्ध क्षेत्र का वह भाग शामिल किया जाता है जिसका उपयोग एक से अधिक बार किया गया हो।

**प्रश्न 5. भारत में कृषि भूमि का क्षरण कृषि क्षेत्र के लिए एक गंभीर चुनौती क्यों हैं, इसका मूल्यांकन कीजिए। अपने उत्तर को कारणों और परिणामों के साथ स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : भूमि संसाधनों के निम्नीकरण के कारण :—

1) नहर द्वारा अत्यधिक सिंचाई—जिसके कारण लवणता एंव क्षारीयता में वृद्धि होती है।

2) कीटनाशकों का अत्याधिक प्रयोग।

3) जलाक्रांतता (पानी का भराव होना)।

4) फसलों को हेर–फेर करके न बोना, दलहन फसलों को कम बोना। सिंचाई पर अत्याधिक निर्भर फसलों को उगाना।

**परिणाम** :– 1) मिट्टी की उर्वरता शक्ति कम होना।

2) मिट्टी का अपरदन।

**प्रश्न 6. वर्तमान परती एवं पुरातन परती भूमि में क्या अंतर है ?**

उत्तर : **वर्तमान परती भूमि** :– यह वह भूमि जिस पर एक वर्ष या उससे कम समय के लिये खेती नहीं की जाती। यह भूमि की उर्वरता बढ़ाने का प्राकृतिक तरीका होता है।

**पुरातन परती भूमि** :– वह भूमि जिसे एक वर्ष से अधिक किन्तु पाँच वर्ष से कम के लिये खेती हेतु प्रयोग नहीं किया जाता।

**प्रश्न 7. ''किसी क्षेत्र के भू उपयोग अधिकतर उस क्षेत्र की आर्थिक क्रियाओं की प्रकृति पर निर्भर करता है। भारत में तीन उदाहरण देकर कथन की पुष्टि करें।**

**1) अर्थव्यवस्था का आकार** :– इसे उत्पादित वस्तुओं तथा सेवाओं के मूल्य के संदर्भ में समझा जाता है। समय के साथ जनसंख्या बढ़ने के कारण भूमि पर दबाव पड़ता है तथा सीमांत भूमि को भी प्रयोग में लाया जाता है।

**2) अर्थव्यवस्था की संरचना** :– द्वितीयक तथा तृतीयक सेक्टरों में प्राथमिक सेक्टर की अपेक्षा अधिक तीव्रता से वृद्धि होती है। इस प्रक्रिया में धीरे – धीरे कृषि भूमि गैर कृषि संबंधित कार्यों में प्रयुक्त होती है।

**3) कृषि कलापों का योगदान** :– समय के साथ कृषि क्रिया कलापों का अर्थव्यवस्था में योगदान कम होता जाता है, परंतु भूमि पर कृषि कलापों का दबाव कम नहीं होता।

**प्रश्न 8. भारत में भू–संसाधनों का महत्व उन लोगों के लिए अधिक है जिनकी आजीविका कृषि पर निर्भर है। स्पष्ट कीजिए।(C.B.S.E.-2014)**

उत्तर : 1) द्वितीय एंव तृतीय क्रियाओं की अपेक्षा कृषि पूर्णतया भूमि पर आधरित है। भूमिहीनता का ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी से प्रत्यक्ष संबंध है।

2) भूमि की गुणवत्ता कृषि उत्पादन को प्रभावित करती है अन्य कार्यों की नही।

3) ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि का स्वामित्व आर्थिक मूल्य के साथ–2 सामाजिक सम्मान से भी जुडा है।

**प्रश्न 9. भारत की दो प्रमुख पेय फसलों के नाम लिखिए। प्रत्येक फसल के दो महत्वपूर्ण उत्पादक राज्यों के नाम बताइए।**

उत्तर : भारत की दो प्रमुख पेय फसलें—चाय और कहवा।

1) चाय के महत्वपूर्ण उत्पादक राज्य—असम, पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु

2) कहवा के महत्वपूर्ण उत्पादक राज्य—कर्नाटक, केरल व तमिलनाडु।

**प्रश्न 10. साझा संपत्ति संसाधन का छोटे कृषकों तथा महिलाओं के लिए विशेष महत्व है। इस कथन को स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : 1) ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन छोटे कृषकों तथा अन्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के जीवन यापन में इनका महत्व है क्योंकि भूमिहीन होने के कारण पशुपालन से प्राप्त आजीविका पर निर्भर है।

2) ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की जिम्मेदारी चारा व ईंधन एकत्रित करने की होती है।

3) साझा संपत्ति संसाधन वन उत्पाद जैसे—फल, रेशे, गिरी, औषधीय पौधे आदि उपलब्ध कराती है।

## खंड—ग

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (पाँच अंकों वाले)

**प्रश्न 1. छोटी कृषि जोत और कृषि योग्य कृषि योग्य भूमि का निम्नीकरण भारतीय कृषि को दो प्रमुख समस्याएँ किस प्रकार है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ?**

उत्तर : भारतीय कृषि की प्रमुख दो समस्याएं :—

1. **छोटी कृषि जोत** :— बढ़ती जनसंख्या के कारण भूमि जोतों का आकार लगातार सिकुड़ रहा है। लगभग 60 प्रतिशत किसानों की जोतो का आकार तो एक हेक्टेयर से भी कम है और अगली पीढ़ी के लिए इसके और भी हिस्से हो जाते हैं जो कि आर्थिक दृष्टि से लाभकारी नहीं है। ऐसी कृषि जोतो पर केवल निर्वाह कृषि की जा सकती है।

2. **कृषि योग्य भूमि का निम्नीकरण** :— कृषि योग्य भूमि का निम्नीकरण कृषि की एक अन्य गंभीर समस्या है इससे लगातार भूमि का उपजाऊपन कम हो जाता है। यह समस्या उन क्षेत्रों में ज्यादा गंभीर है जहां अधिक सिंचाई की जाती है। कृषि भूमि का एक बहुत बड़ा भाग लवणता, क्षारता व जलाक्रांतता के कारण बंजर हो चुका है। कीटनाशक रसायनों के कारण भी उर्वरता शक्ति कम हो जाती है।

**प्रश्न 2. भारतीय कृषि के विकास में 'हरित क्रांति' की क्या भूमिका रही है ? वर्णन कीजिए ।**

उत्तर : भारत में 1960 के दशक में खाद्यान फसलों के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए अधिक उत्पादन देने वाली नई किस्मों के बीज किसानों को उपलब्ध कराये गये। किसानों को अन्य कृषि निवेश भी उपलब्ध कराये गए, जिसे पैकेज प्रौद्योगिकी के नाम से जाना जाता है। जिसके फलस्वरूप पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश , आंध्र प्रदेश, गुजरात, राज्यों में खाद्यान्नों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। इसे हरित क्रान्ति के नाम से जाना जाता है। हरित क्रान्ति की निम्नलिखित विशेषताएं है :–

1) उन्नत किस्म के बीज
2) सिंचाई की सुविधा
3) रासायनिक उर्वरक
4) कीटनाशक दवाईयां
5) कृषि मशीनें

**प्रश्न 3.** रोजगार, एकल घरेलू उत्पाद (GDP) और खाद्य सुरक्षा में योगदान के आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

उत्तर : भारत एक कृषि प्रधान देश है। इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का अत्याधिक महत्व है।

1. देश की कुल श्रमिक शक्ति का 80 प्रतिशत भाग कृषि का है।
2. देश के कुल राष्ट्रीय उत्पाद में 26 प्रतिशत योगदान कृषि का है।
3. कृषि से कई कृषि प्रधान उद्योगों को कच्चा माल मिलता है जैसे कपड़ा उद्योग, जूट उद्योग, चीनी उद्योग।
4. कृषि से ही पशुओं को चारा प्राप्त होता है।
5. कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारशिला ही नहीं बल्कि जीवन यापन की एक विधि है।

**प्रश्न 4. साझा संपत्ति संसाधन का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी मुख्य विशेषताएं बताइए?**

उत्तर : भूमि के स्वामित्व के आधार पर भूमि संसाधनों को दो भागों में बांटा जाता है:–

1) निजी भू–संपति।

2) साझा संपत्ति संसाधन।

निजी संपत्ति पर व्यक्ति का निजी या कुछ व्यक्तियों का निजी स्वामित्व होता है जबकि साझा संपत्ति सामुदायिक उपयोग हेतु राज्यों के स्वामित्व में होती है। इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं –

1) पशुओं के लिए चारा, घरेलू उपयोग हेतु ईंधन, लकड़ी तथा साथ ही अन्य वन उत्पाद जैसे फल, रेशे, गिरी, औषधीय पौधे आदि साझा संपति संसाधन में आते हैं।
2) आर्थिक रूप में कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के जीवन–यापन में इन भूमियों का विशेष महत्व है क्योंकि इनमें से अधिकतर भूमिहीन होने के कारण पशुपालन से प्राप्त अजीविका पर निर्भर हैं।
3) महिलाओं के लिए भी इनका विशेष महत्व है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में चारा व ईंधन लकड़ी के एकत्रीकरण की जिम्मदारी उन्हीं की होती है।
4) सामुदायिक वन, चारागाह, ग्रामीण जलीय क्षेत्र तथा अन्य सार्वजनिक स्थान साझा संपत्ति संसाधन के उदाहरण है।

**प्रश्न 5. 1990 के दशक की उदारीकरण नीति तथा उन्मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था ने भारतीय कृषि विकास को प्रभावित किया हैं स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : 1) उदारीकरण नीति तथा उन्मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था ने ग्रामीण कृषि अवसंरचना के विकास में कमी तथा किसानों को मिलने वाले समर्थन मूल्य में कमी पैदा की है

2) इस नीति के कारण सरकार ने कृषि क्षेत्र की योजनाओं को पीछे कर दिया है। राष्ट्रीय आय का बहुत कम भाग कृषि विकास पर खर्च किया जाता है।
3) किसानों को बीजों उर्वरकों तथा कीटनाशकों पर मिलने वाली छूट में कमी आयी है।
4) ग्रामीण ऋण उपलब्धता में रूकावटें पैदा हुई है।
5) अंतर प्रादेशिक व अंतवैयक्तिक विषमता पैदा हुई है।

**प्रश्न 6. ''पिछले पचास वर्षों में कृषि उत्पादन व प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय बढोतरी हुई है'' इस कथन की पुष्टि उपयुक्त तथ्यों द्वारा किजिए।**

उत्तर.
- बहुत सी फसलों जैसे चावल तथा गेहूँ के उत्पादन तथा पैदावार में प्रभावशाली वृद्धि हुई है। दालों व जूट के उत्पादन में प्रथम व चावल, गेहूँ, गन्ना, मूंगफली में भारत दूसरा बड़ा उत्पादक देश है।
- सिंचाई के प्रसार ने देश में कृषि उत्पादन बढानें में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- आधुनिक कृषि प्रौद्योगिकी बीजों की उत्तम किस्में रासायनिक खादों, कीटनाशकों तथा मशीनरी के प्रयोग के लिए आधार प्रदान किया है।
- देश के विभिन्न क्षेत्रों में आधुनिक कृषि, प्रौद्योगिकी का प्रसार तीव्रता से हुआ है। रासायनिक उर्वरकों की खपत में भी कई गुना वृद्धि हुई है।
- उत्तम बीज के किस्मों में कीट प्रतिरोधकता कम है अतः कीटनाशकों की खपत में भी महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

**प्रश्न 7. भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् कृषि विकास की महत्वपूर्ण नीतियों का वर्णन कीजिए ?**

उत्तर (1) स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले भारतीय कृषि मुख्यतः जीविकोपार्जी थी, जिसके अंतर्गत किसान बड़ी मुश्किल से अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के लिए ही फसलें उगा सकता था। इस अवधि में सूखा तथा अकाल आम घटनाएं हुआ करती थी और लोगों को खाद्यांनों की कमी की सामना करना पड़ता था।

(2) सवतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद सरकार ने खाद्यांन्नों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए जिनका उद्देश्य निम्नलिखित है।

a) व्यापारिक फसलों के स्थान पर खाद्यांन्नों की कृषि को बढ़ावा देना

b) कृषि गहनता को बढ़ाना

c) कृषि योग्य बंजर तथा परती भूमि को कृषि भूमि में परिवर्तित करना।

(3) केंन्द्र सरकार में 1960 में गहन क्षेत्र विकास कार्यक्रम (Intensive area Development Programme IADP) तथा गहन कृषि क्षेत्र कार्यक्रम (Intensive Agricultural Area programme IAAP) आरम्भ किया।

(4) गेंहूँ तथा चावल के अधिक उपज देने वाले बीज (HYV High Yielding Variety) भारत में लाए गए।

(5) रासायनिक उर्वरकों का उपयोग और सिंचाई की सुविधाओं में सुधार एवं उनका विकास किया गया। इन सबके संयुक्त प्रभाव को हरित क्रांति (Green Revolution) के नाम से जाना जाता है।

# खंड–घ
## स्रोत आधारित प्रश्न

**प्रश्न 1. उपर्युक्त आरेख के आधार पर निम्नलिखित पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर है।**




**प्रश्न (i) कौन–कौन से संवर्गो में वृद्धि तथा कमी आई है ?**

उत्तर : **वृद्धि संवर्ग :–**

a) वन क्षेत्र

b) गैर कृषि कार्यों में प्रयुक्त भूमि

c) वर्तमान परती भूमि

d) निवल बोया क्षेत्र

**गिरावट संवर्ग :–**

a) बंजर भूमि

b) कृषि योग्य व्यर्थ भूमि

c) चरागाहों व तरू फसल क्षेत्र

d) कृषि योग्य व्यर्थ भूमि के अतिरिक्त परती भूमि।

**प्रश्न (ii) गैर कृषि कार्यों में अधिकतम वृद्धि दर का क्या कारण है ?**

उत्तर : भारतीय अर्थव्यवस्था में बदलाव जैसे तृतीयक सेक्टर व औद्योगिक इकाई की ओर वृद्धि होना।

**प्रश्न (iii) वर्तमान परती भूमि में वृद्धि के क्या कारण है ?**

उत्तर : वर्तमान परती क्षेत्र में समयानुसार काफी उतार चढ़ाव आते है जो फसल चक्र पर निर्भर है।

**प्रश्न (iv) चरागाह भूमि में गिरावट के क्या कारण है ?**

उत्तर : चरागाह भूमि में गिरावट का प्रमुख कारण कृषि भूमि पर बढ़ता दबाव है। साझी चरागाहों पर गैर कानूनी तरीकों से कृषि विस्तार इसकी न्यूनता का कारण है।

# अध्याय–4

# जल संसाधन

**भारत के जल संसाधन**

- धरातलीय जल संसाधन
  1. नदियाँ
  2. तालाब
  3. झील
  4. लैगून, पश्च जल
- भौम जल संसाधन
  1. कुएँ
  2. नलकूप

**जल संरक्षण एवं प्रबन्धन**

- जल प्रदूषण से बचाव
- वर्षा जल संग्रहण
  - सर्विस कूप
  - पुनर्भरण कूप
  - झीलों द्वारा
  - जल संभर प्रबन्धन
- जल संभर
- जल पुनर्चक्रण
- वैधानिक व्यवस्थायें

---

**पृथ्वी पर जल वितरण**




**भारत में विश्व की जनसंख्या का प्रतिशत**




**भारत में जल की मात्रा का प्रतिशत**



## पाठ एक नजर में

- पृथ्वी का लगभग 71% धरातल पानी से आच्छादित है। परन्तु अलवणीय जल की मात्रा कुल जल का केवल 3% ही है।
- भारत में विश्व के कुल क्षेत्रफल का लगभग 2.45 प्रतिशत, जनसंख्या का लगभग 17% तथा जल संसाधनों का 4 प्रतिशत भाग ही पाया जाता है।
- देश में एक वर्ष में वर्षण से प्राप्त कुल जल की मात्रा लगभग 4000 घन कि.मी. है। धरातलीय जल और पुनः पूर्ति योग्य भौम जल से 1869 घन कि.मी. जल उपलबध है।
- जल संभर प्रबंधन का संबंध धरातलीय और भौम जल संसाधनों के दक्ष प्रबंधन से है।
- तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है, जहाँ जल संग्रहण संरचना आवश्यक है।
- धरातलीय जल के चार मुख्य स्रोत है, नदियाँ, झीलें, तलैया और तालाब। भारत में कुल नदियों व उसकी सहायक नदियों जिनकी लम्बाई 1.6 कि.मी. से अधिक है। इनकी संख्या 10360 है।
- जनसंख्या वृद्धि, जल का अति उपयोग व पर्यावरण प्रदूषण के कारण जल संकट बढ़ती जा रही है।
- भारत में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और तमिलनाडु राज्यों में भौम जल का उपयोग बहुत अधिक है। जबकि छत्तीसगढ़, उड़ीसा, केरल राज्य भौम जल क्षमता का बहुत कम उपयोग करते हैं।
- भारत में सतह जल व भूमिगत जल का सबसे अधिक उपयोग कृषि क्षेत्र में होता हैं।
- जल में वाह्य पदार्थों जैसे सूक्ष्म, जीव, रासायनिक पदार्थ, आद्योगिक और अन्य अपशिष्ट आदि पदार्थों से प्रदूषित होता है।
- देश में गंगा और यमुना दो अत्यधिक प्रदूषित नदियाँ है।
- केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने देश में बहुत से जल–संभर विकास एवं जल प्रबंधन कार्यक्रम चलाए है।

## खंड–क
## बहुविकल्पीय प्रश्न (एक अंक)

**प्रश्न 1. निम्न लिखित में से किस नदी बेसिन का कुल पुनः पूर्तियोग्य भौमजल–संसाधन सबसे कम है?**

a) तापी

b) गंगा

c) सवर्णरेखा

d) चम्बल तथा सहायक नदियाँ

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढकर असत्य कथन का चयन कीजिए।**

1)जल एक अजैविक संसाधन है।

2)पृथ्वी पर मानव तथा अन्य जीवों के उपयोग के लिए अलवणीय जल की मात्रा केवल 3% ही है

3)गोदावरी, कृष्णा और कावेरी में बार्षिक जल प्रवाह का उपयोग, गंगा और बह्नपुत्र नदियों की अपेक्षा अधिक होता है।

a) केवल 1

b) केवल 3

c) केवल 1 और 2

d) केवल 2 और 3

**प्रश्न 3.** बिहार में किस रसायन की पानी में अधिक सांद्रता है।

a) जिटसम

b) लवणता

c) फ्रलोराइड

d) संखिया (आर्सेनिक)

**प्रश्न 4. भारत में भौमजल का सर्वाधिक उपयोग करने वाले राज्य निम्नलिखित में से कौन है?**

a) पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, और तमिलनाडु

b) छत्तीसबढ़, ओडिशा, और केरल

c) गुजरात, उत्तरप्रदेश, बिहार, त्रिपुरा और महाराष्ट्र

d) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 5. धरातलीय और भौमजल का सर्वाधिक उपयोग किस क्षेत्र में है?**

a) औद्योगिक क्षेत्र

b) कृषि

c) घरेलू सेक्टर

d) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 6. हीराकुंड बांध का निर्माण किस नदी पर किया गया है?**

a) सतलुज

b) ब्यास

c) महानदी

d) नर्मदा

**प्रश्न 7. वर्षण से प्राप्त जल कैसा होता है?**

a) वायुमंडलीय

b) पृष्ठीय

c) लवणीय

d) अलवणीय

**प्रश्न 8. वर्षा का जल बहकर नदियों, झीलों और तालाबों में चला जाता है, उसे क्या कहते हैं?**

a) महासागरीय

b) पृष्ठीय जल

c) भौम जल

d) अलवणीय जल

**प्रश्न 9. कथन (A) जल संसाधनों का तेजी से निम्नीकरण हो रहा है।**

**कथन (B) जल प्रदूषण देश के विभिन्न भागों में विषैली धातुओं फलुओराईड और नाइट्रेटस के संकेन्द्रण के कारण होता है।**

**विकल्पः**

a) A तथा B दानों ठीक है तथा B,A की सही व्याख्या करता है।

b) A तथा B दोनों ठीक है तथा B,A की सही व्याख्या नहीं करता

c) A ठीक है व B गलत है

d) B ठीक है व A गलत है

**प्रश्न 10. भारत के किस राज्य में कुंओं तथा नलकूपों द्वारा सिंचित क्षेत्र सर्वाधिक हैं?**

a) तमिलनाडु

b) गुजरात

c) राजस्थान

d) असम

**प्रश्न 11. नमाभि गंगे परियोजना किस नदी से संबंधित है?**

उत्तर : a) यमुना b) गंगा

c) बह्मापुत्र c) रावी

**प्रश्न 12. भारत मं जल कांति अभियान कब आरम्भ किया गया?**

उत्तर : a) 2015–16 b) 2017–18

c) 2020–21 d) 2022–23

**प्रश्न 13. बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ भागों में संखिया (Arsenic) के संकेद्रण में वृद्धि किस कारण हो गई है?**

उत्तर : a) अधिक जल निकालने के कारण

b) कम जल निकालने के कारण

c) अधिक वर्षा के कारण

d) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न 14. अरवारी पानी संसद परियोजना किस राज्य में शरू की गई है?**

उत्तर : a) हरियाणा

b) पंजाब

c) राजस्थान

d) केरल

**प्रश्न 15. निम्नलिखित में से कौन–सी परियोजना केन्द्र सरकार द्वारा शरू की गई है**

उत्तर : a) नीरू–मीरू

b) हरियाली

c) अरवारी पानी संसद

d) जल और आप

**प्रश्न 16. 'हरियाली प्रोग्राम' किस क्षेत्र के विकास से सम्बधित है?**

उत्तर : a) वनीकरण

b) जल संभर प्रबंधन

c) मिट्‌टी संरक्षण

d) फसल उत्पादन

**प्रश्न 17. निम्नलिखित में से कौन–सी विधि वर्षा जल संग्रहण से सम्बंधित नहीं है?**

उत्तर : a) तालाब

b) सिंचाई कुंड

c) पुनर्भरण कुंए

d) ईरीस

**प्रश्न 18. निम्नलिखित में कौन–सा कार्यक्रम जल संभर प्रबंधन से सम्बंधित नहीं है?**

उत्तर : a) हरियाली

b) नीरू–मीरू

c) अरवारी पानी ससंद

d) वन महोत्स्व

**उत्तरमाला**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (b) | 3. (d) | 4. (a) | 5. (b) |
| 6. (c) | 7. (d) | 8. (b) | 9. (a) | 10. (b) |
| 11. (b) | 12. (a) | 13. (a) | 14. (c) | 15. (b) |
| 16. (b) | 17. (d) | 18. (d) | | |

## खंड–ख

## तीन अंक वाले प्रश्न/लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 1. भारत में उद्योग जल संसाधनों को प्रदूषित करने में किस प्रकार उत्तरदायी है। उदाहरण के साथ स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**भारत में तीव्र औद्योगिकरण जल संसाधनों का तेजी से ह्रास किया है, स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : 1) उद्योगों से निकला अवशिष्ट पदार्थों को बिना शुद्ध किये नदियों व झीलों में डाला जाता है।

2) ये प्रदूषण तत्व जल जीवों को नुकसान पहुँचाते है।

3) रसायन चमड़ा, लुग्दी एवं कागज उद्योग सर्वाधिक नुकसान पहुँचाने वाले उद्योग

**प्रश्न 2. दक्षिण भारत की प्रमुख नदियों में अपने वार्षिक जल प्रवाह का अधिकतर भाग काम में लाया जाता है। लेकिन ब्रह्मपुत्र व गंगा नदियों के बेसिनों में ऐसा संभव नहीं हो पाया है। क्यों**

उत्तर : 1) गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदियों के बेसिनों में द.भारत की नदियों की अपेक्षा अधिक वर्षा होती है। इनका प्रवाह बहुत तीव्र एवं वर्ष पर्यन्त है।

2) गंगा व ब्रह्मपुत्र जैसे उत्तर भारतीय नदियों का धरातल मुलायम, समतल व नदी अवरोधों से मुक्त है। इसलिए इन नदियों के जल का अधिकांश भाग समुद्रों में चला जाता है। इसका प्रयोग नहीं होता।

3) दक्षिण भारत की नदियों में जल का अधिकांश भाग तालाबों व जलाशयों में एकत्र किया जाता है। इन नदियों पर जल प्रपात व अन्य अवरोध पाये जाते हैं इस कारण उनके जल का अधिकांश भाग प्रयोग में लाया जाता है।

**प्रश्न 3. भारत में जल संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक हैं? किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए?**

उत्तर : 1) अलवणीय जल की घटती उपलब्धता

2) शुद्ध जल की घटती उपलब्धता।

3) जल की बढ़ती मांग।

4) तेजी से फैलते हुए प्रदूषण से जल की गुणवत्ता का ह्रास

**प्रश्न 4. भारत में कुछ राज्यों में भौम जल संसाधन के अत्यधिक उपयोग के तीन दुष्परिणामों का वर्णन कीजिए। (कोई तीन कारण)**

उत्तर : भौम जल संसाधन के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणाम :–

1) पंजाब, हरियाण और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भौम जल संसाधन के अत्यधिक उपयोग से भौमजल स्तर नीचा हो गया है।
2) राजस्थान और महाराष्ट्र में अधिक जल निकालने के कारण भूमिगत जल में फ्लुरोइड की मात्रा बढ़ गई है।
3) पं. बंगाल और बिहार के कुछ भागों में संखिया की मात्रा बढ़ गई है।
4) पानी को प्राप्त करने में अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है।

## खंड–ग

## पाँच अंक वाले प्रश्न/विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 1. वर्षा जल संग्रहण किसे कहते है? वर्षा जल संग्रहण के आर्थिक व सामाजिक मूल्यों का विश्लेषण कीजिए। (किन्हीं चार का)**

**(CBSE - 2014)**

**अथवा**

**वर्षा जल संग्रहण के किन्हीं पांच उपयोगों का वर्णन करें।**

उत्तर : वर्षा जल संग्रहण विभिन्न उपयोगों के लिए वर्षा के जल को रोकने और एकत्र करने की विधि है।

**वर्षा जल संग्रहण के आर्थिक व सामाजिक मूल्य :–**

1) पानी के उपलब्धता को बढ़ाता है जिसे सिंचाई तथा पशुओं के लिए उपयोग किया जाता है।
2) भूमिगत जल स्तर को नीचा होने से रोकता है।
3) मृदा अपरदन और बाढ़ को रोकता है।
4) लोगों में सामूहिकता की भावना को बढ़ाता है।
5) भौम जल को पम्प करके निकालने में लगने वाली ऊर्जा की बचत करता है।
6) लोगों में समस्या समाधान की प्रवृत्ति बढ़ाता है।
7) प्रकृति से मधुर संबंध बनाने में सहायक होता है।
8) लोगों को एक–दूसरे के पास लाता है।
9) फ्लुओराइड और नाइट्रेटस जैसे संदूषकों को कम कर के भूमिगत जल की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

**प्रश्न 2.** भारत में जल संसाधनों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

उत्तर : जल मानव की आवश्यक आवश्यकताओं में आता है लेकिन आज जल संसाधन की प्रति व्यक्ति उपलब्धता दिनों दिन कम होती जा रही है। इससे जुड़ी समस्यायें निम्नलिखित है।

**1) जल की उपलब्धता में कमी** :– जनसंख्या वृद्धि एवं सिंचाई के साधनों में वृद्धि के कारण भूमिगत जल का दोहन बढ़ गया है जिससे भूमिगत जल का स्तर दिनों दिन घट रहा है। नगरों की बढ़ती जनसंख्या को पेय जल की आपूर्ति कठिन हो रहा है।

**2) जल के गुणों का ह्रास** :– जल का अधिक उपयोग होने से जल भंडारों में कमी आती है साथ ही उसमें बाह्य अवांछनीय पदार्थ जैसे सूक्ष्म जीव औद्योगिक अपशिष्ट आदि मिलते जाते है जिससे नदियाँ जलाशय सभी प्रभावित होते हैं। इसमें जलीय तन्त्र भी प्रभावित होता है। कभी–कभी प्रदूषक नीचे तक पहुँच जाते हैं और भूमिगत जल को प्रदूषित करते हैं।

**3) जल प्रबन्धन** :– जल प्रबंधन के लिए देश में अभी भी पर्याप्त जागरूकता नहीं है। सरकारी स्तर पर बनी नीतियों एवं कानूनों का प्रभावशाली रूप से कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है इसीलिये प्रमुख नदियों के संरक्षण के लिए बनी योजनायें निरर्थक साबित हुई है।

**4) जागरूकता एवं जानकारी का अभाव** :– जल एक सीमित संसाधन है हाँलाकि यह पुनः पूर्ति योग्य है, इसे सुरक्षित एवं शुद्ध रखना हमारी जिम्मेदारी है और इस तरह की जागरूकता का अभी देश में अभाव है।

**प्रश्न 3. जल संभर प्रबन्धन के लिए सरकार द्वारा उठाये गये प्रमुख कदम कौन से हैं? कम से कम चार बिन्दुओं में स्पष्ट करें?**

**अथवा**

**जल संभर प्रबंधन की व्याख्या करे। इसके मुख्य उद्देश्य क्या है?**

उत्तर : **जल संभर प्रबंधन** :– धरातलीय एवं भौम जल संसाधनों का दक्ष प्रबन्धन, जिसमें कि वे व्यर्थ न हो, जल संभर प्रबन्धन कहलाता है। इससे

भूमि, जल पौधे एवं प्राणियों तथा मानव संसाधन के संरक्षण को भी विस्तृत अर्थ में शामिल करते हैं।

**प्रमुख कदम :–**

1) 'हरियाली' केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तित जल संभर विकास परियोजना है। इस योजना से ग्रामीण जल संरक्षण करके पेय जल की समस्या को दूर करने के साथ–साथ वनरोपण, मत्स्य पालन एवं सिंचाई की सुविधा भी प्राप्त कर सकते हैं।

2) नीरू–मीरु कार्यक्रम आन्ध्रप्रदेश में चलाया गया है। जिसका तात्पर्य है 'जल और आप'। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को जल संरक्षण की विधियाँ सिखाई गई है।

3) अरवारी पानी संसद–राजस्थान में जोहड़ की खुदाई एवं रोक बांध बनाकर जल प्रबन्धन किया गया है।

4) तमिलनाडु में सरकार द्वारा घरों में जल संग्रहण संरचना आवश्यक कर दी गई है। उपर्युक्त सभी कार्यक्रमों में स्थानीय निवासियों को जागरूक करने उनका सहयोग लिया गया है।

**उद्देश्य :–**

1) कृषि और कृषि से संबंधित क्रियाकलापों जैसे उद्यान, कृषि, वानिकी और वन संवर्धन का समग्र रूप से विकास करना।

2) कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए।

3) पर्यावरणीय ह्रास को रोकना तथा लोगों के जीवन को ऊँचा उठाना।

**प्रश्न 4. जल संसाधनों के कम होने के उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए। भारत में जल प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए किन्हीं दो वैधानिक उपायों को बताइए।** (CBSE Board-2013)

**अथवा**

**भविष्य में भावी पीढ़ी को जल के लिए संकटमय स्थिति में ग्रसित होना पड़ सकता है। इस स्थिति के उत्पन्न होने के कारणों की विवेचना करो।**

उत्तर : भारत में जल संसाधनों की कमी के कारण :–

1) **अत्यधिक उपयोग** :– बढ़ती जनसंख्या के कारण जल संसाधनों का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। घरेलू ही नहीं औद्योगिक क्षेत्र में भी जल अत्यधिक उपयोग इस कमी को और भी बढ़ा देता है।

2) **नगरीय क्षेत्रों का धरातल कंक्रीट युक्त होना** :– बढ़ते विकास व औद्योगिकरण के कारण अब नगरीय क्षेत्रों में कहीं भी धरातल कच्चा नहीं है बल्कि कंक्रीट युक्त हो चुका है जिसमें भूमि के नीचे जल रिसाव की मात्रा में कमी होती जा रही है और भौम जल संसाधनों में कमी आ गई है।

3) **वर्षा जल संग्रहण के संदर्भ में जागरूकता की कमी** :– वर्षा जल संग्रहण के द्वारा संसाधनों का संरक्षण आसानी से किया जा सकता है। इसके लिए जरूरत है लोगों को जागरूक करने की ताकि वो वर्षा जल के महत्व को समझे और विभिन्न विधियों द्वारा उसका संग्रहण व संरक्षण कर सकें। वर्षा जल संग्रहण घरेलू उपयोग भूमिगत जल पर निर्भरता को कम करता है।

4) **जलवायविक दशाओं में परिवर्तन** :– जलवायु की दशाओं में परिवर्तन के कारण मानसून में भी परिवर्तन आता जा रहा है। जिसके कारण धरातलीय व भौम जल संसाधनों में लगातार कमी आ रही है।

5) **किसानों द्वारा कृषि कार्यों के लिए जल का अति उपयोग** :– किसानों द्वारा कृषि कार्यों के लिए अत्यधिक धरातलीय व भौम जल का उपयोग जल संसाधनों में कमी ला रहा है। बढ़ती जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वर्ष में तीन बार कृषि करने से जल संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है।

**वैधानिक उपाय** :–

(1) जल अधिनियम –1974 (प्रदूषण का निवारण और नियन्त्रण)

(2) पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम–1986

(3) जल उपकर अधिनियम– 1977

**प्रश्न 5. भारत में सिंचाई की बढ़ती हुई माँग के लिए उत्तरदायी कारकों का वर्णन कीजिए?**

उत्तर : भारत एक उष्ण कटिबन्धीय प्रदेश है इसलिए यहाँ सिंचाई की माँग अधिक है। सिंचाई की बढ़ती माँग के कारण निम्नलिखित है :–

- **वर्षा का असमान वितरण** :– देश में सारे वर्ष वर्षा का अभाव बना रहता है। अधिकांश वर्षा केवल(मानसून) वर्षा के मौसम में ही होती है इसलिए शुष्क ऋतु में सिंचाई के बिना कृषि संभव नहीं।
- **वर्षा की अनिश्चितता** :– केवल वर्षा का आगमन ही नहीं बल्कि पूरी मात्रा भी अनिश्चित है। इस उतार–चढ़ाव की कमी को केवल सिंचाई द्वारा ही पूरा किया जा सकता है।
- **परिवर्तन शीलता** :– वर्षा की भिन्नता व परिवर्तनशीलता अधिक है। किन्हीं क्षेत्रों में वर्षा अधिक होती है तो कहीं कम, कहीं समय से पहले तो कहीं बाद में। इसलिए सिंचाई के बिना भारतीय कृषि 'मानसून का जुआ' बनकर रह जाती है।
- **मानसूनी जलवायु** :– भारत की जलवायु मानसूनी है जिसमें केवल तीन से चार महीने तक ही वर्षा होती है। अधिकतर समय शुष्क ही रहता है जबकि कृषि पूरे वर्ष होती है इसलिए सिंचाई पर भारतीय कृषि अधिक निर्भर है।
- **खाद्यान्न व कृषि प्रधान कच्चे माल की बढ़ती माँग** :– देश की बढ़ती जनसंख्या के कारण खाद्यान्नों व कच्चे माल की माँग में निरन्तर वृद्धि हो रही है। इसलिए बहुफसली कृषि जरूरी है जिसके कारण सिंचाई की माँग बढ़ रही है।

**प्रश्न 6. भारत में ''जलसंभर प्रबंधन'' और ''वर्षा जल संग्रहण'' धरातलीय जल संसाधनों के दक्ष प्रबंधन और संरक्षण की विधियाँ किस प्रकार है, स्पष्ट कीजिए। (CBSE 2018)**

उत्तर : **जल संभर प्रबंधन**

**(i)** जल संभर प्रबंधन द्वारा बहते जल को रोका जाता है।

**(ii)** इसके द्वारा भौम जल का संचयन और पुनर्भरण अनेक विधियों जैसे–अंतः स्रवण तालाब, पुनर्भरण से किया जाता है।

**(iii)** इसके अंतर्गत सभी संसाधनों प्राकृतिक तथा जल संभर सहित मानवीय संसाधनो के संरक्षण, पुनरुत्पादन को सम्मिलित किया जाता है।

(iv) नीरू–मीरू (आंध्रप्रदेश) तथा अरवारी पानी संसद (अलवर, राजस्थान के अंगर्तत लोगों के सहयोग से विभिन्न जल संगहण संरचनाएं जैसे–अंतः स्रवण तालाब ताल की खुदाई की गई है और बाँध बनाए गए है।

**वर्षा जल संग्रहण :**

(i) ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत वर्षा जल संग्रहण सतह संचयन जलाशयों, जैसे–झीलों, तालाबों आदि में किया जाता है।

(ii) राजस्थान में वर्षा जल संग्रहण ढाँचे जिन्हें कुंड अथवा टाँका के नाम से जानी जाती है, निर्माण घर में संग्रहीत वर्षा जल को एकत्र करने के लिए किया जाता है।

(iii) जल संग्रहण पानी की उपलब्धता को बढ़ाता है, भूमिगत जल स्तर को नीचा होने से रोकता है, फ्लोराइड और नाइट्रेटस जैसे संदूषकों को कम करने अवमिश्रिण भूमिगत जल की गुणवत्ता बढ़ाता है।

**प्रश्न 7. जल की बढ़ती माँग और घटती आपूर्ति के बीच संतुलन स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा चलाए गए जल क्रांति अभियान की विवेचना कीजिए।**

उत्तर जल क्रांति अभियान भारत सरकार द्वारा 2015–16 में आरंभ किया गया।

उद्देश्य – 1. जल की उपलब्धता को सुनिश्चित करना।

2. स्थानीय निकायो, सरकारी संगठन एवं नागरिकों को सम्मिलित करके लोगो को जल सरंक्षण के विषय में जागरूक करना।

**इस अभियान के तहत किए गए कार्य–**

**1. जल ग्राम बनाने के लिए देश के 672 जिलो में से एक ग्राम जिसमें जल की कमी है, उसे चुना गया है।**

**2. भारत के विभिन्न भागों मं 1000 हेक्टेयर मॉडलज कमांड क्षेत्र की पहचान की गई।**

**3. प्रदूषण को कम करने के लिए–**

**जल सरंक्षण और कृत्रिम पुनर्भरण**

**भूमिगत जल प्रदूषण को कम करना**

**देश के चयनित क्षेत्र में आर्सेनिक मुक्त कुँओ का निर्माण**

**4. लोगो में जागरूकता फैलाने के लिए जनसंचार माध्यमों का प्रयोग।**

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए मानचित्र का अध्ययन करके दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**




1) पश्चिमी प्रवाही प्रमुख दो नदियों के नाम दीजिए।

उ. नर्मदा व तापी नदियाँ

2) जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश किस नदी बेसिन में स्थित है?

उ. सिन्धु नदी बेसिन।

3) गंगा नदी बेसिन में आने वाले प्रमुख दो राज्यों के नाम बताइये।

उ. उत्तर प्रदेश और बिहार।

**प्रश्न 4. नीचे दिए गए आरेख की सहायता से प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**



1) आरेख का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

उ. वर्षाजल संग्रहण विधि।

2) इस विधि द्वारा वर्षा जल का संग्रहण किस प्रकार किया जाता है? स्पष्ट करो?

उ. वर्षा के जल को छतों पर एकत्रित किया जाता है। उस एकत्रित जल को पाइप की सहायता से भूमिगत और फिर हैण्डपम्प द्वारा उसे निकाल कर जल का सदुपयोग किया जाता है।

3) इस आरेख में दिखाए गए तरीके से कौन–सी समस्या का समाधान किया जा रहा है?

उ. इस आरेख में वर्षा जल को एकत्रित करके जल संकट की समस्या का समाधान किया जा रहा है।

4) यह वर्षा जल संचयन प्रणाली सतत विकास (Sustainable develop ment) में कैसे योगदान देती है?

उ. यह प्रणाली जल संरक्षण को बढ़ावा देती है, भू–जल पर निर्भरता को कम करती है और पर्यावरण के अनुकूल जल उपयोग सुनिश्चित करती है, जिससे सतत विकास में योगदान होता है?

# अध्याय–5

# खनिज तथा ऊर्जा संसाधन

- खनिज
  - धात्विक खनिज
    - लौह युक्त: लोहा, मैंगनीज
    - अलौह: तांबा, बॉक्साइट
  - अधात्विक खनिज
    - ईंधन खनिज: कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस
    - अन्य अधात्विक खनिज: माइका, चूना पत्थर, ग्रेफाइट आदि

- ऊर्जा संसाधन
  - परंपरागत (अनवीकरणीय) (समाप्य)
    - कोयला
    - पेट्रोलियम
    - प्राकृतिक गैस
  - अपरंपरागत (नवीकरणीय) (असमाप्य संसाधन)
    - सौर ऊर्जा
    - पवन
    - जल विद्युत
    - जैविक

## कुछ महत्वपूर्ण तथ्य

### खनिजः संक्षिप्त विवरण

| क्र.सं. | खनिज | उपयोग | प्रमुख क्षेत्र जहाँ पाया जाता है |
|---|---|---|---|
| 1. | लौह अयस्क | सभी उद्योगों का आधार | उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़, कनार्टक आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु |
| 2. | मैंगनीज | मिश्र धातु बनाने में सहायक एवं लौहधातु की गलन भट्टी में प्रयोग | उड़ीसा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश महाराष्ट्र |
| 3. | बाक्साइट | एल्यूमिनियम उद्योग में सहायक | उड़ीसा, गुजरात, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक |
| 4. | ताँबा | विद्युत संबंधी कार्यों में | झारखंड, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु |
| 5. | माइका / अभ्रक | विद्युत एवं इलेक्ट्रानिक मशीनरी में | झारखंड, आंध्र प्रदेश, राजस्थान |

**खंड–क**
**बहुविकल्पीय प्रश्न ( एक अंक)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से कौन सा धात्विक खनिज नहीं है?**

a) बाक्साइट

b) अभ्रक

c) मैंगनीज

d) तांबा

**प्रश्न 2. दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**1.खनिज, क्षेत्र में समान रूप से वितरित होते हैं।**

**2.खनिजों की गुणवत्ता और मात्रा के बीच विपरीत संबंध पाया जाता है।**

**3.खनिज समय के साथ समाप्त हो जाते हैं।**

a) केवल 1 और 2 सही है।

b) केवल 2 और 3 सही हैं।

c) केवल 1 सही है।

d) 1, 2 और 3 सही हैं।

**प्रश्न 3. निम्न कथनों पर विचार कीजिएः–**

**1 उत्तरी–पूर्वी पठारी प्रदेश में लौह एवं इस्पात उद्योग अवस्थित होने का कारण यहाँ लौह अयस्क, कोयला, मैंगनीज, बॉक्साइट व अभ्रक का प्रचूर मात्रा में पाया जाना हैं।**

**2. केरल में मोनो जाइट तथा थोरियम के निक्षेप पाए जाते हैं।**

**उपयुक्त कथनों में कौन–सा/से सही है/हैं।**

a) केवल 1

b) केवल 2

c) 1 और 2 दोनों

d) न तो 1 और न ही 2

**प्रश्न 4. पेट्रोलियम भण्डार भारत के किन क्षेत्रों में सर्वाधिक पाए जाते हैं–**

a) छोटा नागपुर, ओडिशा पठार, पश्चिम बंगाल तथा बिहार

b) असम, गुजरात तथा मुबई हाई अर्थात अरब सागर के अपतटीय क्षेत्र

c) कर्नाटक, गोवा, गुजरात, और असम

d) राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश

**प्रश्न 5. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा दिए हुए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

| **राज्य (II)** | **खनिज (II)** |
|---|---|
| a) राजस्थान | 1. लिग्नाइट |
| b) केरल | 2. पेट्रोलियम |
| c) गुजरात | 3. थोरियम |
| d) तमिलनाडु | 4. बलुआ पत्थर |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**प्रश्न 6. निम्नलिखित कथनों को ध्यान पूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**1. लौह अयस्क के प्रगलन में बॉक्साइट का प्रयोग किया जाता है।**

**2. मैंगनीज का प्रयोग एल्युमिनियम के विनिर्माण में किया जाता है।**

**3. अभ्रक एक अधात्विक खनिज है, जिसका उपयोग मुख्यतः विद्युत एवं इलैक्ट्रानिक उद्योगों में किया जाता है।**

a) केवल 1 और 2 सत्य हैं

b) केवल 3 सत्य है

c) केवल 2 और 3 सत्य हैं

d) 1, 2, और 3 सत्य हैं।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से कौन –सा एक ऊर्जा का परंपरागत संसाधन नहीं हैं?**

a) कोयला

b) प्राकृतिक गैस

c) जैव ऊर्जा (Biomass)

d) परमाणु उर्जा

**प्रश्न 8. कोयले के संदर्भ में निम्नलिखित कथनोंपर विचार कीजिए:**

**1.कोयले का प्रयोग ताप विद्युत उत्पादन तथा लौह अयस्क के प्रगलन के लिए किया जाता है।**

**2.बिटुमिनस कोयले में कार्बन की मात्रा 50 % से कम होती है।**

**3.भारत में सर्वाधिक महत्वपूर्ण गोंडवाना कोयला क्षेत्र दामोदर घाटी में में स्थित है।**

**4.भूरे कोयले को लिग्लाइट के नाम से भी जाना जाता है।**

**उपयुक्त कथनों में से कौन सा / से सही नहीं है। हैं।**

a) केवल 1 और 2

b) केवल 2

c) केवल 2 और 4

d) केवल 1,2,4

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है।**

| **खनन क्षेत्रः–** | **राज्यः–** |
|---|---|
| a) बेलाडिला | मध्यप्रदेश |
| b) कुन्द्रेमुख | कर्नाटक |
| c) रत्नागिरी | महाराष्ट्र |
| d) गुआँ | झारखण्ड |

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है।**

| **खनिजः–** | **अग्रणी उत्पादक राज्यः–** |
|---|---|
| a) लौह अयस्क | उड़ीसा |
| b) अभ्रक | झारखण्ड |
| c) बाक्साइट | मध्य प्रदेश |
| d) तांबा | झारखण्ड |

**प्रश्न 11. अपरंपरागत उर्जा स्त्रोत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।**

**1. सौर उर्जा मुख्यतः फोटोवोल्टाइक और सौर तापीय प्रकमों पर निर्भर है।**

**2. भारत के पश्मिची भागों गुजरात व राजस्थान में सौर उर्जा के विकास की अधिक संभावनाएँ हैं।**

**3. पवन उर्जा के लिए,पवन की गतिज उर्जा को टरबाइन के माध्यम से विद्युत उर्जा में बदला जाता है।**

**4. भारत के पूर्वी तटों के पास ज्वारीय उर्जा की अधिक संभावना हैं।**

**सही विकल्प का चयन कीजिए।**

a) केवल 1,2,3

b) केवल 1,3,4

c) केवल 2,3,4 ,

d) 1,2,3,4

**प्रश्न 12. माइका, चूनाप्रस्तर व ग्रेफाइट को वर्गीकृत किया गया है–**

उत्तर : a) ईंधन खनिज

b) अलौह खनिज

c) लौह खनिज

d) अधात्विक खनिज

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से दवाईयों में किस खनिज के सहउत्पाद को प्रयोग में लाया जाता है?**

: a) कोयला

b) पेट्रोलियम

c) परमाणु ऊर्जा

d) अभ्रक

**प्रश्न 14. भूमिगत ताप के उपयोग का पहला सफल प्रयोग किस वर्ष हुआ था?**

a) 1891

b) 1893

c) 1890

d) 1889

**प्रश्न 15. पवन ऊर्जा के लिए किन राज्य/राज्यों में अनुकूल परिस्थितियाँ विद्यमान है?**

a) राजस्थान, गुजरात, दिल्ली

b) कर्नाटक व मध्यप्रदेश

c) राजस्थान, गुजरात व कर्नाटक

d) कर्नाटक व तमिलनाडु

**प्रश्न 16. निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म गलत है?**

| | **राज्य** | **कोयला खानें** |
|---|---|---|
| a) | तेलगांना | सिंगरेनी |
| b) | महाराष्ट्र | कोरबा |
| c) | ओड़ीशा | तलचर |
| d) | पश्चिम बंगाल | रानीगंज |

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 - b | 2 - b | 3 - c | 4 - b | 5 - d | 6 - b |
| 7 - c | 8 - b | 9 - a | 10 - c | 11 - a | 12 - d |
| 13 - b | 14 - c | 15 - c | 16 - b | | |

## खंड–ख

## लघु उत्तरीय प्रश्न (तीन अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1. तांबे के दो लाभ बताइए। भारत के दो मुख्य ताँबा क्षेत्रों का उल्लेख करो। (बोर्ड परीक्षा–2013)**

उत्तर : तांबे के लाभ

(i) बिजली की मोटरें, ट्रांसफार्मर, जेनरेटर्स आदि के बनाने तथा विद्युत उद्योग के लिए ताँबा एक अनिवार्य धातु है।

(ii) यह एक मिश्र धातु योग्य, आघातवर्द्धनीय तथा तन्य धातु हैं।

(iii) आभूषणों को मजबूती प्रदान करने के लिए इसे सोने के साथ मिलाया जाता है।

खनन क्षेत्र – झारखण्ड का सिंहभूमि जिला, मध्यप्रदेश में बालाघाट राजस्थान में झुंझुनु, अलवर व खेतड़ी जिले।

**प्रश्न 2. मैंगनीज के दो लाभ बताओ तथा चार उत्पादक राज्यों का उल्लेख करो। (बोर्ड परीक्षा–2013)**

उत्तर : **लाभ :–**

1) लौह अयस्क के प्रगलन के लिए महत्वपूर्ण कच्चा माल है।

2) इसका उपयोग लौह मिश्र धातु तथा विनिर्माण में भी किया जाता है।

**खनन क्षेत्रः–** उड़ीसा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश व झारखण्ड।

**प्रश्न 3. जैव ऊर्जा, ऊर्जा परिवर्तन का संभावित स्रोत है। भारत जैसे विकासशील देश में यह ग्रामीण एवं शहरी जीवन को बेहतर बना सकता है। स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : i) जैव ऊर्जा उस ऊर्जा को कहा जाता है जिसे जैविक उत्पादों से प्राप्त किया जाता है। इसमें कृषि अवशेष, सीवेज का अवशेष व औद्योगिक तथा अन्य अपशिष्ट शामिल होते हैं।

ii) इसमें जैविक उत्पादों को विद्युत–उर्जा, ताप उर्जा अथवा खाना पकाने के लिए गैस में परिवर्तित किया जा सकता है।

iii) जैव ऊर्जा पर्यावरण अनुकूल है। यह ग्रामीण जीवन में लोगो ंकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाकर उनके आर्थिक जीवन को बेहतर बनाएगा तथा जलाऊ लकड़ी पर निर्भरता को घटाएगां।

iv) शहरी क्षेत्रों के विशाल मात्रा में निकलने वाले अपशिष्टों के उचित निपटान की समस्या का समाधान व उनकी ऊर्जा की पूर्ति को सुनिश्चित करेगा।

**प्रश्न 4. ''पवन ऊर्जा पूर्ण रूपेण प्रदूषण मुक्त और ऊर्जा का असमाप्य स्रोत है तथा इसकी भारत में अपार संभावनाएँ है।'' कथन की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर : (i) पवन-ऊर्जा प्रदूषण मुक्त ऊर्जा का असमाप्य स्रोत है। (ii) पवन की गतिज ऊर्जा को टरवाइन के माध्यम से विद्युत–ऊर्जा में बदला जाता है।

iii) सममार्गी पवनों व पछुआ पवनों जैसे स्थायी पवन प्रणालियाँ तथा मानसून पवनों को ऊर्जा के स्रोत के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। भारत में पवन ऊर्जा के लिए राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र तथा कर्नाटक में अनुकूल परिस्थिति विद्यमान हैं।

(v) गुजरात के कच्छ में लाम्बा का पवन ऊर्जा संयंत्र एशिया का सबसे बड़ा संयंत्र है। तमिलनाडु के तूतिकोरिन में भी पवन ऊर्जा का एक अन्य संयंत्र है।

**प्रश्न 5. ऊर्जा के परंपरागत एवं गैर परंपरागत साधनों में अन्तर स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**ऊर्जा के गैर परम्परागत साधनों को प्रोत्साहित करना क्यों आवश्यक है?**

उत्तर:

| ऊर्जा के परम्परागत साधन | गैर परम्परागत साधन |
|---|---|
| 1) कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस तथा नाभिकीय ऊर्जा जैसे ईंधन के स्रोत समाप्य कच्चे माल का प्रयोग करते हैं। | 1) सौर, पवन, जल, भूतापीय ऊर्जा असमाप्य है। |
| 2) इन साधनों का वितरण बहुत असमान है। | 2) ये साधन अपेक्षाकृत अधिक समान रूप से वितरित है। |
| 3) ये साधन पर्यावरण अनुकूल नही है अर्थात् पर्यावरण प्रदूषण में इनकी बड़ी भूमिका है। | 3) ये ऊर्जा के स्वच्छ साधन और पर्यावरण हितैषी है। |

**प्रश्न 6. भारत में खनिज असमान रूप से वितरीत है। स्पष्ट करें।**

**अथवा**

**''भारत अपनी विविधतापूर्ण भूगर्भिक संरचना के कारण विविध प्रकार के खनिज संसाधनों से संपन्न है।'' उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की परख कीजिए।**

उत्तरः (i) भारी मात्रा में बहुमूल्य खनिज पूर्व–पुराजीवी काल या प्रीपैलाइजोइक ऐज में अस्तित्व में आये और मुख्यतः प्रायद्वीपीय भारत की आग्नेय तथा कायांतरिक चट्टानों से संबद्ध है।

(ii) उत्तर भारत के विशाल जलोढ़ मैदानी भूभाग आर्थिक उपयोग के खनिजों से विहीन है।

(iii) भारत मे अधिकाश धत्विक खनिज प्रायद्वीपीय पठारी क्षेत्र की प्राचीन क्रिस्टलीय शैलों में पाए जाते है। जैसे

(iv) कोयले का लगभग 97.10 भाग दामोदर, सोन, मदानदी और गोदावरी नदियों की घाटियों में पाया जाता है।

(v) पैट्रोलियम के आरक्षित भंडार असम, गुजरात तथा मुंबई हाई में पाए जाते है। नए आरक्षित क्षेत्र कृष्णा – गोदावरी तथा कावेरी वेसिनों में पाए जाते है।

(vi) खनिज मुख्यतः तीन पेटियों में संकेन्द्रित हैं।

- उत्तर – पूर्वी पठारी प्रदेश
- दक्षिण – पश्चिमी पठारी प्रदेश
- उत्तर – पश्चिमी प्रदेश

**प्रश्न 7. रासायिक और भौतिक गुणों के आधार पर खनिजों को उदाहरण सहित वर्गीकत कीजिए।**

उत्तरः **धात्विक खनिज–**

इन खनिजों में धातु होती है। लोह अयस्क, तांबा मैंगनीज़ आदि धात्विक खनिजों के उदाहरण हैं। धात्विक खनिज को पुनः दो वर्गों में बांटा जाता है।

धात्विक खनिज

- लौह युक्त खनिज → उदाहरणः– निकल, मैगनीज टंगस्टन इत्यादि।
- अलौह खनिज → उदाहरणः– चॉदी , सोना सीसा इत्यादि।

**अधात्विक खनिज–**

इन खनिजों में धातु नहीं होती चूना पत्थर, डोलोमाईट, अभ्रक आदि इसके उदाहरण हैं। अधात्विक खनिजों को पुनः दो वर्गों में बांटा जाता है–

अधात्विक खनिज

- कार्बनिक खनिज → उदाहरणः– कोयला, पेट्रोलियम इत्यादि
- अकार्बनिक खनिज → उदाहरणः– अभ्रक, चूना पत्थर इत्यादि

**प्रश्न 8. भारत की 'उत्तर–पश्चिमी प्रदेश' खनिज पेटी की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।**

उत्तरः
- i) यह पट्टी राजस्थान में अरावली व गुजरात के कुछ भाग पर विस्तृत है।
- ii) यहाँ के खनिज धारवाड़ क्रम की शैलों से संबंधित है।
- iii) ताँबा, जिंक आदि इस पट्टी के प्रमुख खनिज है।
- iv) राजस्थान बलुआ पत्थर, ग्रेनाइडट, संगमरमर जैसे भवन निर्माण के पत्थरों से समृद्ध है।
- v) डोलोमाइट व चूना पत्थर सीमेंट उद्योग के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराते हैं।

**प्रश्न 9. भारत की 'दक्षिणी–पश्चिमी पठार प्रदेश' खनिज पेटी की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।**

उत्तरः
- i) यह पट्टी कर्नाटक, गोआ व संस्पर्शी तमिलनाडु उच्च भूमि व केरल पर विस्तृत है।
- ii) यह पट्टी लौह धातुओं तथा बॉक्साइट में समृद्ध है।
- iii) इसमें उच्च कोटि का लौह अयस्क, मैंगनीज तथा चूना पत्थर भी पाया जाता है।
- iv) निवेली लिग्नाइट को छोड़कर इस क्षेत्र में कोयला निक्षेपों का अभाव है।

**प्रश्न 10. भारत में ऊर्जा के परंपरागत स्त्रोत के रूप में कोयला का वर्णन कीजिए।**

उत्तरः
- i) इसका मुख्य प्रयोग ताप विद्युत उत्पादन के लिए किया जाता है।
- ii) कोयले का प्रयोग लौह अयस्क प्रगलन के लिए किया जाता है।
- iii) भारत में कोयला निक्षेपों का लगभग 80 प्रतिशत भाग बिटुमिनस प्रकार का तथा गैर कोककारी श्रेणी का है।

## भाग–ग
## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1. भारत में खनिज संसाधनों के संरक्षण और सतत पोषणीय विकास के संबंध का विश्लेषण कीजिए।**

**अथवा**

**भारत में खनिज संसाधनों के संरक्षण के किन्हीं पाँच उपायों की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर : i) खनिज समय के साथ समाप्त हो जाते हैं। भूगर्भिक दृष्टि से इन्हें बनने में लम्बा समय लगता है।

ii) आवश्यकता के समय तुरन्त इनका पुनर्भरण नहीं किया जा सकता।

iii) इसलिए सतत् पोषणीय विकास तथा आर्थिक विकास के लिए खनिजों का संरक्षण करना आवश्यक हो जाता है।

**संरक्षण की विधियाँ :**

i) इसके लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन, तरंग व भूतापीय ऊर्जा के असमाप्य स्रोतों का प्रयोग करना चाहिए।

ii) धात्विक खनिजों में, छाजन धातुओं के उपयोग तथा धातुओं के पुर्नचक्रण पर बल देना चाहिए।

iii) अत्यल्प खनिजों के लिए प्रतिस्थापनों का उपयोग भी खनिजों के संरक्षण में सहायक है।

iv) सामरिक व अति अल्प खनिजों के निर्यात को भी घटाना चाहिए।

v) सबसे उचित तरीका है खनिजों का सूझ–बूझ से तथा मितव्यतता से प्रयोग कराना है ताकि वर्तमान आरक्षित भण्डारों का लंबे समय तक प्रयोग किया जा सके।

**प्रश्न 2. भारत में अपरंपरागत ऊर्जा के पांच स्त्रोतो के नाम बताइए और प्रत्येक स्त्रोत का एक संभावित क्षेत्र भी बताइए।**

उत्तरः अपरम्परागत ऊर्जा स्त्रांत–

(i) सौर ऊर्जा (ii) पवन ऊर्जा (iii) ज्वारीय ऊर्जा (iv) भूतापीय ऊर्जा (v) जैव ऊर्जा

प्रत्येक स्त्रोत का एक संभावित क्षेत्र–

(i) सौर ऊर्जा – भारत के पश्चिमी भागों गुजरात व राजस्थान में सौर ऊर्जा के विकास की अधिक संभावनाएं है।

(ii) पवन ऊर्जा – पवन ऊर्जा के लिए राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, तथा कर्नाटक में अनुकूल परिस्थितियां विद्यमान है।

(iii) ज्वारीय ऊर्जा – भारत के पश्चिमी तट के साथ ज्वारीय ऊर्जा विकसित होने की व्यापक संभावनाएं है।

(iv) भूतापीय ऊर्जा – इसके लिए हिमालय प्रदेश, में विकसित होने की व्यापक संभावनाएं है।

(v) जैव ऊर्जा – ग्रामीण क्षेत्रों में जैव ऊर्जा विकसित होने की व्यापक संभावनाएं है।

**प्रश्न 3. ''ऊर्जा के अपरंपरागत स्त्रोत अधिक आरंभिक लागत के बावजूद अधिक टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल तथा सस्ती उर्जा उपलब्ध कराते है'' । कथन की जाँच कीजिए।**

उत्तरः i) सौर, पवन, जल, भूतापीय ऊर्जा तथा जैव ऊर्जा के अपरंपरागत स्त्रोत है। ये सभी साधन पर्यारवरण अनुकूल है।

ii) पवन ऊर्जा पूर्ण रूप से प्रदुषण मुक्त है।

iii) सौर तापीय ओद्योगिकी लाभप्रद है। फोटोवोलटाइक सेलों में विपाशित सूर्य की किरणों को ऊर्जा परिवर्तित किया जाता है।

iv) पवन की गतिज ऊर्जा को टरबाइन के माध्यम से विद्युत–ऊर्जा में बदला जाता है।

v) जैव ऊर्जा को जैविक उत्पादों से प्राप्त किया जाता है। यह ऊर्जा परिवर्तन का एक संभावित स्रोत है।

vi) गीज़र कूपों से निकलते गर्म पानी से ताप ऊर्जा पैदा की जा सकती है। पृथ्वी के गर्भ से मैगमा निकलते समय जो ऊष्मा निर्मुक्त होती है उसे विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है।

**प्रश्न 4. भारत के संदर्भ में ऊर्जा के महत्व की व्याख्या कीजिए।**

**अथवा**

**भारत में सौर ऊर्जा का उदाहरण देकर ऊर्जा के अपरंपरागत स्रोतों के लाभों का विश्लेषण कीजिए।**

**अथवा**

**भारत में ''सौर तापीय ऊर्जा'' अनवीकरणीय ऊर्जा की तुलना में क्यों अधिक लाभदायक है? स्पष्ट कीजिए।**

(i) फोटो वोल्टाइक सेलो में विपाशित सूर्य की किरणों को ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है जिसे सौर ऊर्जा कहते है।

(ii) यह लागत प्रतिस्पर्धी है।

(iii) निर्माण में आसान

(iv) पर्यावरण अनुकूल

(v) यह ऊर्जा का असमाप्य स्रोत है।

(vi) सौर ऊर्जा कोयला, तेल या नाभिकीय ऊर्जा आधारित संयंत्रे की अपेक्षा अधिक प्रभावी है।

(vii) भारत के पश्चिमी भागों गुजरा व राजस्थान में सौर ऊर्जा के विकास की अधिक समस्याएँ हैं।

**प्रश्न 5. ''हाल के वर्षों में नाभिकीय ऊर्जा एक व्यवहार्य स्रोत के रूप में उभरी है।'' भारत के संदर्भ में उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की परख कीजिए।**

उत्तर– (i) नाभिकीय ऊर्जा के उत्पादन में प्रयुक्त होने वाले महत्वपूर्ण खनिज यूरेनियम और थोरियम हैं।

(ii) यूरेनियम निक्षेप धारवाड़ शैलों में राजस्थान के उदयपुर, झुंझुनू मध्य प्रदेश के दुर्ग, महाराष्ट्र के भंडारा तथा हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में पाए जाते है।

(iii) थोरियम मुख्यतः केरल के तटीय क्षेत्र की पुलिन बीच की बालू में मोनाजाइल एवं इल्मेनाइट से प्राप्त किया जाता है।

(iv) नाभिकीय ऊर्जा के विकास के लिए 1948 में परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना की गई।

(v) भारत की महत्वपूर्ण नाभिकीय ऊर्जा परियोजनाएँ– तारापुर (महाराष्ट्र) रावत भाटा (राजस्थान), कलपक्कम (तमिलनाडु), नरौरा (उत्तर प्रदेश), कैगा (कर्नाटक) तथा काकरा पाड़ा (गुजरात) है।

# अध्याय–6

# भारत के संदर्भ में नियोजन और सतत् पोषणीय विकास




प्रादेशिक नियोजन

**लक्ष्य क्षेत्र**

1) कमान नियंत्रित क्षेत्र विकास कार्यक्रम
2) पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम
3) सूखा ग्रस्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम

**लक्ष्य समूह**

लघु कृषक विकास संस्था (SFDA)

सीमांत किसान विकास संस्था (MFDA)



## खंड–क

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. पर्वतीय क्षेत्रों तथा उत्तर–पूर्वी राज्यों, जनजातीय एवं पिछड़े क्षेत्रों में अवसंरचना को विकसित करने के लिए विशिष्ट क्षेत्र योजना को किस पंचवर्षीय योजना में तैयार किया गया था?**

a) छठी पंचवर्षीय योजना

b) दूसरी पंचवर्षीय योजना

c) पॉचवी पंचवर्षीय योजना

d) आठवी पंचवर्षीय योजना

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से कौन सूखा संभावी क्षेत्र नहीं है?**

a) पश्चिमी मध्य प्रदेश

b) पश्चिमी घाट

c) तेलंगाना पठार

d) गुजरात

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम शुरू किया गया?**

a) 5 वीं पंचवर्षीय योजना

b) 11 वीं पंचवर्षीय योजना

c) 9 वीं पंचवर्षीय योजना

d) 7 वीं पंचवर्षीय योजना

**प्रश्न 4. सूखा संभावी क्षेत्रों में लोगों के लिए चौथी पंचवर्षीय योजना को लागू करने का मुख्य उद्देश्य क्या था?**

a) रोजगार उपलब्ध कराना

b) जल समस्या का निपटान

c) परिवहन साधनों का विकास

d) बहुफसलीकरण

**प्रश्न 5. सतत् विकास के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

**1. सतत् पोषाणीय विकास की परिभाषा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा प्रस्तुत की गई थी।**

**2.''यह एक ऐसा विकास है जिसमें भविष्य में आने वाली पीढ़ियों की आवश्यकता पूर्ति को प्रभावित किए बिना वर्तमान पीढ़ी द्वारा अपनी आवश्यकता की पूर्ति करना है।''**

**सही विकल्प का चयन कीजिए।**

a) केवल 1

b) केवल 2

c) 1 और 2 दोनों

d) न तो 1 और न ही 2

**प्रश्न 6. निम्न में से कौन से युग्म सुमेलित नहीं है।**

| **सूची** (I) | **सूची** (II) |
|---|---|
| a) द पापुलेशन बम – | i) एहरलिच |
| b) द लिमिट टू ग्रोथ – | ii) मीडोस |
| c) वृद्धि और समानता – | iii) महात्मॉ गॉधी |
| d) अवर कॉमन फ्युचर – | iv) गरोहरलेम ब्रटलैंड |

**प्रश्न 7. भरमौर जनजातीय क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है?**

a) इस क्षेत्र में चम्बा जिले की दो तहसीलें–भरमौर व होली शामिल हैं।

b) यह अधिसूचित जनजातीय क्षेत्र नहीं है।

c) इस क्षेत्र में गद्दी जनजातीय समुदाय का आवास है।

d) इस क्षेत्र में निवास करने वाली ऋतु–प्रवास करती हैं।

**प्रश्न 8. निम्नलिखित आयोगों में से किस ने 'योजना–आयोग' का स्थान लिया?**

a) चुनाव आयोग

b) नीति आयोग

c) विधि आयोग

d) शिक्षा आयोग

**प्रश्न 9. इंदिरा गांधी नहर के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**

a) इसे पहले राजस्थान नहर के नाम से जाना जाता था।

b) यह नहर पंजाब में हरिके बाँध से निकलती है।

c) यह नहर पाकिस्तान सीमा के समांनांतर बहती है।

d) इस नहर से राजस्थान सबसे कम लाभान्वित हुआ।

**प्रश्न 10. दिए गए कथनों का अध्ययन कीजिए व दिए गए विकल्पों की सहायता से उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।**

1. कथन : भरमौर जनजातीय क्षेत्र में जलवायु कठोर है, आधारभूत संसाधन कम है और पर्यावरण भंगुर है।

2. कारण : यह हिमाचल प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक रूप से सबसे पिछड़े इलाकों में से एक है।

विकल्प :

a) दोनों कथन सही हैं। कथन 2 कथन 1 की उचित व्याख्या नहीं करता।

b) दोनों कथन सही हैं, कथन 2 कथन 1 की उचित व्याख्या करता है।

c) दोनों कथन 1 व 2 गलत हैं।

d) कथन 1 सही है वह कथन 2 गलत है।

**प्रश्न 11. इंदिरा गांधी नहर किस बांध से निकलती हैं?**

a) नांगल

b) हीराकुंड

c) हरिके

d) हमीदा

**प्रश्न 12. दिए गए कथनों का अध्ययन कीजिए व दिए गए विकल्पों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

1. पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रमों को पांचवी पंचवर्षीय योजना में प्रारंभ किया गया।

2. पिछड़े क्षेत्रों पर राष्ट्रीय समिति ने उन सभी पर्वतीय क्षेत्रों को पिछड़े पर्वतीय क्षेत्रों में शामिल करने की सिफारिश की जिनकी ऊँचाई 600 मीटर से कम है व जिनमें जन–जातीय उप–योजना लागू है।

विकल्प :

a) दोनों कथन 1 व 2 सही हैं।

b) केवल कथन 1 सही है।

c) केवल कथन 2 सही है।

d) दोनों कथन 1 व 2 गलत है।

**प्रश्न 13. भरमौर जन–जातीय क्षेत्र से कौन सी नदी/नदियाँ बहती हैं?**

a) रावी व व्यास

b) रावी, बुधिल व तुंदाह

c) व्यास, तुंदाह व झेलम

d) बुधिल तुंदाह व सतलुज

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से कौन खंडीय नियोजन से संबंधित नहीं है?**

a) निर्माण

b) परिवहन

c) सूखा संभावी क्षेत्र

d) सामाजिक अवसंरचना

**प्रश्न 15. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य भरमौर जनजातीय क्षेत्र से संबंधित है?**

a) उत्तराखंड  b) हिमाचल प्रदेश

c) उत्तर प्रदेश  d) पश्चिम बंगाल

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 - d | 2 - b | 3 - a | 4 - a | 5 - b | 6 - c |
| 7 - b | 8 - b | 9 - d | 10 - a | 11 - c | 12 - b |
| 13 - b | 14 - c | 15 - b | | | |

## खंड–ख

## लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक वाले प्रश्न)

**प्रश्न 1. खण्डीय नियोजन एवं प्रादेशिक नियोजन में अन्तर स्पष्ट करें।**

उत्तर : **खण्डीय नियोजन**– अर्थव्यस्था के विभिन्न सेक्टरों जैसे– कृषि, सिंचाई, विनिर्माण, ऊर्जा, परिवहन, संचार, सामाजिक अवसंरचना और सेवाओं के विकास के लिए कार्यक्रम बनाना और उन्हें लागू करना।

**प्रादेशिक नियोजन**– देश के सभी क्षेत्रों में आर्थिक विकास समान रूप से नहीं हो पाता। इसलिए विकास का लाभ सभी को समान रूप से पहुँचाने के लिए योजनाकारों ने प्रदेशों की आवश्यकता के अनुसार नियोजन किया। इसे प्रादेशिक नियोजन कहते हैं।

**प्रश्न 2. ''मात्र कृषि एवं पशुपालन के विकास से इंदिरा गाँधी नहर कमांड क्षेत्र में आर्थिक सतत पोषणीय विकास की अवधारणा को साकार नहीं किया जा सकता।'' कथन की समीक्षा कीजिए।**

उत्तर :
(i) इन क्षेत्रों में कृषि और संबंधित क्रियाकलापों को अर्थव्यवस्था के अन्य सेक्टरों के साथ विकसित करना होगा।
(ii) इन क्षेत्रों का आर्थिक विविधीकरण करना पड़ेगा।
(iii) गाँवों की आबादी कृषि सेवा क्षेत्र और विपणन केन्द्रों को जोड़कर उनके बीच प्रकार्यात्मक संबंध स्थापित करना होगा।

**प्रश्न 3. नहर कमान क्षेत्र में सिचाई के लिए जल प्रदान करने में इंदिरा गांधी नहर के महत्व को स्पष्ट कीजिए।**

**अथवा**

**नहर सिंचाई के प्रसार ने इस शुष्क क्षेत्र की परिस्थितिकी, अर्थ व्यवस्था और समाज को रूपांतरित कर दिया।**

उत्तर :
(i) मृदा में लम्बे समय तक नमी उपलब्धता सम्भव हो सकी हैं फलस्वरूप वनीकरण और चरागाह कार्यक्रयों से भूमि हरी–भरी हो गयी है।

(ii) वायु अपरदन और नहरी तंत्र में बालू निक्षेप की प्रक्रियाएं धीमी पड़ गयी है।

(iii) प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था प्रत्यक्ष रूप से रूपांतरित हो गयी है तथा बोय गये क्षेत्र का विस्तार और फसलों की सघनता में वृद्धि हुई है।

(iv) चना, बाजरा और ग्वार का स्थान गेहूं, कपास, मूंगफली और चावल ने ले लिया।

(v) कृषि पशुधन उत्पादकता में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

## खंड–ग
## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (पाँच अंक वाले)

**प्रश्न 1. यदि आप को पहाड़ी क्षेत्रों के विकास हेतु नियोजन के लिए कहा जाए तो आपकी क्या प्राथमिकताएँ रहेंगी?**

उत्तर : पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए नियोजन करते समय वहाँ की भूआकृति, पारिस्थितिकी, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त निम्नलिखित को प्राथमिकता दी जाएगी।

(i) सभी लोग लाभान्वित हों, केवल प्रभावशाली अथवा साधन सम्पन्न व्यक्ति ही नहीं।

(ii) स्थानीय संसाधनों और प्रतिभाओं का विकास।

(iii) जीविका निर्वाह अर्थव्यवस्था को निवेशोन्मुखी बनाना।

(iv) अंत प्रादेशिक व्यापार में पिछड़े क्षेत्रों का शोषण न करना।

(v) पिछड़े क्षेत्रों की बाजार व्यवस्था में सुधार करके श्रमिकों को लाभ पहुँचाना।

(vi) परिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखना।

**प्रश्न 2. ''सूखा संभावी क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम चलाये गये।'' परख कीजिए।**

उत्तरः (i) इस कार्यक्रम की शुरूवात चौथी पंचवर्षीय योजना में हुई, इसका उददेश्य सूखा संभावी क्षेत्रों में लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाना था व उसके प्रभाव को कम करने के लिए उत्पादन के साधनों को विकसित करना था।

(ii) अधिक श्रम की आवश्यकता वाले सिविल निर्माण कार्यो पर बल दिया ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोज़गार दिया जा सके।

(iii) इसके अंतर्गत सिचाई परियोजनाओं, भूमि विकास कार्यक्रमों, वनीकरण, चारागाह विकास कार्यक्रम शुरू किये गये।

(iv) आधारभूत ग्रामीण अवसंरचना जैसे– विद्युत, सड़कों, बाजार ऋण सुविधाओं और सेवाओं पर बल दिया गया।

(v) इस क्षेत्र के विकास की रणनीति में जल, मिट्टी, पौधों, मानव तथा पशु जनसंख्या के बीच पारिस्थितिकीय संतुलन, पुनः स्थापन पर ध्यान देने पर बल दिया गया।

**प्रश्न 3. भरमौर क्षेत्र के विकास के लिए क्या कदम उठाये गये एवं इसके सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों की समीक्षा कीजिए।**

**अथवा**

**भरमौर क्षेत्र में जनजातीय समन्वित विकास उपयोजना लागू होने से आए सामाजिक व आर्थिक लाभों का वर्णन करें।**

उत्तर : यह क्षेत्र विकास योजना भरमौर क्षेत्र के निवासियों की जीवन गुणवत्ता को सुधारने व हिमाचल के अन्य प्रदेशों के समानान्तर विकास के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इसके लिए निम्न कदम उठाये गये।

(i) आधारभूत अवसंरचनाओं जैसे विद्यालयों, अस्पतालों का विकास किया गया।

(ii) स्वच्छ जल, सड़कों, संचार तंत्र एवं बिजली की उपलब्धता पर ध्यान दिया गया।

(iii) कृषि के नये एवं पर्यावरण अनुकूल तरीकों को प्रोत्साहित किया गया।

(iv) पशुपालन के वैज्ञानिक तरीकों को प्रोत्साहित किया गया।

**समाजिक व आर्थिक प्रभावः–**

(i) जनसंख्या में साक्षरता दर बढ़ी विशेषरूप से स्त्रियों की साक्षरता दर में वृद्धि हुई।

(ii) दालों एवं अन्य नगदी फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई।

(iii) कुरीतियों जैसे बाल–विवाह से समाज को मुक्ति मिली।

(iv) लिंगानुपात में सुधार हुआ।

(v) लोगों के जीवन स्तर में वृद्धि हुई।

**प्रश्न 4. ''इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में सतत् पोषणीय विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मुख्य रूप से परिस्थितिकीय सतत पोषणीयता पर बल देना होगा'' इस कथन का मूल्यांकन कीजिए।**

उत्तर : (i) जल प्रबन्धन नीति का कठोरता से क्रियान्वयन करना।

(ii) सामान्यतः जल सघन फसलों को नहीं बोना चाहिए।

(iii) कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम जैसे नालों को पक्का करना, भूमि विकास तथा समतलन और बाड़बन्दी पद्धति प्रभावी रूप से कार्यान्वित की जाए ताकि बहते जल की क्षति मार्ग में कम हो सके।

(iv) वनीकरण वृक्षों की रक्षण मेखला का निर्माण और चारागाह विकास, पारितंत्र विकास के लिए अति आवश्यक है।

(v) निर्धन आर्थिक स्थिति वाले भू–आवंटियों की कृषि के पर्याप्त मात्रा में वितीय और संस्थागत सहायता उपलब्धत कराना।

(vi) कृषि और इससे संबंधित क्रियाकलापों को अर्थव्यवस्था के अन्य सेक्टरों के साथ विकसित करना।

## खड–घ
## स्त्रोत आधारित प्रश्न
## भरमौर क्षेत्र

यह क्षेत्र 32°11′ उत्तर से 32°41 उत्तर आक्षांशों तथा 76°53 पूर्व देशांतरों के बीच स्थित है। यह प्रदेश लगभग 1,818 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और इसका अध्कितर भाग समुद्र तल से 1500 मीटर से 3700 मीटर की औसत ऊँचाई के बीच स्थित है। गद्दियों की आवास भूमि कहलाया जाने वाला यह क्षेत्र चारों दिशाओं में ऊँचे पर्वतों से घिरा हुआ है। इसके उत्तर में पीर पंजाल तथा दक्षिण में धौलाधार पर्वत श्रेणियाँ हैं। पूर्व में धौलाधार श्रेणी का फैलाव रोहतांग दर्रे के पास पीर पंजाल श्रेणी से मिलता है। इस क्षेत्र में रावी और इसकी सहायक नदियाँ बुढ़ील और टुंडेन बहती हैं और गहरे महाखड्डों का निर्माण करती हैं। ये नदियाँ पहाड़ी प्रदेश को चार भूखंडों, होली, खणी, कुगती और दुण्डाह, में विभाजित करती है। शरद् ऋतु में भरमौर में जमा देने वाली कड़ाके की सर्दी और बर्फ पड़ती है तथा जनवरी में यहाँ औसत मासिक तापमान 4° सेल्सियस और जुलाई में 26° सेल्सियस रहता है।

**प्रश्न 1. भरमौर क्षेत्र की अवस्थिति का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर :** यह क्षेत्र 32° 11 उत्तर से 32° 41° 'उत्तरी अक्षांशों तथा 76° 22' पूर्व से 76° 53 पूर्वी देशांतरों के बीच स्थित है।

**प्रश्न 2. यह क्षेत्र कठोर जलवायविक दशाओं का अनुभव क्यों करता है? कोई एक कारण दीजिए?**

**उत्तर :** यह क्षेत्र समुद्र तल से 1500 मीटर 3700 मीटर की औसत ऊँचाई के बीच स्थित है। अधिक ऊँचाई के कारण शरद ऋतु में यहाँ जमा देने वाली कड़ाके की सर्दी और बर्फ पड़ती है। तापमान हमेशा निम्न रहता है।

**प्रश्न 3. यह क्षेत्र आर्थिक रूप से पिछड़ा क्यों है? किसी एक कारण की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर :** आर्थिक पिछड़ेपन का कारण :

(i) कठोर जलवायु

(ii) संसाधनों की निम्नता

(iii) कोई अन्य संबंधित बिंदु।

2. **उपर्युक्त चित्र का अध्ययन ध्यानपूर्वक कीजिए व प्रश्नों के उत्तर दीजिए?**



1. **नहर द्वारा लाभान्वित दो क्षेत्रों के नाम लिखिए जो प्रथम चरण के अंतर्गत सम्मिलित है।**

उत्तर– गंगा नगर व हनुमानगढ़।

2. **इंदिरा गांधी नहर को पहले किस नाम से जाना जाता था?**

उत्तर– राजस्थान नहर

3. **"सिंचाई प्रसार से अनेक फसलों के प्रतिरूप में परिवर्तन आए हैं।" स्पष्ट करो।**

उत्तर– नहरी सिंचाई से यहां की पारंपरिक फसलों चना, बाजरा व ग्वार का स्थान गेंहू, कपास, चावल ने लिया है।

# अध्याय–7

# परिवहन एवं संचार

## परिवहन के साधन

- स्थल परिवहन
  - सड़क (छोटी दूरी हेतु)
  - रेलवे (भारी वस्तु व लंबी दूरी)
  - पाइपलाइन (तरल पदार्थो हेतु)
- जल परिवहन
  - अंतः स्थलीय (प्राचीनतम व सस्ता साधन)
  - सागरीय व महासागरीय (देशों के मध्य भारी वस्तुओं हेतु)
- वायु परिवहन
  - राष्ट्रीय (घरेलू)
  - अंतर्राष्ट्रीय (देशों के मध्य)

## संचार

- व्यक्तिगत
  - **पत्र**
  - **दूरभाष (टेलीफ़ोन)**
  - **तार (टेलीग्राम)**
  - **फैक्स**
  - **ई–मेल**
  - **इंटरनेट आदि**
- सार्वजनिक
  - **रेडियो**
  - **टेलीविजन**
  - **सिनेमा**
  - **उपग्रह (सेटेलाइट)**
  - **समाचार पत्र, पत्रिकाएँ**
  - **सम्मेलन एवं गोष्ठियाँ**
  - **पुस्तकें**

## खंड–क

### बहुविकल्पीय प्रश्न ( एक अंक)

**प्रश्न 1. भारत में राष्ट्रीय महामार्गों के रूप में निर्दिष्ट सड़कों की गुणवत्ता सुधारनें के लिए निम्न में कौन सी शीर्ष संस्था स्थापित की गई है।**

a) भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण (N.H.A.I)

b) सेंट्रल पब्लिक वर्कस डिपार्टमेंट (C.P.W.D.)

c) पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेन्ट(P.W.D.)

d) राज्य मार्ग विकास प्राधिकरण (S.R.D.A.)

**प्रश्न 2. भारत में राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या–1 का विस्तार हैः–**

a) सदिया से धुबरी तक

b) इलाहाबाद से हल्दिया तक

c) कोट्टापुरम से कोलम तक

d) काकीनाडा से पुदुच्चेरी तक

**प्रश्न 3. निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा दिए गए विकल्पों से उचित विकल्प का चुनाव कीजिए**

**1. मैदानी क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण सस्ता और आसान होता है।**

**2. भू–भाग की प्रकृति तथा आर्थिक विकास का स्तर सड़कों के धनत्व के प्रमुख निर्धारक हैं।**

a) केवल कथन 1 सही है।

b) केवल कथन 2 सही है।

c) दोनों कथन सही हैं परन्तु परस्पर संबंधित नहीं हैं।

d) कथन 1 और 2 दोनों सही है। तथा कथन 2 कथन 1 की उचित व्याख्या करता है।

**प्रश्न 4. निम्न में से कौन सा परिवहन का साधन सबसे सस्ता है तथा भारी एवं स्थल सामग्री के परिवहन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।**

a) सड़क परिवहन

b) जल परिवहन

c) रेल परिवहन

d) वायु परिवहन

**प्रश्न 5. निम्न में कोन सा युग्म सुमेलित है।**

| **रेल मंण्डल** | **मुख्यालय** |
|---|---|
| a) ईस्टर्न | कोलकाता |
| b) सदर्न | नई दिल्ली |
| c) नदिन | मुंबई |
| d) वेस्टर्न | चेन्नई |

**प्रश्न 6. स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए व सही विकल्प का चयन कीजिए–**

| **स्तंभ I (रेल मंडल)** | **स्तंभ II (मुख्यालय)** |
|---|---|
| (i) नार्थ सेंट्रल | 1. सिंकदराबाद |
| (ii) ईस्ट सेंट्रल | 2. इलाहाबाद |
| (iii) वेस्ट सेंट्रल | 3. हाजीपुर |
| (iv) साउथ सेंट्रल | 4. जबलपुर |

**विकल्प–**

(a) i-1 ii-2 iii-3 iv-4 (b) i-4 ii-3 iii-2 iv-1

(c) i-3 ii-4 iii-1 iv-2 (d) i-2 ii-3 iii-4 iv-1

**प्रश्न 7. भारत में सीमांत सड़कों के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए व सही विकल्प का चयन कीजिए।**

I. सीमांत सड़के सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

II. ये रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान करती है।

III. इनका निर्माण 'भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण' द्वारा किया जाता है।

IV. ये अधिक विकास को गति देने में सहायक है।

**विकल्प–**

(a) केवल I, II व III सही हैं।

(b) केवल II, III व IV सही हैं।

(c) केवल I, II व IV सही हैं।

(d) केवल I, III व IV सही हैं।

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से कौन सार्वजनिक संचार का साधन नहीं है?**

a) समाचार पत्र

b) पत्रिकाएँ

c) उपग्रह

d) पत्रादि

**प्रश्न 9. कोंकण रेलवे का निर्माण किस वर्ष किया गया?**

a) 1997

b) 1998

c) 1999

d) 1996

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से उपग्रह विधा है–**

a) परिवहन व संचार

b) व्यक्तिगत संचार

c) सार्वजनिक संचार

d) परिवहन

**प्रश्न 11. निम्नलिखित में से सदिया–धुबरी राष्ट्रीय जल मार्ग की संख्या क्या है?**

a) रा. ज. मा. 3

b) रा. ज. मा. 1

c) रा. ज. मा. 5

d) रा. ज. मा. 2

**प्रश्न 12. अंतः स्थलीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्थापना किस वर्ष की गई थी?**

a) 1986

b) 1989

c) 1988

d) 1984

**प्रश्न 13. भारत के राष्ट्रीय महामार्ग के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए व सही विकल्प का चयन कीजिए।**

I. भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग का विकास, रख रखाव तथा प्रचालन की ज़िम्मेदारी राज्य सरकारों को दी है।

II. ये सड़कें पड़ोसी देशों के बीच भारत के साथ प्रभावी संपर्कों को उपलब्ध कराते हुए सद्भावपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देती है।

**विकल्प–**

(a) केवल I सही हैं।

(b) केवल II सही हैं।

(c) दोनों कथन I व II सही हैं।

(d) दोनों I व II गलत हैं।

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से भारत में सबसे अधिक सड़क लंबाई कौन सी सड़कों की है?**

a) राज्य महामार्ग

b) राष्ट्रीय महामार्ग

c) जिला सड़के

d) ग्रामीण सड़के

**प्रश्न 15. भारत में 'नागपुर योजना' किस परिवहन में संबंधित है?**

a) पाइपलाइन

b) रेलवे

c) सड़क

d) जल

**प्रश्न 16. तटवर्ती भागों से लगे राज्यों की सड़कों का विकास तथा छोटे बंदररगाहों को किस योजना के अंतर्गत जोड़ने की योजना है?**

a) स्वर्णिम चतुर्भुज

b) उत्तर दक्षिण गलियारा

c) भारतमाला

d) वंदे भारत

**प्रश्न 17. निम्नलिखित में से पूर्व–पश्चिम गलियारे का सबसे पश्चिम का स्टेशन कौन सा है?**

a) कोलकाता

b) गुवाहाटी

c) पारेबंदर

d) मुंबई

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1-a | 2-b | 3-d | 4-c | 5-a | 6-d |
| 7-c | 8-d | 9-b | 10-c | 11-d | 12-a |
| 13-d | 14-d | 15-c | 16-c | 17-c | |

**भाग–ख**

**(लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)**

**प्रश्न 1. भारतीय कोंकण रेलवे का निर्माण कब हुआ। इसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**अथवा**

**कोंकण रेलवे अभियंत्रिकी का अनूठा चमत्कार माना जाता है। स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : भारतीय कोंकण रेलवे का निर्माण 1998 में हुआ। इसकी प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं :–

(i) यह रेल मार्ग रोहा (महाराष्ट्र) को कर्नाटक के मंगलौर से जोड़ता है। यह 760 किमी लंबा है।

(ii) यह रेलमार्ग 146 नदियों व धाराओं तथा 2000 पुलों एवं 91 सुरंगो को पार करता है।

(iii) इस मार्ग पर एशिया की सबसे लम्बी (6.5 कि.मी.) सुरंग भी है।

(iv) इस परियोजना में कर्नाटक, गोवा तथा महाराष्ट्र राज्य शामिल है।

**प्रश्न 2. भारत में उपग्रह संचार के किन्हीं तीन लाभों का वर्णन कीजिए।**

उत्तर : (i) उपग्रह, संचार की स्वयं में एक विधा है और ये संचार के अन्य साधनों का भी नियमन करते हैं।

(ii) उपग्रह के उपयोग से एक विस्तृत क्षेत्र का सतत् व सारिक दृश्य प्राप्त होने के कारण यह आर्थिक व सामरिक कारणों से महत्त्वपूर्ण है।

(iii) उपग्रह से प्राप्त चित्रों द्वारा मौसम का पूर्वानुमान व प्राकृतिक आपदाओं की निगरानी के लिए इसका उपयोग किया जा सकता है।

(iv) सीमा क्षेत्रों की चौकसी के लिए भी उपग्रह अति महत्त्वपूर्ण हैं।

**प्रश्न 3. 'सीमा सड़क संगठन' की स्थापना कब व क्यों हुई?**

**अथवा**

**सीमा सड़क संगठन के महत्व को स्पष्ट कीजिए**

उत्तर : मई 1960 में 'सीमा सड़क संगठन' की स्थापना की गई।

(i) देश की उत्तरी व उत्तरी–पूर्वी सीमा से सटी सड़कों के सुधार के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने।

(ii) रक्षा तैयारियों को मजबूती प्रदान करने के लिए।

(iii) इसने अति ऊँचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में जैसे चंडीगढ़ को मनाली व लेह से जोड़ने वाली सड़क बनाई।

(iv) ऊँचाई वाले स्थानों पर बर्फ हटाना।

**प्रश्न 4. 'देश की प्रगति में रेलवे का गहन योगदान है।' भारत के संदर्भ में स्पष्ट करें।**

उत्तर : भारतीय रेल जाल विश्व के सर्वधिक लम्बे रेल जालों में से एक है। देश के आर्थिक विकास में इसका अत्याधिक योगदान है :–

(i) रेलों द्वारा कोयला सबसे अधिक ढोया जाता है। इसके अधिक भारी कच्चे माल की ढुलाई भी रेल द्वारा होती है।

(ii) रेल तैयार माल को भी विभिन्न बाजारो तक पहुँचाती है।

(iii) विदेशों से आयातित माल को आन्तरिक भागों के बाजारों तक भी रेल पहुँचाती है।

(iv) रेल यात्रियों को व माल को भारी संख्या में दूर–दराज के स्थानों तक ले जाती है।

(v) कृषि व उद्योगों के विकास की गति को तेज़ कर देश के आर्थिक विकास में भी आवश्यक योगदान देती है।

**प्रश्न 5. पाइप लाइन परिवहन की विशेषताएँ बताइए।**

**अथवा**

**परिवहन साधन के रूप में पाइपलाइनों की महत्ता के किन्हीं पाँच बिंदुओं का विश्लेषण कीजिए। (CBSE-2019)**

उत्तर : (i) किसी भी प्रकार की जलवायु व धरातल पर आसानी से बिछाई जा सकती है।

(ii) लम्बे समय तक उपयोग करने पर सस्ती पड़ती है।

(iii) समय की बचत होती है।

(iv) प्रदूषण नहीं करती।

(v) तरल व गैसीय–पदार्थो के परिवहन के लिए उपयोगी है।

**भाग–ग (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)**

**प्रश्न 1. भारत में परिवहन के अन्य साधनों की तुलना में सड़क परिवहन अधिक उपयोगी क्यों माना जाता है?**

उत्तर : (i) सड़के अपेक्षाकृत अधिक उबड़–खबड़ और ढलुआ भूमि पर भी बनाई जा सकती है।

(ii) सड़के द्वार से द्वार तक सेवा प्रदान करती है।

(iii) सड़क परिवहन अन्य परिवहन के साधनों की पूरक हैं।

(iv) शीघ्र खराब होने वाले सामान जल्दी से ढोये जा सकते हैं।

(v) थोड़ी दूरी की यात्रा के लिए अपेक्षाकृत अधिक सुविधा जनक है।

(vi) सड़कों का निर्माण एवं रखरखाव अपेक्षाकृत आसान है तथा लागत कम है।

**प्रश्न 2. भारत में सर्वाधिक प्रभावी व अधुनातन वैयक्तिक संचार प्रणाली कौन–सी है? उसकी विशेषताएं बताओ।**

**अथवा**

**वैयक्तिक संचार तंत्र में इंटरनेट सर्वाधिक प्रभावशाली संचार प्रणाली है कथन को उदाहरण सहित स्पष्ट करें।**

उत्तर : सभी वैयक्तिक संचार तन्त्रों में इंटरनेट सबसे प्रभावी व नवीनतम संचार प्रणाली है। इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं :–

(i) इंटरनेट विभिन्न मदों पर विस्तृत जानकारी सहित आंकड़े भी उपलब्ध कराता है।

(ii) नगरीय क्षेत्रों में इसका व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जाता है।

(iii) यह उपयोगकर्त्ता को ई–मेल के माध्यम से कम लागत में सूचनाओं की अभिगम्यता प्रदान करता है।

(iv) ई–कामर्स तथा इलेक्ट्रिक लेन–देन के लिए यह अधिकाधिक प्रयोग में लाया जा रहा है।

(v) इंटरनेट सूचना तक पहुंच को आसान बनाता है।

**प्रश्न 3. "भारतीय रेल नेटवर्क माल ढुलाई एवं यात्रियों की आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है और साथ ही भारत के आर्थिक विकास में योगदान देता है।" भारतीय रेलवे के अब तक के सुधारों को देखते हुए उपयुक्त कथन को सत्यापित करें। (CBSE-2012)**

उत्तरः (i) भारतीय रेल द्वारा मीटर तथा नेरो गेज को ब्रॉड गेज में बदलने के लिए व्यापक कार्यक्रम शुरू किया गया है।

(ii) वाष्पचलित इंजनो के स्थान पर डीज़ल और विद्युत इंजनों को लाया गया है।

(iii) रेलों की गति बढ़ने के साथ–साथ उनकी ढुलाई क्षमता भी बढ़ गयी है तथा मेट्रो रेल शुरू की गयी है।

(iv) रेलमार्गों का विस्तार अन्य राज्यों में भी किया गया है। कोंकण रेलवे का निर्माण किया गया है जो भारतीय रेल की बड़ी उपलब्धि है जिसके कारण पश्चिमी तट के साथ–साथ मुम्बई –मंगलौर थिरुवन्तपुरम तक यात्रा सम्भव हो सकी है।

(v) रेलवे आरक्षण को कमप्युटराइज़ किया गया तथा रेलवे स्टेशनों व रेलगाड़ियों में सुविधाओं को उन्नत किया गया है।

**प्रश्न 4. भारत के अंतः स्थलीय जलमार्ग प्राधिकरण की भूमिका की परख कीजिए। अन्तः स्थलीय जल परिवहन, परिवहन की एक महत्वपूर्ण विधा क्यों हैं? (3+2=5)**
**(CBSE-2016)**

उत्तरः (i) राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास, अनुरक्षण तथा नियमन के लिए अतः स्थलीय प्राधिकरण 1986 में स्थापित किया गया।

(ii) इस प्राधिकरण ने तीन अतः स्थलीय जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया।

**अंतः स्थलीय परिवहन महत्त्वपूर्ण विद्या हैः—**

(i) यह परिवहन का सस्ता साधन है।

(ii) ईंधन दक्ष प्रणाली है।

(iii) भारी व स्थूल सामग्री के परिवहन के लिए उपयुक्त है।

प्र.5 **''भारत का सड़क जाल संसार के विशालतम सड़क जालों में से एक है''। उदाहरणों सहित इस कथन की पृष्टि करें।**

**अथवा**

**''भारत का सड़क जाल विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क जाल है? इस कथन की पुष्टि कीजिए। (CBSE-2023)**

उत्तर (i) भारतीय सड़कों की कुल लंबाई 62.16 लाख किलामीटर है।

(ii) प्रतिवर्ष सड़कों द्वारा लगभग 85 प्रतिशत यात्री तथा 70 प्रतिशत भार यातायात का परिवहन किया जाता है।

(iii) सडकों का संकेद्रण नगरों एवं उनके आस पास के क्षेत्रों व ग्रामीण एवं सुंदर क्षेत्रों से रहा है।

(iv) सडकों के विकास हेतु अनेक परियोजनाओं को लागू किया गया।

(v) प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत गांवो को अन्य सडकों से जोडा गया।

(vi) अनेक सुपर एक्सप्रेस वे का निर्माण किया गया।

प्र.6 **भारत में जल परिवहन के महत्व का विशलेषण करे तथा इसकी लोकप्रियता कम होने के कारण बताइए।**

**अथवा**

**''भारत में जलमार्ग परिवहन की एक महत्वपूर्ण विद्या है''। कथन के प्रकाश में जल परिवहन के महत्व को स्पष्ट करे। (CBSE-2019)**

उत्तर (i) यह परिवहन का सबसे सस्ता साधन है।

(ii) भारी एवं स्थूल सामग्री के परिवहन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है।

(iii) इसमें मार्ग बनाने की आवश्यकता नहीं होती।

(iv) भारत तीन ओर से जल से घिरा है तथा लंबी तट रेखा है।

(v) यह ईंधन दक्ष तथा परिस्थितिकी अनुकूल परिवहन प्रणाली है।

(vi) जलमार्ग देश के परिवहन में लगभग 1 प्रतिशत का योगदान देता है।

(vii) इसके अंतर्गत नदियाँ, नहरे, पश्चजल व संकरी खाडियाँ आदि आती है।

जल परिवहन की लोकप्रियता कम होने के कारण

(i) रेल साधन से प्रतिस्पर्धा

(ii) सिंचाई के कारण जल का व्यपवर्तन

(iii) जल निकायों का खराब रखरखाव

**प्र. 7 भारत में पाइपलाइनें परिवहन हेतु अत्यधिक सुविधाए एवं सक्षम परिवहन प्रणाली है। कथन की परख कीजिए। (CBSE-2019)**

उत्तर' 1) पाईप लाईनों के द्वारा ठोस पदार्थों को घोल या गारा में बदल कर परिवहित किया जा सकता है।

2) तेल और प्राकृतिक गैस को ताप संयंत्र केंद्रों व उर्वरक संयंत्रों को भेजा जाता है।

3) पश्चिम भारत में अंकेलेश्वर, कोयली, मुंबई–हाई तथा हजीरा विजयपुर–जगदीशपुर का निर्माण किया गया है।

4) गुजरात से मथुरा तक गैस लाईन बिछाई गई।

5) यह परिवहन का सुरक्षित साधन है।

**प्रश्न 8. भारत के राष्ट्रीय महामार्गों की किन्ही पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। (CBSE-2018)**

उत्तर : (i) इन मार्गों को केंद्र सरकार द्वारा निर्मित एवं अनुरक्षित किया जाता है।

(ii) इन मार्गों का उपयोग अंतर्राज्यीय परिवहन, सामरिक क्षेत्रों तक रक्षा सामग्री एवं सेना के आवागमन के लिये होता है।

(iii) ये मार्ग राज्यों की राजधानियों, प्रमुख नगरों, महत्वपूर्ण पत्तनों तथा रेलवे जंक्शनों को जोड़ते हैं।

(iv) 2020 में इन मार्गों की कुल लम्बाई 1,36,440 किमी थी।

(v) ये मार्ग देश की कुल सड़कों की लम्बाई का लगभग 2 प्रतिशत है।

(vi) इन मार्गों का रखरखाव NHAI (भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण) करता है।

**प्रश्न 9. ''भारतीय रेल जाल विश्व के सर्वाधिक लंबे रेल जालों में से एक हैं।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए।**

उत्तर : (i) देश में भारतीय रेल सरकार का विशालतम उद्यम है।

(ii) भारतीय रेल जाल की कुल लंबाई 67956 कि. मी. है।

(iii) इसका अतिविशाल आकार केंद्रीकृत रेल प्रबंधन तंत्र पर अत्यधिक दबाव डालता है।

(iv) भारतीय रेल को 16 मंडलों में विभाजित किया गया है।

(v) भारतीय रेल ने मीटर तथा नैरो गेज रेलमार्गों को ब्रॉड गेज में बदलने के लिए व्यापक कार्यक्रम शुरु किया है।

(vi) भारतीय रेल ने विविध संस्कृति के लोगों का एक साथ लाने में योगदान दिया है।

## खंड–द्य

## स्त्रोत आधारित प्रश्न

हम अपने दैनिक जीवन में अनेक वस्तुओं का उपयोग करते हैं। दंतमंजन या टूथपेट से लेकर सुबह की चाय, दूध, कपड़ा, साबुन तथा खाद्य पदार्थ आदि की हमें प्रतिदिन आवश्यकता पड़ती है। इन सभी को बाज़ार से खरीदा जा सकता है। क्या आपने कभी सोचा है कि इन वस्तुओं को अपने उत्पादन–स्थल से किस प्रकार लाया जाता है? सभी उत्पादन निश्चय ही खपत के लिए होता है। खेतों एवं कारखानों से तैयार सभी उत्पादों को उन स्थानों पर लाया जाता है, जहाँ से उपभोक्ता उन्हें खरीद सकें। यह परिवहन ही है जो इन वस्तुओं को उत्पादन स्थलों से बाज़ार तक पहुँचाता है। जहाँ ये उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध होते हैं।

हम अपने दैनिक जीवन में फल, शाक–सब्ज़ियों, किताबें एवं कपड़ा आदि जैसी भौतिक वस्तुएँ ही नहीं उपयोग में लाते हैं, बल्कि विचारों, दर्शन तथा संदेशों का भी उपयोग करते हैं। आप जानते हैं कि विभिन्न साधनों के माध्यम से संचार करते समय हम अपने विचारों, दर्शन और संदेशों का विनिमय एक स्थान से दूसरे स्थान तक, अथवा एक व्यक्ति से दूसरे तक करते हैं।

परिवहन तथा संचार का उपयोग एक वस्तु की उपलब्धता वाले स्थान से उसके उपयोग वाले स्थान पर लाने–ले जाने की हमारी आवश्यकता पर निर्भर करता है। मानव विभिनन वस्तुओं, पदार्थो और विचारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए भिन्न विधियों का प्रयोग करता है।

**उपर्युक्त स्त्रोत का अध्ययन करें व दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें।**

**1. परिवहन की उपयोगिता की व्याख्या करें।**

उत्तर– परिवहन से वस्तुओं को उत्पादन स्थलों से बाज़ार तक व उपभोक्ताओं तक पहुंचाते हैं।

**2. 'संचार' शब्द को परिभाषित कीजिए।**

उत्तर– विभिन्न साधनों के माध्यम से विचार, दर्शन को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाना संचार है।

**3. संचार और परिवहन के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर– विचार, दर्शन व संदेश को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाना संचार कहलाता है व वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाना परिवहन कहलाता है।

**4. दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या 1 और 3 के उत्तर लिखिए:**



**प्रश्न 1. दिया गया आरेख भारत के निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय जलमार्ग से संबंधित है?**

(A) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 2 (B) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 3

(C) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 4 (D) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या 5

**प्रश्न 2. आरेख पर अंकित** (A) **निम्नलिखित में से किस स्थान से संबधित है?**

(A) काकीनाड (B) धुबरी

(C) कोट्टापुरम (D) सदिया

**प्रश्न 3. आरेख पर अंकित** (B) **निम्नलिखित में से किस स्थान से संबधित है?**

(A) कोलम (B) हल्दिया

(C) डिब्रूगढ़ (D) वल्लामकाली

# अध्याय–8

# अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार

| निर्यात प्रारूप | आयात प्रारूप | व्यापार की दिशा |
|---|---|---|
| • समय के साथ प्रमुख बदलाव।<br>• कृषि तथा समवर्गी उत्पादों का हिस्सा घटा।<br>• पेट्रोलियम तथा अपरिष्कृत उत्पादों एवं अन्य वस्तुओं में वृद्धि।<br>• परंपरागत वस्तुओं–जैसे–कॉफी, काजू, दालों आदि के निर्यात में गिरावट।<br>• पुष्प कृषि उत्पादों–ताजे फलो समुद्री उत्पादों तथा चीनी आदि के निर्यात में वृद्धि।<br>• मणि–रत्नों तथा आभूषणों की व्यापक हिस्सेदारी। | • 1950 तथा 1960 के दशक में खाद्यान्न, पूँजीगत माल, मशीनरी एवं उपस्कर आदि थे।<br>• भुगतान संतुलन बिल्कुल विपरीत, आयात प्रतिस्थापन के सभी प्रयासों के बावजूद आयात निर्यातों से अधिक थे।<br>• हरित क्रांति में सफलता मिलने पर खाद्यान्नों के आयात पर रोक।<br>• 1973 में आए ऊर्जा संकट से पेट्रोलियम के मूल्यों में उछाल आया, आयात बजट में बढ़ोत्तरी।<br>• खाद्यान्नों के आयात की जगह उर्वरकों, पेट्रोलियम, मशीन एवं उपस्कर, स्टील, खाद्य तेल तथा रसायन आदि ने ली।<br>• अन्य आयात में प्रमुख वस्तुाओं में मोती तथा उपरत्नों स्वर्ण तथा चाँदी, घातुमय अयस्क, धातु छीजन, अलौह धातुएँ तथा इलैक्ट्रोनिक वस्तुएँ। | • भारत के व्यापारिक सम्बन्ध अधिकांश देशों तथा प्रमुख व्यापारी गुटों के साथ है।<br>• भारत का उद्देश्य भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अपनी हिस्सेदारी को दुगना करना है।<br>• आयात उदारीकरण आयात करो में कभी विअनुज्ञाकरण तथा प्रक्रिया से उत्पाद एकस्व में बदलाव आदि अनुकूल उपाय अपनाये जाने से विश्व में व्यापारिक हिस्सेदारी बढ़ाने की योजना।<br>• एशिया तथा ऑसियन के साथ 2010–11 से 2016–17 व्यापार में नियमित वृद्धि।<br>• 2010–11 से 2016–17 के मध्य यूरोप के साथ व्यापारिक वृद्धि नियमित रूप से हुई।<br>• नियमित व्यापारिक वृद्धि प्रक्रति 2010–11 से 2016–17 के मध्य अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका तथा लैटिन अमेरिका के साथ दर्ज हुई। |

| समुद्री पतन | वायु पत्तन (हवाई अड्डे) |
|---|---|
| • **कांडला** :– कच्छ की खाड़ी के मुँहाने पर अवस्थित। भारी मात्रा में पैट्रोलियम, उत्पादों एवं उर्वरकों की ग्रहण करने के लिए बनाया गया।<br>• **मुंबई** :– प्राकृतिक पतन, देश का सबसे बड़ा पतन।<br>• **जवाहर लाल नेहरू** :– न्हावा–शेवा में मुबई पत्तन के दबाव को कम करने के लिए अनुषंगी पत्तन के रूप में विकसित किया गया है।<br>• **मर्मागाओं** :– जुआरी नदमुख के मुहाने पर अवस्थित एक प्राकृतिक बन्दरगाह, जापान को लौह–अयस्क के निर्यात के लिए महत्त्वपूर्ण।<br>• **न्यू मंगलुरू** :– कर्नाटक प्रमुख पृष्ठ प्रदेश, लौह–अयस्क और लोहे सांद्र के निर्यात की जरूरतों को पूरा करता है।<br>• **कोच्ची** :– बेवानव कायाल के मुँहाने पर स्थित एक प्राकृतिक पत्तन।<br>• **कोलकाता** :– हुगली नदी पर अवस्थित, हुगली नदी द्वारा लाई गई गाद की समस्या से जूझता रहा है।<br>• **हल्दिया** :– इसका निर्माण कोलकाता पत्तन की संकुतला को घटाने के लिए किया गया है।<br>• **पारा दीप** :– महानदी डेल्टा पर स्थित, इसका पोताश्रय सबसे गहरा, भारी पोतो के निपटान के लिए अनुकूल है।<br>• **विशाखापट्टनम** :– आंध्र प्रदेश में एक भू–आबदृ पत्तन, नहर द्वारा समुद्र से जोड़ा गया है।<br>• **चेन्नई** :– सबसे पुराना तथा कृत्रिम पत्तन है।<br>• **एन्नारे** :– चेन्नई पत्तन के दबाव को कम करने के लिए बनाया गया है।<br>• **तूतीकोरिन** :– इसका निर्माण भी चेन्नई पत्तन के दबाव को कम करने के लिए किया गया है। | • लम्बी दूरी वाले उच्च मूल्य वाले या नाशवान सामानों को कम समय में ले जाने व निपटाने के लिए उपयोगी।<br>• भारी तथा स्थूल वस्तुओं के वहन करने के लिए बहुत महंगा और अनुपयुक्त।<br><br>**प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे**<br>• अहमदाबाद :– सरदार बल्लभ भाई पटेल<br>• बेगलुरू :– कैपेस गोडा<br>• चेन्नई :– अन्ना<br>• नई दिल्ली :– इंदिरा गाँधी<br>• गोवा :–<br>• गुहावटी :– लोक प्रिय गोपीनाथ बाददोलोई<br>• हैदराबाद :– राजीव गाँधी<br>• कोच्ची :– कोचीन<br>• कोलकाता :– नेताजी सुभाष चंद्र बोस<br>• मुंबई :– छत्रपति शिवाजी<br>• तिरुवनंथपुरम :–<br>• श्रीनगर :–<br>• जयपुर :–<br>• कालीकट :– कोझीकोड़<br>• नागपुर :–<br>• लखनऊ :– चौधरी चरणसिंह<br>• कोयम्बटूर :–<br>• पुणे :–<br>• चंड़ीगढ़ :– शहीद भगत सिंह<br>• मगंलुरू :–<br>• विशाखापट्टनम :–<br>• इंदोर :– देवी अहिल्या बाई होल्कर<br>• पटना :– जयप्रकाश नाराण<br>• भुवनेश्वर :– बीजू पटनायक, कुन्नोर |

## भाग–कः
## (बहुविल्पीय प्रश्न, एक अंक वाले)

**प्रश्न 1. भारत में परंपरागत वस्तुओं के अंतराष्ट्रीय व्यापार में गिरावट का मुख्य कारण कौन सा है।**

a) कडी अंतराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा

b) सरकार की उदार नीतियाँ

c) बाजारों की कमी

d) विनिर्माण का तेजी से विकास

**प्रश्न 2. भारत में 1950 एवं 1960 के दशक में आयात की सबसे प्रमुख वस्तु क्या थी?**

a) अयस्क एवं खनिज

b) दवाईयां

c) खाद्यान्न

d) वस्त्र

**प्रश्न 3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

**भारत में प्रमुख पत्तनों के संबन्धों में ..............नीतियों बनाती है। तथा छोटे पत्तनों के लिए .................... नीतियां बनाती है। और नियामक क्रियाएँ निभाती है।**

**प्रश्न 4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा दिये गये विकल्पों की सहायता से सही उत्तर दीजिए।**

1. अभिकथन : भारत में 1960 के आयात में खाद्यान्न प्रमुख मद था।
2. कारण : देश उस समय खाद्य की भारी कमी का सामना कर–रहा था।

**विकल्प :**

a) दोनों कथन सत्य हैं, कथन 2, कथन 1 को सही प्रकार से स्पष्ट नहीं करता।

b) दोनों कथन सत्य हैं, कथन 2, कथन 1 को सही प्रकार से स्पष्ट करता है।

c) दोनों कथन 1 व 2 गलत है।

d) कथन 1 सत्य है और कथन 2 सही नहीं है।

**प्रश्न 5. भारत में, उर्जा संकट 1973 के प्रत्यक्ष प्रभाव निम्नलिखित में से कौन सा था?**

a) आयात बजट बढ़ गया।

b) खाद्यान्नों के आयात की जगह उर्वरकों ने ले ली।

c) खाद्य तेलों के आयात में वृद्धि।

d) उपरोक्त सभी

**प्रश्न 6. निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा दिये गए विकल्पों की सहायता से सही उत्तर दीजिए।**

1. भारत खाद्य तेलों एवं दालों का आयात करता है।
2. भारत एक कृषि की दृष्टि से समृद्ध देश है।

**विकल्प**

a) दोनों कथन सत्य हैं।

b) केवल कथन 1 सत्य है।

c) केवल कथन 2 सत्य है।

d) दोनों कथन गलत हैं।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से कौन सा पत्तन देश के पश्चिमी एवं उत्तर पश्चिमी भाग की आवशकताओं को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है?**

a) मुंबई पत्तन

b) जवाहर लाल नेहरू पत्तन

c) कांडला पत्तन

d) मर्मागाओं पत्तन

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से कौन सा पत्तन भू–आबद्ध पत्तन के रूप में जाना जाता है।**

a) हल्दिया

b) विशाखा पट्टनम

c) एन्नोर

d) तूती कोरिन

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से किस पत्तन को अंतः स्थलीय नदीय पत्तन के रूप में जानते हैं?**

a) हल्दिया पत्तन

b) कोलकाता

c) पाराद्वीप

d) न्यूमंगलुरू

**प्रश्न 10. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों एवं उर्वरकों को ग्रहण करने के लिए बनाया गया पत्तन है।**

a) हल्दिया

b) कांडला

c) तूतीकोरिन

d) जवाहरलाल नेहरू

**प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किस देश के साथ व्यापार सड़क मार्ग द्वारा होता है?**

a) भूटान

b) म्यांमार

c) श्रीलंका

d) मालद्वीव

**प्रश्न 12. निम्नलिखित में से कौन सा पत्तन लुगदी का निपटान करता है?**

a) मुंबई

b) एन्नोर

c) न्यू मंगलुरू

d) चेन्नई

**प्रश्न 13. निम्न में से कौन सा परिवहन साधन स्थूल वस्तुओं के वहन करने के लिए अनुपयुक्त होता है?**

a) वायु परिवहन

b) जल परिवहन

c) रेल परिवहन

d) सड़क परिवहन

## उत्तरमाला

1. (a), 2. (c), 3. केन्द्र सरकार / राज्य सरकारें, 4. (b), 5. (a), 6. (a)
7. (c), 8. (b), 9. (b), 10. (b), 11. (a), 12. (c), 13. (a)

## भाग—ख

## (लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)

**प्रश्न 1. भारत के विदेशी व्यापार की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर : (i) भारत का विदेशी व्यापार सदा ही प्रतिकूल रहा है। (ii) आयात का मूल्य निर्यात के मूल्य से सदा ही अधिक रहा है। विश्व के सभी देशों के साथ भारत के व्यापारिक संबंध है। (iii) वस्त्र, अयस्क व खनिज, हीरे आभूषण तथा इलेक्ट्रानिक वस्तुएँ भारत के मुख्य निर्यात है। पेट्रोलियम हमारे देश का सबसे बड़ा आयात है।

**प्रश्न 2. पृष्ठ प्रदेश किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए। (CBSE-2011, 2016)**

उत्तर : **पृष्ठ प्रदेश :—** (i) किसी पतन का वह प्रभाव क्षेत्र जो उस पतन से अच्छी तरह जुड़ा होता है। (ii) पृष्ठ प्रदेश की सीमाओं का सीमांकन मुश्किल होता है क्योंकि यह क्षेत्र सुस्थिर नहीं होता। (iii) अधिकतर मामलों में एक पत्तन का पृष्ठ प्रदेश दूसरे पत्तन के पृष्ठ प्रदेश का अतिव्यापन कर सकता है।

उदाहरण— उ. प्र., बिहार, झारखंड, आदि कोलकाता पत्तन के पृष्ठ प्रवेश के अर्न्तगत आते हैं।

**प्रश्न 3. मुम्बई पत्तन देश का सबसे बड़ा पत्तन है, स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर :
1) यह एक प्राकृतिक बन्दरगाह है, जहां गहरे जल के कारण बड़े—बड़े जहाजों के लिए सुरक्षित सुविधाएं हैं। इसमें 54 गोदिया तथा तेल का विशालतम टर्मिनल है।
2) यह पत्तन मध्यपूर्व, भूमध्य सागरीय देशों, उत्तरी अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका तथा यूरोप के देशों के सामान्य मार्ग के निकट है।
3) यह भारत का एक महत्त्वपूर्ण औद्योगिक व व्यापारिक केन्द्र है।

**प्रश्न 4. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार से देश कैसे लाभ प्राप्त करते हैं? वर्णन कीजिए।**

उत्तर : (i) आज की जटिल अर्थव्यवस्था में बड़े से बड़ा राष्ट्र भी पूर्णतया आत्मनिर्भर नहीं हो सकता है। प्रत्येक देश में कुछ वस्तुएं उसकी आवश्यकता से अधिक है तो कुछ वस्तुएं कम होती है।

(ii) इस प्रकार प्रत्येक देश अपनी आवश्यकता से कम वस्तुएं आयात करता है तथा अधिक वस्तुओं का निर्यात करता है, जिससे सभी देशों की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

(iii) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार देशों को अपने बाजारों का विस्तार करने और उन वस्तुओं और सेवाओं को उपलब्ध कराता है जो घरेलू स्तर पर उपलब्ध नही हैं।

**प्रश्न 5. पत्तनों को ''अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार'' क्यों कहते हैं? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर :
- समुद्री पत्तन अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए इन्हें अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार कहते हैं।
- राष्ट्रीय बजारों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की सोगात प्रदान की है।
- पत्तन जहाज के लिए गोदी, सामान, उतारने लादने तथा भंडारण की सुविधाएं प्रदान करते हैं।
- जल सस्ते परिवहन के लिए एक सपाट तल प्रदान करता है।
- पत्तन अपने पृष्ठ प्रदेशों से वस्तुएं इकट्ठा करने का काम करते हैं, जहां से उन वस्तुओं को अन्य स्थानों पर भेजा जाता है।

**प्रश्न 6. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिये भारत ने कौन–से प्रयास किये हैं?**

उत्तर : भारत के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का प्रारूप लगातार बदलता रहा है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् हमारे विदेशी व्यापार मूल्य में काफी वृद्धि हुई है। अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए किए गए प्रमुख प्रयास हैं :–

1) भारत सरकार द्वारा उद्योगों में उदारीकरण की नीति को अपनाया गया।
2) विअनुज्ञाकरण तथा प्रक्रिया से उत्पाद के स्वरूप मे बदलाव।
3) आयात करो ने कमी।

**प्रश्न 7. 'कोलकाता पत्तन को ब्रिटिश भारत की राजधानी होने का गौरव प्राप्त था किन्तु अब उसने एक पत्तन के रूप में अपनी सार्थकता काफी हद तक खो दी है। कथन की परख कीजिए।**

उत्तर : 1) यह पत्तन हुगली नदी द्वारा लाई गाद की समस्या से जूझता रहा है।

2) विशाखापत्तनम पारद्वीप और अनुषंगी पत्तन हल्दिया की ओर निर्यात के दिक परिवर्तन के कारण इस पत्तन ने काफी हद तक अपनी सार्थकता खो दी है।

3) इस पत्तन पर अधिक संकुलता बढ़ गई है।

## भाग—ग:
## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

**प्र.1. भारत के आयात व निर्यात संघठनके बदलते प्रारूप का विश्लेषण कीजिए।**

उत्तर' भारत के आयात संघटन के बदलते प्रारूपः

1) 1950 एवं 60 के दशक में खाद्यान्नों की गंभीर कमी के कारण खाद्यान्न, पूंजीगत, माल, मशीनरी आयात की प्रमुख वस्तुएँ थी।

2) 1970 के दशक में खाद्यान्नों के आयात का स्थान उर्वरक एवं पेट्रोलियम में ने ले लिया

3) मशीन एवं उपकरण, विशेष स्टील, खाद्य तेल तथा रसायन मुख्य रूप से आयात व्यापार की रचना करते है।

4) पेट्रोलियम तथा इसके उत्पाद के आयात में तीव्र वृद्धि हुई।

5) निर्यात की तुलना में आयात का मूल्य अधिक है।

**भारत के निर्यात संघटन के बदलते प्रारूप**

1) पंरपरागत वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आई, तथा काजू, दालों आदि।

2) पुष्प कृषि उत्पादों ताजे फलों, समुद्री उत्पादों तथा चीनी आदि के निर्यात में वृद्धि दर्ज हुई।

3) वर्ष 2016—17 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र ने भारत के कुल निर्यात मूल्य में अकेले 73.6 प्रतिशत की भागीदारी अंकित है।

4) अयस्क एवं खनिजों के निर्यात में आकस्मिक कमी दर्ज की गई।

**प्रश्न 2. 1947 के विभाजन से हुई क्षति के बावजूद देश में पतन में निरंतर वृद्धि हो रही है। कथन की पुष्टि कीजिए।**

उत्तर : 1) बड़ी हानि के बावजूद अनेक नए पत्तनों को विकसित किया–पश्चिम में कांडला तथा पूर्व में हुगली नदी पर कोलकाता के पास डायमंड हार्बर।

2) आज भारतीय पत्तन विशाल मात्रा में घरेलू के साथ–साथ विदेशी व्यापार का निपटान कर रहे हैं।

3) अधिकतर पत्तनों को आधुनिक अवसंरचना से युक्त है।

4) भारतीय पत्तनों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पत्तनों के समकक्ष बनाने के लिए निजी उद्यमों को आमंत्रित किया जा रहा है।

5) आज भारतीय पत्तनों की नौभार निपटान की क्षमता 1951 में 20 मिलियन टन से 2016 में 837 मिलियन टन से अधिक बढ़ गई थी।

6) वर्तमान में भारत में 12 प्रमुख तथा 200 छोटे या मंझोले पत्तन हैं।

## खंड–घ

## स्रोत आधारित प्रश्न

**प्रश्न 1.**

पेट्रोलियम तथा इसके उत्पादों के आयात में तीव्र वृद्धि हुई है। इसे न केवल ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया जाता है बल्कि इसका प्रयोग उद्योगों में एक कच्चे माल के रूप में भी होता है। इससे बढ़ते हुए औद्योगीकरण और बेहतर जीवन स्तर का संकेत मिलता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी इसकी कदाचनिक मूल्यवृद्धि भी एक अन्य कारण रही है। निर्याता भिमुख उद्योगों एवं घरेलू क्षेत्र की बढ़ती हुई मांग के कारण पूँजिगत वस्तुओं के आयात में एक स्थिर वृद्धि होती रही है। गैर–वैद्युतिक मशीनरी परिवहन उपस्कर, धातुओं के विनिर्मितयाँ तथा मशीनी औजार आदि पूंजीगत वस्तुओं की मुख्य मदें होती थी। खाद्य तेलों के आयात में आई गिरावट के साथ खाद्य तथा समवर्गी उत्पादों के आयात में कमी आई है।

**प्रश्न (i)** पेट्रोलियम का प्रयोग उद्योगों में कच्चे माल के रूप में क्यों होता है?

उत्तर : इसका प्रयोग कृत्रिम धागे, रसायन, पोलीमर आदि बनाने में होता है।

**प्रश्न (ii)** निर्याताभिमुख उद्योगों एवं घरेलू क्षेत्र की मांग बढ़ोतरी किस कारण से हो रही है?

उत्तर : देश की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था व जनसंख्या के कारण।

**प्रश्न (iii)** खाद्य तेलों के आयत में गिरावट क्यों आई है?

उत्तर : खाद्य तेलों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के कारण।

**प्रश्न 2. तालिका का अध्ययन कीजिए और निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

| **वस्तुएँ/माल** | **2009–2010** | **2010–11** | **2015–16** | **2016–17** |
|---|---|---|---|---|
| कृषि एवं समवर्गी उत्पाद | 10.0 | 9.9 | 12.6 | 12.3 |
| अयस्क एवं खनिज | 4.9 | 4.0 | 1.6 | 1.9 |
| विनिर्मित वस्तुएँ | 67.4 | 68.0 | 72.9 | 73.6 |
| पेट्रोलियम व अपरिष्कृत उत्पाद | 16.2 | 16.8 | 11.9 | 11.7 |
| अन्य वस्तुएँ | 1.5 | 1.2 | 1.1 | 0.5 |

**प्रश्न (i)** सबसे अधिक वृद्धि 2009–2010 से 2017 के मध्य किस वस्तु के निर्यात से हुई?

उत्तर : विनिर्मित वस्तुएं।

**प्रश्न (ii)** सबसे अधिक गिरावट 2009–2010 से 2017 के मध्य किस वस्तु के निर्यात में हुई?

उत्तर : अयस्क एवं खनिज।

**प्रश्न (iii)** कृषि उत्पादों यथा परंपरागत वस्तुओं के निर्यात में गिरावट का कारण बताइए।

उत्तर : कड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा।

अध्याय– 9

# भौगोलिक परिपेक्ष्य में चयनित कुछ मुद्दे एवं समस्याएँ



## भाग–कः
## (बहुविल्पीय प्रश्न, एक अंक वाले)

**प्रश्न 1. निम्न लिखित जल प्रदूषण कारकों में से कौन सा सांस्कृति गतिविधियों से संबंधित है?**

a) पर्यटन

b) औद्योगिक कचरा

c) रासायनिक अवशेष

d) जहरीली गैस

**प्रश्न 2. निम्न में से कौन सा रोग जल जनित नही है ?**

a) डायरिया

b) वायरल बुखार

c) आंतों के कृमि

d) हेपेटाइटिस

**प्रश्न 3. निम्न पर विचार कीजिए तथा सूचि 1 से सूचि 2 से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

| I<br>**प्रदुषण के प्रकार** | II<br>**प्रदूषक** |
|---|---|
| (i) वायु प्रदूषण | 1. वाहित मल निपटान |
| (ii) जल प्रदूषण | 2. मोटर वाहन |
| (iii) भू–प्रदूषण | 3. कोयला पेट्रोल डीजल दहन |
| (iv) ध्वनि प्रदूषण | 4. अनुचित मानवीय क्रियाएँ |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**प्रश्न 4. नमामि गंगे कार्यक्रम के उद्देश्यनुसार भारत के किस राज्य में गंगा ग्राम का विकास नही किया जाना है ?**

a) उत्तराखण्ड

(b) उत्तर प्रदेश

c) झारखण्ड

d) हरियाणा

**प्रश्न 5. निम्न में कौन सा अम्ल वर्षा का कारण है ?**

a) जल प्रदूषण

b) भूमि प्रदूषण

c) ध्वनि प्रदूषण

d) वायु प्रदूषण

**प्रश्न 6. निम्न में से कौन सा ठोस कचरे का उदाहरण नही है ?**

a) जंग लगी पिन

b) कांच का समान

c) पोलीथिन की थैली

d) कारखानों से निकला रसायन युक्त जल

**प्रश्न 7. झबुआ जिले में गरीबी की प्रबलता का मुख्य कारण निम्न में से कौन सा है ?**

a) जंगल तथा भूमि का निम्नीकरण

b) वायु अपरदन

c) सरकार की उदासीनता

d) धीमा नगरीकरण

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से कौन सा ध्वनि प्रदूषण का मुख्य स्रोत नहीं माना जाता है।**

a) विज्ञापन मीडिया

b) औद्योगिक प्रक्रम

c) मोटर वाहन तथा वायुयान

d) वाहित जल

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से कौन सा सर्वाधिक जल प्रदूषण करने वाला उद्योग है?**

a) भोजन प्रसंस्करण उद्योग

b) कागज तथा लुगदी उद्योग

c) इलैक्ट्रोप्लेटिग उद्योग

d) लौह व इस्पात उद्योग

**प्रश्न 10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा दिये गये विकल्पों की सहायता से सही उत्तर दीजिए।**

1. अभिकथन : नदियों, नहरों, झीलों तथा तालाबों में उपलब्ध जल शुद्ध नहीं रह गया है।

2. कारण : औद्योगिकरण विस्तारण के कारण जल के अविवेकपूर्ण उपयोग से जल की गुणवत्ता का निम्नीकरण हुआ है।

**विकल्प**

a) दोनों कथन सत्य हैं, कथन 2, कथन 2 को सही प्रकार से स्पष्ट नहीं करता।

b) दोनों कथन सत्य हैं, कथन 2 को सही प्रकार से स्पष्ट करता है।

c) दोनों कथन 1 व गलत है।

d) कथन 2 सत्य है और कथन 2 सही नहीं है।

**प्रश्न 11. निम्नलिखित में से कौन सा जल स्रोतों के जैव प्रणाली को नष्ट करता है?**

a) औद्योगिक कचरा

b) डीजल का दहन

c) पीड़कनाशी

d) मोटर वाहन

**प्रश्न 12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा दिये गये विकल्पों की सहायता से सही उत्तर दीजिए।**

**कथन I** – भारत में लगभग एक–चौथाई संचारी रोग जल–जनित होते हैं।

**कथन II** – जल–प्रदूषण, विभिन्न प्रकार की जल–जनित बीमारियों का एक प्रमुख स्रोत है।

**विकल्प :**

a) दोनों कथन सत्य हैं।

b) केवल कथन I सत्य है।

c) केवल कथन II सत्य है।

d) दोनों कथन गलत हैं।

**प्रश्न 13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा दिये गये विकल्पों की सहायता से सही उत्तर दीजिए।**

**कथन I –** धूम्र कुहरा मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक सिद्ध होता है।

**कथन II –** वायु मंडलीय प्रदूषण के कारण धूम कुहरा बनता है।

**विकल्प :**

a) केवल कथन I सत्य है।

b) केवल कथन II सत्य है।

c) दोनों कथन सत्य हैं तथा कथन II, कथन I को सही प्रकार से स्पष्ट करता है।

d) दोनों कथन सत्य हैं, लेकिन एक दूसरे से सम्बन्धित नहीं है।

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से कौन सा ध्वनि प्रदूषण का एक स्रोत है?**

a) सायरन तथा लाउडस्पीकर

b) पोलीथीन की थैलियाँ

c) सांस्कृतिक गतिविधियाँ

d) नाभिकीय उर्जा सयंत्र

**प्रश्न 15. गंदी बस्तियों में लोगों को निम्नलिखित में से कौन सा उदासीन के प्रति उन्मुख करता है?**

a) शिक्षा

b) गरीबी

c) कम वेतन

d) अधिक जोखिम भरा कार्य

**प्रश्न 16. निम्नलिखित में से कौन सा ध्वनि–प्रदूषण का कारण नहीं है?**

a) वायुयान

b) उद्योग

c) मोटरवाहन

d) साइकिल

**प्रश्न 17. निम्नलिखित में से कौन सा भू–प्रदूषण का कारण नहीं है?**

a) अनुप चारित औद्योगिक अपशिष्ट का निपटान।

b) पीड़क नाशी और रासायनिक उर्वरकों का उपयोग।

c) अनुचित मानव क्रिया कलाप।

d) जैविक कृषि

**प्रश्न 18. निम्नलिखित में से कौन सा भू–निम्नीकरण का अभिप्राय है?**

a) भूमि की गुणवत्ता में कमी

b) स्थायी / अस्थायी पर भमि की उत्पादकत में कमी

c) मृदा में लवणता की वृद्धि

d) बंजर भूमि

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1-a | 2-b | 3-b | 4-d | 5-d | 6-d |
| 7-a | 8-d | 9-b | 10-b | 11-a | 12-a |
| 13-c | 14-a | 15-b | 16-d | 17-d | |
| 18-b | | | | | |

**200**

**भाग–ख**

**(लघु उत्तीय प्रश्न, तीन अंक वाले)**

प्र. 1. **विकासशील देशों में नगरों की प्रमुख समस्याएँ क्या है? स्पष्ट कीजिए?**

उत्तरः 1) अवशिष्ट निपटान की समस्या

2) जनसंख्या विस्फोट की समस्या

3) स्लम बस्तियों की समस्या (तीनों बिन्दुओं का विस्तार करें)।

**प्र. 2. वायु प्रदूषण क्या है? इसके प्रमुख स्त्रोत क्या है? मानव स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण का क्या प्रभाव पड़ता है?**

**अथवा**

**भारत में वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या क्यों है। (CBSE-2019)**

उत्तरः धूल, धुँआ, जहरीली गैसें, दुर्गंध व वाष्प की वायु में वृद्धि जो जीव जन्तुओं व सम्पत्ति के लिए हानिकारक होती है, वायु प्रदूषण कहलाता है।

**वायु प्रदूषण के स्त्रोत** :– जीवश्म ईंधन का दहन, खनन, औद्योगिक ठोस कचरा निपटान इसके प्रमुख स्त्रोत हैं ये स्त्रोत वायु में सल्फर, नाइट्रोजन आक्साइड, हाइड्रोजन कार्बन व कार्बन–डाइ–ऑक्साइड व कार्बन मोनोऑक्साइड, सीसा व एस्बेस्टस छोडतं हैं। जिससे वायु प्रदूषण होता है।

**स्वास्थय पर प्रभावः–**

1. इसके कारण श्वसन तन्त्रीय, तंत्रिका–तत्रीय तथा रक्त संचार सम्बन्धी विभिन्न बिमारियाँ होती है।

2. नगरों के ऊपर घूम्र कोहरा छाया रहता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इसके कारण अम्लीय वर्षा भी हो सकती है। जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**प्र.3. पेटलावाड विकास खण्ड के भील समुदाय ने अपना स्वयं का प्रयास करके विस्तृत भागों की सांझी संपदा को पुनर्जीवित किया है। उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।**

उत्तरः 1) प्रत्येक परिवार ने सांझा संपदा में एक पेड़ लगाकर उसकी देखभाल की है।

2) प्रत्येक परिवार ने चारागाह भूमि पर चारा घास को बोया तथा दो वर्ष तक उसकी सामाजिक घेराबंदी की।

3) पशुओं की खुली चराई पर रोक लगाकर पशुओं के आहार हेतु नाँदों की स्थापना की।

**प्र.4. ''भारत में ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर जनसंख्या प्रवाह अनेक कारणों से प्रभावित होता है।'' कथन की परख कीजिए।**

उत्तरः 1) भारत में नगरीय क्षेत्रों में मजदूरी की माँग अधिक रहती है। इसलिए नियमित व अच्छी मजदूरी की आस लिए गाँवों से शहरों की ओर पलायन करते है।

2) भारत में ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरों में शिक्षा स्वास्थ्य व रोजगार के अच्छे अवसर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

3) गांवों में गरीब व भूमिहीन लोगों के साथ सामाजिक भेदभाव व जातीय संघर्ष भी इन लोगों को शहरों की ओर पलायन के लिए मजबूर करता है।

**प्र.5. भारत में नगरीय केन्द्र सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक–सांस्कृतिक एवं विकास के अन्य संकेतकों के किसी अन्य क्षेत्र की अपेक्षा कहीं अधिक विविधतापूर्ण है। स्पष्ट कीजिए।**

उत्तरः 1) भारत के नगरीय केंद्रों में सबसे ऊपर फार्म हाउस तथा उच्च आय वर्ग की बस्तियाँ है। जिनमें चौडी सडके, स्ट्रीट लाइट, जल व स्वच्छता की सुविधाएँ, पार्क उपवन तथा सुरक्षा के सभी उपाय मौजूद है।

2) दूसरी ओर भारत के नगरों में झुग्गी बस्तियाँ, गंदी बस्तियाँ व पटरी के किनारे व नालों के किनारों पर बनी बस्तियाँ हैं जिनमे किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं है। ये नरक समान है लेकिन लोगों से भरी पडी है।

3) इनमें वे लोग रहते हैं जिन्हें नगरीय क्षेत्रों में आजीविका की खोज में प्रवासित होने के लिए विवश होना पड़ता है। ये लोग पर्यावरण की दृष्टि से बेमेल और निम्नीकृत क्षेत्रों पर कब्जा कर रहते हैं।

**प्र.6. यद्यपि जल प्रदूषण प्राकृतिक स्त्रोतों से प्राप्त प्रदूषकों से भी प्रदूषित होता है। परन्तु मानव स्त्रोतों से उत्पन्न होने वाले प्रदूषक चिंता का वास्ताविक कारण हैं। स्पष्ट कीजिए।**

उत्तरः 1) मानव जल को औद्योगिक, कृषि एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से प्रदूषित करता है।

2) औद्योगिक कचरा जहरीली गैस, रासायनिक अवशेष व भारी धातुएँ बिना उपचार के जल स्त्रोतों में विसर्जित कर दी जाती है।

3) आधुनिक कृषि की पद्धतियाँ, रासायनिक पदार्थ कीटनाशक आदि भी जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर रहे हैं।

4) भारत में तीर्थ यात्राओं धार्मिक मेले, पर्यटन व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियाँश जल स्त्रोतों को प्रदूषित कर रही है।

**प्र.7. भारत में नगरीय अपशिष्ट निपटान एक गम्भीर समस्या क्यों हैं? कोई तीन कारण स्पष्ट कीजिए।**

उत्तरः 1) तेजी से बढती जनसंख्या तथा उसके लिए अपर्यापत सुविधाएँ तथा विभिन्न स्त्रोतों द्वारा अपशिष्ट की मात्रा में वृद्धि।

2) कारखानों, विद्युत गृहों तथा भवन निर्माण तथा विंध्वस से भारी मात्रा में निकली राख या मलबा।

3) अपशिष्ट/कचरे का पूर्णतः निपटान न होना। बिना एकत्र किये छोडना आदि।

4) कचरा डालने के लिए पर्याप्त स्थानों की कमी।

5) पर्याप्त जागरूकता के अभाव में पुनर्चक्रण नहीं हो पाता।

**प्र.8. भारत के जलाशयों को प्रदूषित करने के लिए उद्योग किस प्रकार उत्तरदायी हैं? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तरः 1) उद्योग अनेक अवांछित उत्पाद पैदा करते हैं। जिनमें औद्योगिक कचरा, प्रदूषित अपशिष्ट जल, जहरीली गैसें, रासायनिक अवशेषः अनेक भारी धातुएँ, धुल धुआँ आदि शमिल है।

2) अधिकतर औद्योगिक कचरे को बहते जल में या झीलों आदि में विसर्जित कर दिया जाता है। परिणाम स्वरूप रासायनिक तत्व जलाशयों, नदियों आदि में पहुँच जाते हैं।

3) सर्वाधिक जल प्रदूषक उद्योग—चमडा,लुगदी व कागज, वस्त्र तथा रसायन हैं।

4) रसायनिक अवशेष न केवल जल को प्रदूषित करते हैं वरन जल की स्वतः शुद्धिकरण चक्र को भी प्रभावित करता है।

## भाग—ग
## (दीर्घ उत्तीय प्रश्न, पाँच अंक वाले)

प्र.1. **भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भूमि निम्नीकरण की प्रक्रिया का विश्लेषण कीजिए।**

उत्तरः 1) **अति सिंचाईः**— इसके कारण देश में उत्तरी मैदानों में लवणीय व क्षारीय क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। सिंचाई मृदा की संरचना को बदल देती है इनके अतिरिक्त उर्वरक, कीटनाशी गुणों को नष्ट करके मृदा को बेकार कर देते हैं।

2) **औद्योगिक अपशिश्टः**— उद्योगों द्वारा निकला अपशिष्ट जल को दूषित कर देता है और फिर दूषित जल से की गई सिंचाई मृदा के गुणों को नष्ट कर देती है।

3) **नगरीय अपशिश्ट** :— नगरों से निकला कूडा—करकट भूमि का निम्नीकरण करता है और नगरों से निकला जलमल व अपशिष्ट के विषैले रासायनिक पदार्थ आस—पास के क्षेत्रों की मृदा में मिलकर उसे प्रदूषित कर देते हैं।

4) **अम्ल वर्षा**ः— कारखानों से निकलने वाली गंधक अम्लीय वर्षा का कारण है। इससे मृदा में अम्लता बढती है। कोयले की खानों, मोटर वाहनों, ताप बिजली घरों से भारी मात्रा में निकले प्रदूषण मृदा व वायु को प्रदूषित करते है।

5) **खनन गतिविधियाँ**ः— खनन विशेषकर खुला खनन भूमि निम्नीकरण का महत्वपूर्ण कारण है।

**प्र.2. भारत में मलिन बस्तियों** (slums) **की किन्हीं पाँच समस्याओं की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर: 1) इन बस्तियों में रहने वाले लोग ग्रामीण पिछडे इलाकों से प्रवासित होकर रोजगार की तलाश में आते है।

2) जीर्ण–शीर्ण मकान

3) ये बस्तियाँ रेलवे लाइन, सडक के साथ, पार्क या अन्य खाली पडी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके बसायी जाती है।

4) खुली हवा, स्वच्छ पेयजल, शौच सुविधाओं, प्रकाश का सर्वथा अभाव होता है

5) कम वेतन / मजदूरी प्राप्त करने के कारण जीवन स्तर अति निम्न होता है। बच्चों के लिए उचित शिक्षा का खर्च वहन करने में अक्षम।

6) कुपोषण के कारण बीमारियों की संभावना बनी रहती है।

7) गरीबी के कारण नशा व अपराध के कार्यों में लिप्त हो जाते हैं।

8) चिकित्सा सुविधाओं का अभाव

**प्र.3. भू–निम्नीकरण को रोकने / कम करने के उपायों की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर: 1) किसान रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग उचित मात्रा में करें।

2) नगरीय / औद्योगिक गंदे पानी को उपचारित करके पुनः उपयोग में लाया जाये।

3) सड़ी–गली सब्जी व फल, पशु मलमूत्र को उचित प्रौद्योगिकी द्वारा बहुमूल्य खाद में परिवर्तित कर जैविक कृषि को बढ़ावा दिया जाना।

4) प्लास्टिक से बनी वस्तुओं पर प्रतिबन्ध लगे।

5) कूडा–कचरा निश्चित स्थान पर ही डाला जाये ताकि उसका यथासम्भव निपटान हो सके।

6) वृक्षारोपण को बढावा दिया जाये।

7) नियंत्रित चरागाह

8) लोगों को स्थानीय स्तर पर संसाधन सरंक्षण रणनीतियों में शामिल होना चाहिए।

**प्रश्न 4. भारत सरकार ने किन उद्देश्यों के साथ नमामि गंगे कार्यक्रम आरम्भ किया? वर्णन कीजिए।**

उत्तरः i) शहरों में सीवर ट्रीटमेंट की व्यवस्था कराना।

ii) औद्योगिक प्रवाह की निगरानी।

iii) नदियों का विकास।

iv) नदी के किनारों पर वनीकरण जिससे जैव विविधता में वृद्धि हो।

v) नदियों के तल की सफाई।

vi) उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, में 'गंगा ग्राम' का विकास करना।

vii) नदी में किसी भी प्रकार के पदार्थों को न डालना भले ही वे किसी अनुष्ठान से संबंधित हों, इससे प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है। इसके संबंध में लोगों में जागरूकता पैदा करना।

## खंड–घ
## स्रोत आधारित प्रश्न (3)

रमेश अपने गाँव के कुछ सफल उत्प्रवासियों से प्रभावित हुआ, जो लुधियाना में काम कर रहे थे और गाँव में अपने परिवारों को पैसे और उपभोक्ता वस्तुएँ भेजकर पाल–पोस रहे थे। इस तरह परिवार की कंगाली और लुधियाना में नौकरी का भरोसा पाकर वह अपने मित्रो के साथ पंजाब चला आया। उसने 1988 में लुध्यिाना की एक ऊन फैक्ट्ररी में रू 20 प्रतिदिन की मजदूरी पर 6 माह तक काम किया। अपनी इस अल्प आय में वैयक्तिक खर्चों का इंतजाम कर पाने की मुश्किल के साथ–साथ, उसे नई संस्कृति और पर्यावरण के साथ स्वयं को अनुकूलित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। इसके बाद उसने अपने दोस्त के मार्ग दर्शन पर लुधियाना से सूरत में काम करने का निर्णय लिया। सूरत में उसने वेल्डिंग के कार्य करने का कौशल सीखा और इसके बाद वह उसी ठेकादार के साथ अलग–अलग जगहों पर जाता रहता है। हालाँकि रमेश के गाँव में उसकी परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरी है।

प्रश्नः 1 रमेश को अपने गाँव से लुधियाना किसने प्रेरित किया?

उत्तरः परिवार की कंगाली तथा लुधियाना में नौकरी का भरोसा पाकर।

प्रश्नः 2 रमेश को किसके साथ अनुकूलित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

उत्तरः नई संस्कृति और पर्यावरण।

प्रश्नः 3 प्रवास का रमेश की आर्थिक स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ा?

उत्तरः प्रवास के बाद रमेश ने बेहतर आय अर्जित की और अपने परिवार को पैसे भेजे, जिससे उनके आर्थिक हालात में सुधार हुआ।

# स्त्रोत

**केस अध्ययन (A)**

झबुआ जिला मध्य प्रदेश के अति पश्चिमी कृषि जलवायु क्षेत्र में अवस्थित है। यह वास्तव में हमारे देश के सर्वाधिक पाँच पिछडे जिलों में से एक है। जनजातीय जनसंख्या विशेषतः भील का उच्च सांद्रण इसकी विशेषता है। लोग गरीबी के कारण कष्ट झेल रहें, और यह गरीबी जंगल एवं भूमि दोनों संसाधनों के उच्च दर से निम्नीकरण के कारण प्रबलित हो गई है। यहाँ भारत सरकार के 'ग्रामीण विकास' तथा 'कृषि मंत्रालय' दोनों ही से जल संभरण प्रबधन कार्यक्रम फंड अनुदानित है, जिन्हें झबुआ जिले में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है। यह निम्नीकरण को रोकने तथा भूमि की गुणवत्ता को सुधारने में सफल सिद्ध होगा। जल संभरण प्रबंधन कार्यक्रम भूमि, जल तथा वनस्पतियों के बीच संबद्धता को पहचानता है और प्राकृतिक संसधनों के प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता से लोगों के आजीविका को सुधारने का प्रयास करता है। पिछले पाँच वर्षों में, ग्रामीण विकास मंत्रालय से निधि प्राप्त राजीव गांधी मिशन द्वारा क्रियांवित जल संभरण प्रबंधन ने अकेले झबुआ जिले की लगभग 20 प्रतिशत भूमि का उपचार किया है।

झबुआ जिले का पेटलावाड विकास खंड, जिले के सर्वाधिक उत्तरी छोर पर स्थित है तथा सरकार एवं गैर सरकारी संगठनों की साझेदारी तथा जल संभरण प्रबंधन हेतु समुदाय की प्रतिभागिता का सफल और रोचक प्रकरण प्रस्तुत करता है।

झबुआ जिले का पेटलावाड विकास खंड, जिले के सर्वाधिक उत्तरी छोर पर स्थित है तथा सरकार एवं गैर सरकारी संगठनों की साझेदारी तथा जल संभरण प्रबंधन हेतु समुदाय की प्रतिभागिता का सफल और रोचक प्रकरण प्रस्तुत करता है।

पेटलावाड विकास खंड के भील (कारावट गाँव के सतरूंडी बस्ती) समुदाय ने अपना स्वयं का प्रयास करके विस्तृत भागों की साझी संपदा संसाधनों को पुनजीवित किया है। प्रत्येक परिवार ने साझी संपदा में एक पेड़ लगाया और उसे अनुरक्षित किया। इसके साथ ही प्रत्येक परिवार ने चरागाह भूमि पर चारा घास को बोया और कम से कम दो वर्षों तक उसकी सामाजिक घेराबंदी इसके बाद भी, उनका कहना था, इन जमीनों पर कोई खुली चराई नही होगी और पशुओं की आहार पूर्ति हेतु नाँद बनाए जाएँगें और इस प्रकार से उन्हें यकीन था कि जो चरागाह उन्होंने विकसित किए हैं, वे भविष्य में उनके पशओं का सतत पोषण

करते रहेंगे। इस अनुभव का एक रोचक पक्ष यह है कि समुदाय इस चरागाह प्रबंधन प्रक्रिया की शुरूआत करते कि इससे पहले ही पड़ोसी गाँव के एक निवासी ने उस पर अतिक्रमण कर लिया। गाँव वालों ने तहसीलदार को बुलाया और साझी जमीन पर अपने अधिकारों को सुनिश्चित कराया। इस अनुवर्ती संघर्ष को गाँववालों द्वारा सुलझाया गया जिसके लिए उन्होंने साझी चरागाह भूमि पर अतिक्रमण करने वाले दोषी को अपने प्रयोक्ता समूह का सदस्य बनाकर उसे साझी चरागाह भूमि की हरियाली से लाभांश देना आरंभ किया।

प्रश्न1.: झबुआ जिले में गरीबी के प्रबलन के प्रमुख कारण की पहचान करिए।

उत्तर: जंगल एवं भूमि संसाधनों के निम्नीकरण की उचच दर झबुआ जिले में गरीबी के प्रबलन का मुख्य कारण है।

प्रश्न2.: भारत सरकार द्वारा झाबुआ जिले के लोगों की जीवन गुणवत्ता सुधरने के लिए किए गए प्रयासों की समीक्षा कीजिए।

उत्तर: जल संभरण प्रबंधन कार्यक्रम का क्रियान्वयन जो भूमि, जल तथा वनस्पतियों के बीच संबद्धता की पहचान करता है और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता से लोगों की अजीविका को सुधारने का प्रयास करता है।

प्रश्न3.: पेटलावाद विकास खंड में भील समुदाय द्वारा अपनाई गई दो प्रमुख पुनर्जीवन रणनीतियों का उल्लेख कीजिए

उत्तर: 1. प्रत्येक परिवार ने साझी संपदा में एक पेड़ लगाया और उसे अनुरक्षित किया।

2. इसके साथ ही प्रत्येक परिवार चरागाह भूमि पर चारा घास को बोया।

# स्त्रोत

## धारावी–एशिया की विशालतम गंदी बस्ती (स्लम) (B)




'One toilet for 1,440 people at Dharavi'



''बसे सिर्फ बस्ती की परिधि से गुजरती है। ऑटो अपवादस्वरूप भी उसके अंदर नहीं जा सकते। धारावी केंद्रीय मुंबई का एक हिस्सा है जहाँ तिपहिया वाहनों का प्रवेश भी निषेध है। इस गंदी वस्ती से केवल एक मुख्य सड़क गुजरती है। इसे 'नाइटीफुट रोड' के गलत नाम से जाना जाता है। जो अपनी चौडाई में घटकर आधे से कम रह गई है। कुछ एक गलियाँ एवं पंगडंडियाँ इतनी सैकरी हैं कि वहाँ से एक साईकिल गुजरना भी मुश्किल है। समूची बस्ती अस्थायी निर्माण के भवन हैं जो कि दो से तीन मंजिल ऊँची है तथा उनमें जंग लगी लोहे की सीढियाँ ऊपर को जाती हैं जहाँ एक ही कमरे को किराए पर लेकर पूरा परिवार रहता है। कई बार तो यहाँ एक कमरे में 10–12 लोग रहते हुए देखें जा सकते हैं। यह एक प्रकार से विक्टोरिया लंदन के पूर्वी सिरे की औद्योगिक इकाइयों का उत्कट अनुवर्ती संस्करण जैसा है। लेकिन धारावी बहुत ही निराशाजनक रहस्यों का पालक है, अपेक्षाकृत धनाढय मुंबई के निर्माण में इसकी भूमिका है। यहाँ पर छायारहित स्थान वृक्षरहित, सूर्य की रोशनी (धूप), असंगृहीत कचरा, गंदे पानी के ठहरे हुए गडढे, जहाँ केवल अमानवीय प्राणी जैसे काले कौआ और लबें भूरे चूहे के साथ–साथ कुछेक सर्वाधिक सुदरतापूर्ण तथा भारत में निर्मित मूल्यवान परिष्कृत चमडे का काम, उच्च, फैशन, वस्त्रादि, महीन पिरवाँ (राँटमैंटल) का कार्य, उत्कृष्ट आभूषण सेट, लकडी कर पच्चीकारी तथा फर्नीचर आदि भारत एवं दुनिया भर के धनाढयों के घरों तक जाता है। धारावी वस्तुतः सागर का हिस्सा है जोकि व्यापक रूप से कचरे से भरी गई जगह पर है जिसे (कचरा) मुख्यतः यहाँ पर रहने के लिए आने वाले लोगों द्वारा उत्पादित किया गया था जो अधिकतर अनुसूचित जाति और गरीब मुसलमान आदि थे। यहाँ नालीदार चादरों से बनी 20 मीटर ऊँची जगह/भवन इधर–उधर संबद्ध पडी हैं जिनमें खाल एवं चमडा शोधन के कार्य होते है।

प्रश्न 1. गंदी बस्तियों में जीवन की कठिनाइयों को दर्शाने वाले दो प्रमुख सामाजिक या पर्यावरणीय पक्षों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर : 1. पूरा परिवार केवल एक कमरे के मकान में रहता है।

2. घर और गलियाँ बहुत सटे हुए होते हैं जहाँ अकसर रूके हुए गन्दे पानी के गढ्ढे पाए जाते हैं।

प्रश्न 2. धारावी के निवासियों द्वारा अपनाए गए दो पारंपरिक या कारीगरी कार्यों की पहचान कीजिए जो उनकी आजीविका से जुड़े हैं।

उत्तर : 1. फर्नीचर तथा लकड़ी पर नक्काशी करने का काम

2. मृतिका, शिल्प, परिष्कृत चमड़े का काम उच्च फैशन वस्त्रादि का निर्माण

प्रश्न 3. धारावी जैसी बस्ती के आर्थिक योगदान के आधार पर यह स्पष्ट कीजिए कि यह मुंबई की अर्थव्यवस्था में कैसे सहायक हैं।

उत्तर : धनाढ़य मुंबई के निर्माण में इसकी भूमिका है। कुछ बहुत ही, कीमती और उपयोगी सामान यहाँ बनता है। जो देश–विदेशों में जाता है तथा विदेशी मुद्रा का आगमन होता है।

# मानचित्र कार्य
## C.B.S.E.
## के
## पाठ्यक्रम पर आधारित

# संसार के प्रमुख निर्वाहन संग्रहण के क्षेत्र




**संसार के प्रमुख निर्वाहन संग्रहण के क्षेत्र**

A. उत्तरी कनाडा

B. अमेजन बेसिन

C. उष्णकटिबधीय अफ्रीका

D. उत्तरी यूरेशिया

E. द0 पू0 एशिया

F. दक्षिण चिली

# संसार में चलवासी पशुचारण के प्रमुख क्षेत्र




**संसार में चलवासी पशुचारण के प्रमुख क्षेत्र**

A. उत्तरी अफ्रीका

B. अरब प्रायद्वीप

C. दक्षिणी पश्चिमी अफ्रीका

D. मेडागास्कर

E. यूरेशिया का टुंड्रा प्रदेश

F. मंगोलिया

G. मध्य चीन

# संसार के प्रमुख वाणिज्य पशुधन पालन के क्षेत्र




**संसार के प्रमुख वाणिज्य पशुधन पालन के क्षेत्र**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका

B. अर्जेटाईना, युरुग्वे

C. द0 प0 अफ्रीका

D. सोवियत रूस

E. आस्ट्रेलिया

F. न्यूजीलैंड

# संसार मे विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के क्षेत्र




**संसार मे विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के क्षेत्रसंसार मे विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के क्षेत्र**

A. प्रेयरीज – उत्तरी अमेरिका, कनाडियन तथा अमेरिकन

B. स्टेपीज– यूरेशिया

C. पंपाज – अर्जेटाइना

D. वेल्ड्स – दक्षिणी अफ्रीका

E. डाउन्स – आस्ट्रेलिया

F. केंटरबरी – न्यूजीलैंड

# संसार में मिश्रित कृषि के प्रमुख क्षेत्र




**संसार में मिश्रित कृषि के प्रमुख क्षेत्र**

A. उत्तरी अमेरिका का पूर्वी भाग

B. उत्तरी पश्चिमी यूरोप

C. यूरेशिया के भाग

D. दक्षिण महाद्वीपों के समशीतोष्ण अक्षांश वाले प्रदेश

# संसार मे प्रमुख महाद्वीपीय रेलमार्गों के अंतिम सिरों के स्टेशन




संसार के प्रमुख पार महाद्वीपीय रेलमार्गों के अंतिम सिरों के स्टेशन

पार साइबेरियन रेल मार्ग (सेंटपीटर्सबर्ग से ब्लाडिबोस्टक तक)

पार कैनेडियन रेलमार्ग (वेंकुवर से हैलीफैक्स तक)

पार आस्ट्रेलियन रेल मार्ग (पर्थ से सिडनी तक)

# संसार के प्रमुख समुंद्री पत्तन




**संसार के प्रमुख समुंद्री पत्तन**

1. **यूरोप** - नोर्थ केप, लंदन, हैम्बर्ग
2. **उ. अमरीका** - वेंकुवर, सान्फ्रांन्सिसको, न्युआर्लियंस
3. **द. अमरीका** - रि योडिजेनेरो, कोलोन, वेलपराशियो
4. **अफ्रीका** - स्वेज, केपटाउन
5. **एशिया** - याकोहामा, शंघाई, हांगकाग, अदन, करांची, कोलकाता
6. **आस्ट्रेलिया** - पर्थ, सिडनी. मेलबर्न


वृहद झीलें सेंट लारेंस जलमार्ग
GREAT LAKES ST. LAWRENCE SEAWAY
Sept-Îles
Port-Cartier
Baie-Comeau
Gulf of St. Lawrence
Thunder Bay
MINNESOTA
LAKE SUPERIOR
ONTARIO
QUEBEC
Duluth
Sault Ste. Marie locks
St. Lawrence River
Québec
Bécancour
Trois-Rivières
Sorel
MICHIGAN
WISCONSIN
Montréal
Salaberry-de-Valleyfield
Green Bay
LAKE HURON
Prescott
Ogdensburg
LAKE MICHIGAN
Oshawa
Goderich
Toronto
SAINT LAWRENCE SEAWAY
Milwaukee
LAKE ONTARIO
Hamilton
Oswego
Lake St. Clair
Sarnia
ATLANTIC OCEAN
Detroit
Buffalo
NEW YORK
Boston
Chicago
LAKE ERIE
Monroe
Windsor
Erie
Burns Harbor
Toledo
Conneaut
Ashtabula
Lorain
Cleveland
PENNSYLVANIA
New York
ILLINOIS
Ports
INDIANA
OHIO
Philadelphia
0 100 200 300 km


राइन जलमार्ग
नीदरलैंड
रॉटरडैम
राइन नदी
डॉर्टमंड
जर्मनी
डुइसबर्ग
बेल्जियम
कोलोन
कोब्लेंज
फ्रैंकफर्ट
मुख्य नदी
मैंज
50°
मैनहाइम
मोसेल नदी
राइन नदी
नैंसी
स्टूटगार्ट
फ्रांस
स्ट्रासबर्ग
फेरीबर्ग
बेसल
स्विटजरलैंड


SUEZ CANAL
Port Said
Lake Manzala
Mediterranean Sea
Bay of Tinah
Suez Canal
Egypt
Al Qantarah
11 mi
11 km
Egypt
Ismailia
Nafishah
SINAI PENINSULA
Great Bitter Lake
Fa'id
Suez Canal
AFRICA
Egypt
Suez
Gulf of Suez
worldatlas
©GraphicMaps.com

स्वेज नहर


पनामा नहर
अटलांटिक महासागर
कोलोन
गाटुम बाँध और लॉक्स
गाटुम
नहर क्षेत्र
गाटुम झील
प्यूलेब्राकट
पेड्रो मिग्वेल लॉक्स
मीरा फ्लार्स लॉक्स
बलबोआ
पनामा
प्रशांत महासागर
अटलांटिक महासागर
पनामा नहर
कोलंबिया

# संसार के प्रमुख वायु पत्तन




**संसार के प्रमुख वायु पत्तन**

1. **एशिया -** टोक्यो, बीजिंग, मुम्बई, जेददा, अदन
2. **अफ्रीका** - जोहन्सबर्ग, नैरोबी
3. **यूरोप** - लंदन, मास्को, पेरिस, [redacted]र्लिन रोम
4. **उ. अमरीका** - शिकागो, न्यूआर्लियंस, [redacted]क्सिको सिटी
5. **द. अमरीका** - सैंटिआगो, ब्यू[redacted]यर्स
6. **आस्ट्रेलिया** - डारविन, वि[redacted]टन


INDIA
अरुणाचल प्रदेश (सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य)
ARUNACHAL PRADESH (state with lowest population density)
(2011)
बिहार (सबसे अधिक जनसंख्य घनत्व वाला राज्य)
BIHAR(State having highest population density)
(2011)
214


उत्तर प्रदेश
सबसे अधिक गेहूँ और
गन्ना उत्पादक राज्य
गुजरात
सबसे अधिक कपास
उत्पादक राज्य
पश्चिम बंगाल
सबसे अधिक चावल और जूट
उत्पादक राज्य
असम
सबसे अधिक
चाय उत्पादक
राज्य
कर्नाटक सबसे
अधिक कोफी
(कहवा) उत्पादक
राज्य


INDIA (भारत)
Iron Ore Mines
लौह अयस्क खदानें
Bailadila
(बैलाडिला)
Chhattisgarh
(छत्तीसगढ़)
Ratnagiri
(रत्नागिरी)
Maharashtra (महाराष्ट्र)
Mayurbhanj
(मयूरभंज)
Odisha (ओड़िशा)
Bellari
(बेल्लारी)
Karnataka (कर्नाटक)
217


INDIA (भारत)
Manganese Mines
(मैंगनीज़ खदानें)
Balaghat
(बालाघाट)
Madhya Pradesh
(मध्य प्रदेश)
Shimoga
(शिमोगा)
Karnataka
(कर्नाटक)
218


INDIA (भारत)
Copper Mines
(ताम्बा खदानें)
Khetri
(खेतड़ी)
Rajasthan
(राजस्थान)
Hazaribagh
हज़ारीबाग़
Jharkhand
(झारखण्ड)
Singhbhum
(सिंहभूम)
Jharkhand
(झारखण्ड)
219


INDIA (भारत)
Bauxite Mines
(बॉक्साइट खदानें)
Bilaspur
(बिलासपुर)
Katni
(कटनी)
Chhattisgarh
(छत्तीसगढ़)
Madhya Pradesh
(मध्य प्रदेश)
Koraput
(कोरापुट)
Odisha (ओड़िशा)
220


INDIA (भारत)
Coal Mines
(कोयला खदानें)
Raniganj
(रानीगंज)
West Bengal
(पश्चिमी बंगाल)
Jharia (झरिया)
Jharkhand
(झारखण्ड)
Bokaro (बोकारो)
Jharkhand
(झारखण्ड)
Neyveli
(नेवेली)
TamilNadu
(तमिलनाड)
221


INDIA (भारत)
Oil Refineries
(तेल शोधनशालाएं)
Mathura
(मथुरा)
Uttar Pradesh
(उत्तर प्रदेश)
Barauni
(बरौनी)
Bihar
(बिहार)
Jamnagar
(जामनगर)
Gujarat
(गुजरात)
222


INDIA (भारत)
Major Sea Ports
(प्रमुख समुद्री पत्तन)
पश्चिमी बंगाल(West Bengal)
Haldia
(हल्दिया)
Kandla
(कांडला)
Gujarat(गुजरात)
Mumbai
(मुंबई)
Maharashtra(महाराष्ट्र)
Paradweep
पाराद्वीप
Odisha(ओड़िशा)
Marmgao
(मार्मगाओ)
Goa(गोवा)
Visakhapatnam
(विशाखापत्तनम)
Andhra Pradesh(आंध्र प्रदेश)
New Mangalore
(न्यू मंगलुरु)
Karnataka(कर्नाटक)
Chennai (चेन्नई)
TamilNadu(तमिलनाडु)
Tuticorin
(तूतीकोरीन)
TamilNadu(तमिलनाडु)
Kochchi
(कोच्ची)
Kerala(केरल)
224


INDIA(भारत)
Major Air Ports
प्रमुख वायु पत्तन
Amritsar(अमृतसर)
Punjab (पंजाब)
Delhi (दिल्ली)
Guwahati (गुवाहाटी)
Assam (असम)
Ahmedabad(अहमदाबाद)
Gujarat(गुजरात)
Kolkata(कोलकाता)
West Bengal(पश्चिमी
बंगाल)
Mumbai(मुंबई)
Maharashtra(महाराष्ट्र)
Hyderabad(हैदराबाद)
Andhra
Pradesh(आंध्र प्रदेश)
Bengaluru(बेंगलुरु)
Karnataka(कर्नाटक)
Chennai (चेन्नई)
Tamilnadu ( तमिलनाडु)
Thiruvananthapuram
(तिरुवनंतपुरम)
Kerala (केरल)
225

# नमूना प्रश्न पत्र भूगोल (029)
## कक्षाः बारहवीं

समयः 3 घंटे | अधिकतम अंकः 70

*सामान्य निर्देश :*

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :***

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(ii) *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड-क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

(iii) ***खण्ड – क** : प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(iv) ***खण्ड – ख** : प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

(v) ***खण्ड – ग** : प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

(vi) ***खण्ड – घ** : प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

(vii) ***खण्ड – ङ** : प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है।*

(viii) *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

(ix) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड-क के अतिरिक्त अन्य खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

### खण्ड – क

**प्रश्न संख्या 1 से 17 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं।** **(17 × 1 = 17)**

1. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए। **1**

**अभिकथन (A)** : सभी विनिर्माण उद्योग कच्चे माल के साथ जुड़े हुए हैं।

**कारण (R)** : संसाधन मनुष्य के जीवित रहने के लिए आवश्यक हैं।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) दोनों (A) तथा (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

2. निम्नलिखित में से कौन से खनन से सम्बन्धित कथन सही हैं ? सही विकल्प चुनिए । **1**

i. प्राचीनकाल में खनिजों का उपयोग औज़ार तथा हथियार बनाने के लिए किया जाता था ।

ii. सभी विकसित देश अपने विकास के लिए अधिक खनिजों को निकालते हैं ।

iii. खनन का वास्तविक विकास औद्योगिक क्रांति के पश्चात हुआ ।

iv. खनिजों की खोज की कई अवस्थाएँ हैं ।

**विकल्प :**

(A) केवल ii, iii और iv सही हैं । (B) केवल i, ii और iv सही हैं ।

(C) केवल i, iii और iv सही हैं । (D) केवल i, ii और iii सही हैं ।

3. निम्नलिखित में से चतुर्थक क्रियाकलाप की प्रमुख विशेषता की पहचान कीजिए : **1**

(A) विकास के लिए यह खनिजों को निकालने से संबंधित है ।

(B) यह कच्चे माल को तैयार उत्पाद में बदलकर उसके मूल्य में वृद्धि करने से संबंधित है ।

(C) यह अनुसंधान एवं विकास से संबंधित है ।

(D) यह समाज के सभी लोगों की सेवा से संबंधित है ।

4. एशिया के निम्नलिखित वायुपत्तनों को उनकी अवस्थितियों के आधार पर पश्चिम से पूर्व व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।

i. बीजिंग ii. टोक्यो

iii. अदन iv. मुंबई **1**

**विकल्प :**

(A) iv, iii, ii और i (B) iv, iii, i और ii

(C) iii, iv, ii और i (D) iii, iv, i और ii

5. एक पत्तन के द्वारा निर्यात की जाने वाली वस्तुएँ पहले विभिन्न देशों से लाई जाती हैं । इस प्रकार के पत्तन को __________ के रूप में जाना जाता है । **1**

(A) विस्तृत पत्तन (B) बाह्य (आउट) पत्तन

(C) आंत्रपो पत्तन (D) पैकेट स्टेशन

6. भारत के तेलशोधन कारखानों को दक्षिण से उत्तर दिशा में उनकी अवस्थितियों के आधार पर व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

i. मुंबई ii. कोच्चि

iii. कयाली iv. मंगलूरु

**विकल्प :**

(A) ii, iv, iii और i (B) ii, iv, i और iii

(C) iv, ii, i और iii (D) iv, ii, iii और i

7. राजस्थान नहर के प्रथम चरण के निर्माण के जिले की पहचान कीजिए । **1**

(A) जैसलमेर (B) बाड़मेर

(C) जोधपुर (D) गंगानगर

8. निम्नलिखित में से गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) के मुख्य उद्देश्य की पहचान कीजिए । **1**

(A) अपने डिपो में प्राकृतिक गैस का परिवहन एवं संचय करना ।

(B) गैस का प्रसंस्करण और विभिन्न राज्यों को आवंटन करना ।

(C) प्राकृतिक गैस का परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन करना ।

(D) अधिक लाभ के लिए भंडारित प्राकृतिक गैस की बिक्री करना ।

9. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

**अभिकथन (A)** : भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में जल परिवहन एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

**कारण (R)** : भारत के पश्चिम तट की अपेक्षा पूर्वी तट पर अधिक पत्तन हैं ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) तथा (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों (A) तथा (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

10. 'स्वच्छ भारत मिशन' के बारे में निम्नलिखित तथ्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

i. यह शहरों के नवीकरण मिशन का हिस्सा है ।

ii. इसका शुभारंभ भारत सरकार ने किया ।

iii. यह शहरी क्षेत्र में हरियाली को बढ़ाने से संबंधित है ।

iv. इसका उद्देश्य शहरी झुग्गी बस्तियों (slums) में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है ।

**विकल्प :**

(A) केवल i, ii और iii सही हैं । (B) केवल ii, iii और iv सही हैं ।

(C) केवल i, ii और iv सही हैं । (D) केवल i, iii और iv सही हैं ।

11. निम्नलिखित में से ध्वनि के माप की इकाई की पहचान कीजिए । **1**

(A) कण प्रति सौ (B) डेसीबल

(C) कण प्रति हजार (D) नैनोमीटर

12. निम्नलिखित क्षेत्र और उनकी विशेषता से संबंधित सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए । **1**

| | **(क्षेत्र)** | | **(विशेषताएँ)** |
|---|---|---|---|
| (A) | झाबुआ जिला | – | भील जनजाति |
| (B) | दौराला मेरठ | – | गद्दी जनजाति |
| (C) | भरमौर तहसील | – | जीर्ण-शीर्ण घर |
| (D) | धारावी मुंबई | – | भौमजल प्रदूषण |

13. "कुछ निम्नकोटि भूमियाँ मानवीय प्रक्रियाओं से कृषि के अयोग्य हुई हैं ।" कथन से सम्बन्धित सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

i. स्थानांतरित कृषिजनित क्षेत्र ii. तटीय मैदान

iii. क्षरित चरागाह iv. भाबर क्षेत्र

**विकल्प :**

(A) केवल ii (B) दोनों ii तथा iv

(C) केवल iii (D) दोनों i तथा iii

14. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

अनुमान है कि 2050 तक विश्व की ________ जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में रहेगी । 1

(A) एक चौथाई (B) आधी

(C) दो तिहाई (D) तीन चौथाई

निम्नलिखित तालिका और अनुच्छेद को पढ़िए और प्रश्न **15** से **17** का उत्तर लिखिए ।

**मानव विकास की अंतर्राष्ट्रीय तुलनाएँ**

***मानव विकास संवर्ग***

| **मानव विकास का स्तर** | **मानव विकास सूचकांक का स्कोर** |
|---|---|
| अति उच्च | 0.800 से ऊपर |
| उच्च | 0.700 से 0.799 के बीच |
| मध्यम | 0.550 से 0.699 के बीच |
| निम्न | 0.549 से नीचे |

उच्च मानव विकास वाले देशों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराना प्राथमिकता है । वे सामाजिक खंड में बहुत निवेश कर रहे हैं । लोगों और सुशासन में उच्चतर निवेश ने इस वर्ग के देशों को अन्य देशों से सर्वथा अलग कर दिया है ।

मानव विकास के मध्यम स्तर वाले अधिकांश देशों का विकास द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की अवधि में हुआ है । इनमें से अनेक देश अधिक लोकोन्मुखी नीतियों को अपनाकर तथा सामाजिक भेदभाव को दूर करके तेजी से अपने मानव विकास स्कोर में सुधार कर रहे हैं ।

15. उच्च मानव विकास वाले देशों के साथ सबसे महत्त्वपूर्ण कारक ______ लागू होता है । 1

(A) सामाजिक क्षेत्रक में अधिकतम निवेश (B) सेवा क्षेत्रक में अधिकतम निवेश

(C) औद्योगिक विकास में अधिकतम निवेश (D) कृषि विकास में अधिकतम निवेश

16. मानव विकास के मध्यम स्तर वाले देशों में अधिक सुधार ______ चिह्नित होता है । 1

(A) विकास संबंधित नीतियों द्वारा (B) पर्यावरण संबंधित नीतियों द्वारा

(C) आर्थिक तंत्र आधारित नीतियों द्वारा (D) समाज आधारित नीतियों द्वारा

17. निम्नलिखित में से कौन सा अंक मानव विकास सूचकांक के मध्यम श्रेणी के सीमान्तर को दर्शाता है ? 1

(A) 0.049 (B) 0.099

(C) 0.149 (D) 0.199

**खण्ड – ख**

**प्रश्न संख्या 18 एवं 19 स्रोत–आधारित प्रश्न हैं ।** **(2 × 3 = 6)**

18. निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**मुक्त व्यापार की स्थिति**

व्यापार हेतु अर्थव्यवस्थाओं को खोलने का कार्य मुक्त व्यापार अथवा व्यापार उदारीकरण के रूप में जाना जाता है । यह कार्य व्यापारिक अवरोधों जैसे सीमा शुल्क को घटाकर किया जाता है । घरेलू उत्पादों एवं सेवाओं से प्रतिस्पर्धा करने के लिए व्यापार उदारीकरण सभी स्थानों से वस्तुओं और सेवाओं के लिए अनुमति प्रदान करता है ।

भूमंडलीकरण और मुक्त व्यापार विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को उन पर प्रतिकूल प्रतिबंध थोपते हुए तथा उन्हें विकास के समान अवसर न देकर बुरी तरह से प्रभावित कर सकते हैं । परिवहन एवं संचार तंत्र के विकास के साथ ही वस्तुएँ एवं सेवाएँ पहले की अपेक्षा तीव्र गति से एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँच सकती हैं । किंतु मुक्त व्यापार को केवल संपन्न देशों के द्वारा ही बाज़ारों की ओर नहीं ले जाना चाहिए

बल्कि विकसित देशों को चाहिए कि वे अपने स्वयं के बाज़ारों को विदेशी उत्पादों से संरक्षित रखें ।

देशों को भी डंप की गई वस्तुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि मुक्त व्यापार के साथ इस प्रकार की सस्ते मूल्य की डंप की गई वस्तुएँ घरेलू उत्पादकों को नुकसान पहुँचा सकती हैं ।

(18.1) 'व्यापार उदारीकरण' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । **1**

(18.2) 'भूमंडलीकरण' और 'मुक्त व्यापार' ने विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को किस प्रकार प्रभावित किया है ? **1**

(18.3) 'मुक्त व्यापार' के नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए विकासशील देशों को क्या करना चाहिए ? किन्हीं दो उपायों का उल्लेख कीजिए । **½ + ½ = 1**

19. 'ऑस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग' मानचित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :




(19.1) महाद्वीप के किस भाग में यह रेल–लाइन स्थित है ? **1**

(19.2) इस रेलमार्ग के स्टेशनों की पहचान कीजिए जो 'A' तथा 'B' के रूप में अंकित हैं। **½ + ½ = 1**

(19.3) इस रेलमार्ग के सबसे पूर्व और सबसे पश्चिम में स्थित सिरे के स्टेशनों के नाम लिखिए। **½ + ½ = 1**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है।**

19. 'ऑस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग' की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **3**

## खण्ड – ग

**प्रश्न संख्या 20 से 23 लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं ।** **(4 × 3 = 12)**

20. (a) "प्रकृति और मनुष्य जटिलता से आपस में जुड़े हुए हैं ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । **3**

**अथवा**

(b) "मनुष्य प्रकृति प्रदत्त अवसरों का उपयोग करता है ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए । **3**

21. ग्रामीण और नगरीय बाज़ार केन्द्रों में उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए । **3**

22. भारत में सतत पोषणीय विकास के लिए ऊर्जा के अपरंपरागत स्रोतों का उपयोग क्यों करना चाहिए ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **3**

23. निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **3**

***भारत – नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ 1961-2011***

| वर्ष | नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या | नगरीय जनसंख्या (हज़ारों में) | कुल नगरीय जनसंख्या का % | दशकीय वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | 26.41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |
| 2011 | 6,171 | 3,77,000 | 31.16 | 31.08 |

(23.1) किस जनगणना वर्ष में नगरीय जनसंख्या की दशकीय वृद्धि सबसे अधिक दर्ज की गई है ?

(23.2) भारत में नगरीय जनसंख्या की बढ़ती हुई प्रवृत्ति की व्याख्या कीजिए ।

(23.3) भारत में निरंतर बढ़ती हुई नगरों की संख्या का विश्लेषण कीजिए ।

## खण्ड – घ

**प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं ।** **(5 × 5 = 25)**

24. आप्रवास और उत्प्रवास शब्दों को परिभाषित कीजिए । विश्व में जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त का विश्लेषण कीजिए । **2 + 3 = 5**

25. (a) "उद्योगों की अवस्थिति को निश्चित करने में परिवहन लागत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।" उदाहरणों सहित इस कथन को न्यायोचित ठहराइए । **5**

**अथवा**

(b) "डेरी कृषि कार्य नगरीय एवं औद्योगिक केन्द्रों के समीप किया जाता है ।" उदाहरणों सहित इस कथन को न्यायोचित ठहराइए । **5**

26. (a) 'लक्ष्य क्षेत्र नियोजन' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । विकास के लिए 'लक्ष्य क्षेत्र नियोजन' की आवश्यकता का विश्लेषण कीजिए । **1 + 4 = 5**

**अथवा**

(b) 'प्रादेशिक नियोजन' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । भरमौर क्षेत्र में 'समन्वित जनजातीय विकास परियोजना' के परिणामों का मूल्यांकन कीजिए । **1 + 4 = 5**

27. (a) "भारतीय रेल ने माल एवं यात्री परिवहन को सुगम बनाने के साथ आर्थिक वृद्धि में भी योगदान दिया है ।" उपयुक्त तर्कों के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) "सफल अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए भारतीय पत्तनों का निरंतर विकास हो रहा है ।" उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए । **5**

28. (a) किशोर एवं युवाओं के समग्र विकास के लिए भारत की 'राष्ट्रीय युवा नीति' का मूल्यांकन कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) भारत में किशोर एवं युवाओं के समग्र विकास के लिए उपाय सुझाइए । **5**

**खण्ड – ङ**

**प्रश्न संख्या 29 एवं 30 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।** **(2 × 5 = 10)**

29. दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं **पाँच** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : **5 × 1 = 5**

A. एक प्रमुख समुद्री-पत्तन

B. एक प्रमुख वायु-पत्तन

C. एक आंतरिक जल-मार्ग

D. चलवासी पशुचारण का एक प्रमुख क्षेत्र

E. वाणिज्य पशुधन पालन का एक प्रमुख क्षेत्र

F. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक प्रमुख क्षेत्र

G. मिश्रित कृषि का एक प्रमुख क्षेत्र

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं। किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए :** **5 × 1 = 5**

29.1 दक्षिण अफ्रीका के प्रमुख समुद्री–पत्तन का नाम लिखिए।

29.2 ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख वायु–पत्तन का नाम लिखिए।

29.3 अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ने वाले आन्तरिक जलमार्ग का नाम लिखिए।

29.4 एशियाई प्रायद्वीप का नाम लिखिए जहाँ पर चलवासी पशुचारण किया जाता है।

29.5 दक्षिण अमेरिका के वाणिज्य पशुधन पालन के प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए।

29.6 ऑस्ट्रेलिया के विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए।

29.7 अफ्रीका के मिश्रित कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए।

30. दिए गये भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं **पाँच** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : **5 × 1 = 5**

30.1 न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य (2011)

30.2 गन्ना उत्पादन में अग्रणी राज्य

30.3 गुजरात में एक प्रमुख समुद्री–पत्तन

30.4 झारखण्ड में ताँबा खनन का एक केन्द्र

30.5 मध्य प्रदेश में मैंगनीज खनन का एक केन्द्र

30.6 महाराष्ट्र में लौह–अयस्क खनन का एक केन्द्र

30.7 कर्नाटक में एक अंतर्राष्ट्रीय वायु–पत्तन

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं। किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए :** **5 × 1 = 5**

30.1 न्यूनतम जनसंख्या घनत्व (2011) वाले राज्य का नाम लिखिए।

30.2 गन्ना उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

30.3 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गुजरात में प्रमुख समुद्री–पत्तन स्थित है।

30.4 झारखण्ड में स्थित ताँबा खनन केन्द्र का नाम लिखिए।

30.5 मध्य प्रदेश में स्थित मैंगनीज खनन केन्द्र का नाम लिखिए।

30.6 महाराष्ट्र में स्थित लौह–अयस्क खनन केन्द्र का नाम लिखिए।

30.7 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ कर्नाटक में अंतर्राष्ट्रीय वायु–पत्तन स्थित है।

प्रश्न सं. **29** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **29**

Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें



Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें

प्रश्न सं. **30** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **30**



# नोट्स